


उत्तर प्रदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

हर गांव में एक-एक वोट पर चौतरफा... 05 | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार तेज... 10





# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 107
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
सोमवार | 29 जनवरी, 2024


# भ्रष्टाचार पर प्रहार का सबसे कारगर मंत्र है तकनीक : योगी आदित्यनाथ



- स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत गोविवि में स्मार्टफोन-टैबलेट वितरण समारोह
- तकनीक के प्रयोग से पूरी तरह भ्रष्टाचार मुक्त हुई प्रदेश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तकनीक का प्रयोग आज योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन तथा जीवन के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। तकनीक, भ्रष्टाचार पर प्रहार का सबसे कारगर मंत्र है। तकनीक के इस्तेमाल से युवाओं को समयानुकूल सक्षम, समर्थ बनाने के साथ ही उन्हें आत्मनिर्भरता की तरफ अग्रसर करने के लिए प्रदेश सरकार दो करोड़ युवाओं को स्मार्टफोन-टैबलेट उपलब्ध कराने के लक्ष्य की प्राप्ति की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री रविवार अपराह्न दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत विद्यार्थियों में स्मार्टफोन-टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस समारोह में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालययों के करीब एक हजार विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। 15 विद्यार्थियों को सीएम योगी के हाथों स्मार्टफोन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं को तकनीक के महत्व को समझाते हुए कई व्यावहारिक उदाहरण दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली 2017 के पहले भ्रष्टाचार की चपेट में थी। कुशीनगर, गोरखपुर, देवरिया, सोनभद्र, चित्रकूट जैसे जिलों में राशन के अभाव में, भूख के कारण लोगों की मौत हो जाती थी। सांसद के रूप में वहां पहुंचने पर पता चलता था कि गरीबों को राशन नहीं मिलता था। उनके नाम से उठा राशन, सशक्त माफिया हड़पकर बेच देते थे। एफसीआई की गोदाम से निकलने के साथ ही खाद्यान्न प्रदेश के बाहर यहां तक कि दूसरे देशों तक पहुंच जाता था। 19 मार्च 2017 को मुख्यमंत्री बनने के एक सप्ताह बाद ही उन्होंने प्रदेश की अस्सी हजार राशन की दुकानों पर छापेमारी कराई तो तीस लाख फर्जी राशन कार्डों का पता चला। इसके बाद राशन की सभी दुकानों को तकनीकी के इस्तेमाल से, पॉइंट ऑफ सेल से जोड़ दिया गया। राशन कार्ड को आधार से संबद्ध कर दिया गया। इसका परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली देश में सबसे अच्छी है।

### पूर्व नियोजन से संभाला अयोध्या के जनसमुद्र को

सीएम योगी ने कहा कि जब अयोध्या में विकास कार्य हो रहे थे तब सवाल होता था कि आखिर इतना पैसा क्यों खर्च किया जा रहा है। श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद वहां आस्था का जनसमुद्र उमड़ रहा है। विकास कार्यों, चौड़ी सड़कों के जरिये यह पूर्व नियोजन ही था कि वहां प्रतिदिन लाखों लोगों को सुविधा व सहूलियत के साथ संभाला जा रहा है। इसी तरह गोरखपुर में चौड़ी सड़कों के हो जाने से गोरखनाथ मंदिर के खिचड़ी मेले की भीड़ से किसी को असुविधा नहीं होती।

### पीएम मोदी के पंच प्रण का अनुसरण करें

सीएम योगी ने सभी युवाओं का आह्वान किया कि वे आजादी के अमृत वर्ष महोत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र द्वारा दिए गए पंच प्रण का मंथन का उसका अपने जीवन मे अनुसरण करें। पंच प्रण के ध्येय वाक्यों आत्मनिर्भर भारत, गुलामी के अंश की समाप्ति, विरासत का सम्मान, एकता और एकात्मकता और नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन को अनुभव आधारित उदाहरण से समझाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए ये पंच प्रण अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

### सीएम योगी के मार्गदर्शन में ज्ञान का केंद्र बन गया गोरखपुर : रविकिशन

कार्यक्रम में सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में गोरखपुर ज्ञान का केंद्र बन गया है। वह युवाओं की पढ़ाई और रोजगार को लेकर सतत चिंतन करते रहते हैं। युवाओं को समय के अनुरूप सक्षम बनाने के लिए उन्होंने स्मार्टफोन-टैबलेट वितरण की योजना शुरू की है। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और विश्वविद्यालय की प्रगति यात्रा का उल्लेख किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती साधना सिंह, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक फतेह बहादुर सिंह, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह आदि भी उपस्थित रहे।



### सिर्फ डिग्री बांटने के केंद्र न बनें शिक्षण संस्थान

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक लंबे दौर तक विश्वविद्यालय एवं अन्य उच्च शिक्षण संस्थान सिर्फ डिग्री, डिप्लोमा बांटने वाले टापू बनकर रह गए थे। उन्हें इससे बाहर निकालने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति दी है। इस नीति से जुड़कर संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे विद्यार्थियों को पारंपरिक पाठ्यक्रम का ज्ञान देने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। उन्होंने बताया कि सरकार की तरफ से दिए जा रहे स्मार्टफोन को केंद्र व राज्य सरकार की कई योजनाओं की जानकारी से भी जोड़ा गया है। युवा इसके जरिये पीएम स्टार्टअप योजना, स्टैंडअप योजना, मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना को जानकर आत्मनिर्भरता की राह भी चुन सकते हैं। इसमें बालिकाओं के लिए भी कई स्कीम जुड़ी है।

### अध्ययन के लिए आगे आएं उच्च शिक्षण संस्थान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब भी कोई बड़ी इंडस्ट्री लगती है तो उसकी स्थापना के पहले सामाजिक प्रभाव अध्ययन किया जाता है। इस पर देश-दुनिया की कुछ बड़ी कम्पनियों का एकाधिकार सा है। वे मोटी फीस लेती हैं। उन्होंने कहा कि क्या ये अध्ययन अपने यहां के उच्च शिक्षण संस्थान नहीं कर सकते। ऐसा होने पर उनको आर्थिक लाभ तो होगा ही, इस अध्ययन से जुड़कर कई युवाओं को भी मानदेय मिल सकता है। मुख्यमंत्री ने शिक्षण संस्थानों को इंडस्ट्री से जुड़कर विद्यार्थियों को सीएम इंटर्नशिप योजना से जोड़ने की भी नसीहत दी। कहा कि इस योजना में आधा मानदेय सरकार देती है और आधा इंडस्ट्री।

### दो देशों के युद्ध में भी देख सकते हैं अपने लिए मार्ग

सीएम योगी ने युद्ध प्रभावित देशों रूस, इजराइल, साउथ कोरिया, जर्मनी आदि के हालात की चर्चा करते हुए कहा कि युद्ध के बाद निर्माण का दौर भी आता है। दो देशों के युद्ध के बीच अपने लिए सकारात्मक मार्ग देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम इन देशों में निर्माण के लिए अपनी भूमिका देख सकते हैं। इजराइल आदि देशों से कुशल भारतीय मानव संसाधन की बहुत मांग है। यूपी से पांच हजार लोग भेजे जा रहे हैं। वहां रहना-खाना मुफ्त होगा, महीने में सवा से डेढ़ लाख रुपये पारिश्रमिक मिलेगा। वहां जाने वाले लोग कमाई कर रकम भारत भेजेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के देशों में मानव संसाधन की मांग के अनुरूप हमें खुद को तैयार करना होगा।

### सीएम योगी ने किया ई-पत्रिका गोरख पथ का विमोचन


कार्यक्रम के मंच से सीएम योगी ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के महायोगी गुरु श्रीगोरक्षनाथ शोधपीठ की ई-पत्रिका गोरख पथ का भी विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम जहां रहते हैं, वहां के इतिहास को जरूर जानना चाहिए। परंपरा की जानकारी से न केवल गौरव की अनुभूति होती है बल्कि वर्तमान के साथ उज्ज्वल भविष्य की भी प्रशस्ति होती है।

### विद्यार्थियों से पूछा, कैसी चल रही पढ़ाई-तैयारी

स्मार्टफोन वितरण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच पर विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में भी पूछा। इस बीच प्रिंस विश्वकर्मा नामक एक ऐसा युवा स्मार्टफोन प्राप्त करने पहुंचा जो एक हाथ से दिव्यांग है। उसे देखकर सीएम भावुक हो गए। सीएम ने उससे पूछा क्या कर रहे हो। प्रिंस ने बताया कि वह बीए की पढ़ाई के बाद रेलवे की तैयारी कर रहा है। मुख्यमंत्री ने उसकी पीठ थपथपाकर कहा, खूब मन लगाकर तैयारी करो।

## नीतीश कुमार ने नौंवी बार ली बिहार के सीएम पद की शपथ

- समर्थकों ने मंत्रियों के शपथ ग्रहण के बाद जमकर नारे भी लगाए



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

बिहार में सियासी उलटफेर की अटकलें एक बार फिर सही साबित हुईं। नीतीश कुमार ने रविवार सुबह वही किया, जिसका पिछले दिनों से अंदाजा लगाया जा रहा था। रविवार सुबह उन्होंने राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर को इस्तीफा सौंप दिया। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि वे महागठबंधन से अलग होने का फैसला कर चुके हैं। इसके बाद शाम होते-होते उन्होंने नौंवी बार भाजपा के समर्थन से सीएम पद की शपथ भी ले ली।

### बिहार में अब आगे क्या?

जदयू का भाजपा से गठबंधन तय है। नीतीश कुमार ने राज्यपाल को भाजपा के समर्थन का पत्र सौंप दिया है। राज्यपाल ने समर्थन पत्र स्वीकार कर लिया है। इसके बाद साफ हो गया है कि बिहार में नीतीश कुमार एक बार फिर भाजपा के समर्थन में सरकार बनाएंगे। विधानसभा में भाजपा के 78, जदयू के 45 और हम के 4 विधायक हैं। 243 सदस्यीय विधानसभा में तीनों दलों को मिलाकर यह आंकड़ा 127 होता है, जो बहुमत के 122 के आंकड़े से पांच ज्यादा है। उधर, नजरें राजद और खासकर लालू प्रसाद और तेजस्वी के बयानों पर रहेंगी। अतीत में जब नीतीश ने राजद से नाता तोड़ा था, तब आपसी तल्खी चरम पर पहुंच गई थी।

### पीएम ने दी बधाई

बिहार में बनी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार राज्य के लोगों की आकांक्षा को पूरा करने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगी। नीतीश कुमार के साथ-साथ उनकी सरकार में डिप्टी सीएम पद की शपथ लेने वाले सम्राट चौधरी औप विजय सिन्हा को भी बधाई।

### पीएम के संदेश पर सीएम नीतीश का जवाब

प्रधानमंत्री के शुभकामना संदेश पर सीएम नीतीश ने कहा, वे बिहार की जनता की तरफ से वे पीएम मोदी का आभार प्रकट करते हैं। सीएम नीतीश ने कहा कि वे सहयोग के लिए दिल से आभारी हैं। नीतीश ने भरोसा जताया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार बनने से प्रदेश का विकास तेज होगा।

### तीसरी बार आये भाजपा के साथ

- 1996 में नीतीश ने भाजपा से पहली बार गठबंधन किया था। 3 मार्च 2000 को सीएम बने, लेकिन बहुमत नहीं जुटा पाने की वजह से पद छोड़ा और अटलजी की सरकार में केंद्र में रेल मंत्री बने।
- 1996 से 2013 तक नीतीश भाजपा के साथ रहे। जब नरेंद्र मोदी को भाजपा ने प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया तो वे एनडीए से अलग हो गए। 2015 में महागठबंधन की सरकार में सीएम रहे।
- दूसरी बार वे 2017 में एनडीए में लौटे और भाजपा की मदद से सरकार बनाई।
- 2024 में अब वे तीसरी बार भाजपा की मदद से मुख्यमंत्री बने। 28 साल में तीसरी बार वे भाजपा के साथ हैं।






## यूपी में आठ आईपीएस व 54 पीपीएस अफसरों के तबादले

- मनोज कुमार रावत को अपर पुलिस अधीक्षक गोंडा के पद पर नियुक्त किया

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

यूपी में रविवार को आठ आईपीएस और 54 पीपीएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। आईपीएस अभिनव त्यागी को अपर पुलिस अधीक्षक, कुशीनगर के पद पर तैनाती दी गई है। आईपीएस आदित्य बंसल को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, मुजफ्फरनगर बनाया गया है। इसी तरह आईपीएस चिराग जैन को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, आजमगढ़ के पद पर नियुक्त किया गया है। आईपीएस विक्रम दहिया को पीलीभीत का अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। आईपीएस अनुकृति शर्मा की नियुक्ति अपर पुलिस अधीक्षक संभल के पद पर की गई है। आईपीएस अभिजीत कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर नियुक्त किया गया है। आईपीएस मानुष पारिक को अपर पुलिस अधीक्षक अंबेडकरनगर के पद पर तैनाती दी गई है। आईपीएस मनोज कुमार रावत को अपर पुलिस अधीक्षक गोंडा के पद पर नियुक्त किया गया है।

























# मां कालिका देवी क्रिकेट चैलेंज कप पुरवा तरौहां को हराकर बदौसा बना चैम्पियन

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

सदर ब्लॉक के पुरवा तरौहां में मां कालिका देवी क्रिकेट चैलेंज कप फाइनल मुकाबला बदौसा और मेजबान टीम पुरवा तरौहां के बीच हुआ। जिसमे बदौसा ने पुरवा तरौहां को हराकर मां कालिका देवी चैलेंज कप 2024 का खिताब अपने नाम किया।

टॉस जीतकर पहले पहले बल्लेबाजी करते हुए बदौसा टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 218 रन का विशाल लक्ष्य दिया। जिसमें मनोज ने शतकीय पारी खेली और 71 बाल में शानदार 118 रन बनाए। बादल ने 13 रन का योगदान किया। पुरवा तरौहां के मयंक ने 3, अमरजीत ने 2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुरवा तरौहां टीम शुरुआत ठीक रही रावेंद्र ने 42 मयंक ने 30 रन की पारी खेली, लेकिन बदौसा टीम की धारदार गेंदबाजी के आगे पुरवा तरौहां के विकेट थोड़े -थोड़े अंतराल में गिरते रहे। जिसके कारण पुरवा तरौहां टीम 135 के स्कोर पर ढेर हो गयी और बदौसा ने 83 रन से जीत हासिल कर मां कालिका देवी चैलेंज कप 2024 पर कब्जा कर लिया। विजेता का पुरस्कार 31 हजार और ट्रॉफी कमेटी के मुख्य संरक्षक रामकरण त्रिपाठी



(बब्बू महाराज), लवलेश प्रधान (जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा भाजपा) द्वारा बदौसा के कप्तान दद्दू प्रसाद व उपविजेता का पुरस्कार 15 हजार और ट्रॉफी मोहन लाल वर्मा (ग्राम प्रधान), सुभाष चंद्र मिश्र (समाजसेवी), राजेन्द्र त्रिवेदी (जिलाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद) ने पुरवा तरौहां के कप्तान रोहित यादव को दिया।

टूर्नामेंट में 12 विकेट और 70 रन बनाने वाले अखिल कुमार को मैन ऑफ द सीरीज (रेंजर साइकिल)का पुरस्कार डॉ मेराज सिद्दीकी ने दिया। फाइनल मैच में 71 बाल में 118 रन बनाने वाले मनोज को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार घड़ी गोरेलाल गौतम ने द्वारा दिया गया। मैच के दौरान मैदान 5 हजार से ज्यादा संख्या में दर्शक मौजूद रहे। स्मार्ट फिल्म्स प्रोडक्शन, रौनक इन्फोटेक, स्मार्ट विजन, दृश्यम विजुअल्स, वेडिंग गुरु, मिथलेश कुशवाहा (टेंट), कल्लू वर्मा (साउंड सर्विस), संदीप त्रिपाठी (बांस बल्ली), रामदत्त मिश्र (जनरेटर) अंडर-14 टूर्नामेंट कमेटी, ललित त्रिपाठी, अंकुर त्रिवेदी, अजय यादव, गौरव मिश्रा, शरीफ हसन, पवन मिश्रा, हिमान्शु त्रिवेदी, रमेश मिश्रा, इब्रान, गोपाल मिश्र, पुनीत, रामकुमार, ओमशंकर, धीरज प्रजापति, राम प्रकाश यादव, चंद्रशेखर वर्मा एवं सभी संरक्षक व सहयोगियो का टूर्नामेंट को सफल बनाने में बहुत ही सराहनीय योगदान रहा।

# राम कथा का उदाहरण देते हुए भ्रातृत्व प्रेम को बताया परिवार की जड़

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

संवेदना सेवा न्यास की चल रही श्रीराम कथा महोत्सव में भक्तों का गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। रामचरित मानस रूपी सरोवर में डुबकी लगा रहे श्रद्धालु पूरी तरह राममय हो गये है। आचार्य शांतनु जी महाराज ने प्रभु श्रीराम जन्म का वर्णन किया और उनके शिक्षा दीक्षा की कथा सुनाते हुये भक्तों को मर्यादित जीवन जीने का आहवान किया। सम्राट अशोक तिराहा स्थित मंडप गेस्ट हाउस के सामने वीआईपी रोड में सजे पंडाल में प्रभु श्रीराम के गीतों की मधुर ध्वनि दूर दूर तक पहुंच रही है। आचार्य शांतनु जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम के जन्म के साथ ही मानो अयोध्या वासियों के सारे मनोरथ एक साथ पूरे हो गये और ऐसा ही दृश्य अभी 22 जनवरी को अयोध्या में एक बार फिर से देखने को मिला।

पुत्र रत्न की प्राप्ति के बाद राजा दशरथ और उनकी रानियां बेहद प्रसन्न है। अयोध्या में घर घर बधाइयां बज रही है। महाराज ने कहा कि भारत में गुरूकुल पद्धति के आधार पर शिक्षा की आवश्यकता है। वर्तमान पीढी को भारतीय संस्कारों मर्यादाओं आचार विचार व अपनी महान गौरवशाली परंपरा से परिचित कराने की आवश्यकता है। शिक्षा व संस्कार एक दूसरे के पूरक है, इसलिये शिक्षा वहीं दी जाये जो बच्चों को संस्कारित कर सके। भगवान राम माता पिता गुरूजनों का आदेश लिये बिना कोई कार्य नहीं करते थे अतः हम सब भी माता पिता के अधिकारों से उनको वंचित न करे। लक्ष्मण जी के बिना भगवान श्रीराम को न नींद आती है न भोजन रूचि कर लगता है अतः भ्रातृ प्रेम ही परिवार की दृढता का आधार है। जहां जहां भाई भाई में प्रेम नहीं वह परिवार कभी आगे नहीं बढ सकता है। हम सभी को भी अपने जन्म व जीवन का परम लक्ष्य ज्ञात होना चाहिये कि यह मनुष्य शरीर केवल भोग भोगने के लिये नहीं बल्कि धर्मरक्षा देश सेवा आदि के लिये मिला है। कथा के बाद आरती हुई और फिर भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। राम कथा में प्रमुख यजमान राकेश श्रीवास्तव के साथ अनूप अग्रवाल लल्ला, मनीष कपूर, वर्षा श्रीवास्तव यजमान के रूप में मौजूद रहे। श्री राम कथा में पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह भी पहुंचे।

# 2 फरवरी तक चलेगा सपा का पीडीए पखवाड़ा कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में 2 फरवरी तक पीडीए पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। इस पखवाडे में प्रत्येक दिन सेक्टर वार पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया जा रहा है। इस पंचायत में संगठन के दो-दो नेताओं की सेक्टर वार ड्यूटी लगाई गई है। जिसमे प्रत्येक बूथ अध्यक्ष और उनकी कमेटी के सदस्य पिछडे दलित अल्पसंखक बस्तियों में जाकर पीडीए जन पंचायत के माध्यम से लोगो को समाजवादी पार्टी की नीतियों रीतियों को घर-घर पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है और भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे अन्याय .कमरतोड महंगाई, बेतहाशा बढ रही बेरोजगारी के विषय में लोगो से संवाद स्थापित कर जन जन को जागरूक करने का काम समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता कर रहे हैं।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव ने बताया कि हमने एक सप्ताह का कार्यक्रम बनाया है। जिसमे प्रत्येक दिन हमारे नेता कार्यकर्ता दोनों विधान सभाओं के 60-60 बूथों तक सीधे संवाद स्थापित करने का काम कर रहे हैं। जिसमे एक सप्ताह में हमारे नेता कार्यकर्ता जनपद की दोनो विधान सभाओं के 851 बूथों में पहुंचकर पार्टी को मजबूत करने का काम किया जा रहा है।

समाजवादी पार्टी पीडीए फार्मूले के तहत ही आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी को परास्त करने का काम करेगी।

# पौधरोपण के लिए गड्ढे खोद रही जेसीबी हरियाली को पहुंचा रही भारी क्षति

## रखवाले ही बने जंगल के दुश्मन, जिम्मेदारों को नुकसान से लेनादेना नहीं

जन एक्सप्रेस | हेमनारायण द्विवेदी

रानीपुर टाइगर रिजर्व के मारकुंडी वनपरिक्षेत्र भाग-2 मे वन विभाग द्वारा पौधरोपण के लिए जेसीबी से गड्ढे कराए जा रहे हैं। जहां जेसीबी द्वारा सैकड़ों पेड़ तोड़ और जड़ से उखाड़ दिए हैं। रखवाले ही जंगल की हरियाली के दुश्मन बन गए हैं। जेसीबी को जंगल के अंदर ले जाने के लिए रास्ता बनाने पर ही दर्जनों पेड़ों की बलि चढ गई। लेकिन दफ्तर में बैठकर कामकाज निपटाने वाले वन अधिकारियों को जंगल में हो रही गड़बड़ी व जंगल कटाई की ओर झांकने तक की फुर्सत नहीं है, क्योंकि वह अपनी ड्युटी मुख्यालय मे रहकर पूरी कर हर माह वेतन उठा रहे हैं। रानीपुर टाइगर रिजर्व के मारकुंडी वनरेंज-2 के नेरूआ स्थित बंदर बीहर जंगल मे प्लांटेशन के लिए वन विभाग जेसीबी मशीन से गड्ढा खुदवा रहा है। जहां सैकड़ों पेड़ों को मशीन से उखाड़ और तोड़ दिया है। अगर यही कार्य मजदूरों से कराया जाता तो उनको काम मिलने के साथ ही जंगल की क्षति न होती। वन विभाग जंगल की हरियाली नष्ट करने पर खुद ही आमादा है। जंगल मे पौधरोपण के लिए गड्ढा खोदने पर जितना पौधरोपण नहीं होगा उससे कहीं अधिक हरेभरे पेड़ों का नुकसान हो रहा है। किंतु जेसीबी लगाकर दर्जनों हरे-भरे वृक्षों को उखाड़ने के साथ ही गड्ढों की खोदाई कराई जा रही है। यह काम कई दिनों से हो रहा है और नियमों को ताक पर रखकर वन अधिकारी की जानकारी में जेसीबी लगा कर वन कर्मी खुद खड़े होकर काम करा रहे हैं, और देख भी रहे हैं कि हरे पेड़ों की भारी क्षति हो रही है। लेकिन जंगल मे हो रहे नुकसान को देखने वाला कोई नहीं है।



### जहां घना जंगल-वहां प्लांटेशन बनाना कितना जायज ?

सबसे खास बात तो यह है कि बंदर बीहड़ जंगल मे जहां प्लांटेशन किया जा रहा है,वहां पहले से भी घना जंगल है। जबि जंगल मे कई स्थान हैं जहां प्लांटेशन किए जाने की आवश्यकता हैं। जंगल घना होने से हरेभरे पेड़ों का नुकसान अधिक हो रहा है। जंगल तक मशीन ले जाते समय दर्जनों पेड़ों को उखाड़ दिया गया है। वनविभाग के अधिकारियों को जंगल मे हो रहे नुकसान से कोई लेना देना नहीं है।

### रास्ता बनाने में सैकड़ों पेड़ों की चढ़ गई बलि

जंगल के अंदर जेसीबी मशीन जाने के लिए तकरीबन छः सौ मीटर का रास्ता बनाया गया है। जहां आधा सैकड़ा के करीब हरे पेड़ों को मशीन से ही गिरा दिया गया है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि, जिसके कंधे पर जंगल के सुरक्षा का जिम्मा है वही वनों की क्षति पहुंचा रहा है। जंगल में वन विभाग गड्ढा बना रहा है और मनमानी तरीके से काम कर रहा हैं। बड़े झाड़ का जंगल है और वन विभाग खुद पेड़ कटा रहा है। उनका कहना है कि जैसा चाहें वैसा करेंगे। जेसीबी से काम करा रहे हैं।


### मजदूरों के गड्ढे फेल, मशीन का कार्य पास

बीहर जंगल मे जिस तरीके से बगैर एलाइनमेंट के पौधरोपण के लिए गड्ढे खुदवाए जा रहे हैं, वह कार्य मानक के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। मजदूरों द्वारा खोदे गए गड्ढों को तो अधिकारी फेल कर दे रहे हैं, लेकिन मशीन से खोदे गए गड्ढों को बगैर देखे ही आंख मूंदकर भुगतान कर दिया जा रहा है। बीहर जंगल मे जिस तरीके से कार्य किया जा रहा है,उस कार्य के पास होने की उम्मीद कम पाई जा रही है, क्योंकि यह कार्य निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं हो रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि, विभाग के कर्मचारी मौके पर मौजूद रहकर काम क्यों नहीं करा रहे हैं।

### जेसीबी से हो रहा कार्य, उधर मजदूर ढूंढ़ रहे काम

जिले के अधिकांश जंगलों मे पौधरोपण के लिए गड्ढा खुदाई कार्य में जेसीबी मशीन का इस्तेमाल धड़ल्ले से किया जा रहा है। मजदूर आधारित कार्यों में भी मजदूरों को नियोजित न कर जेसीबी से काम कराया जा रहा है। आसपास के गांव के मजदूर कहते हैं कि हमलोग काम की तलाश में भटक रहे हैं, परंतु वन विभाग द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर काम किया जा रहा है। मारकुंडी रेंज मे योजनास्थल पर योजना से संबंधित किसी भी तरह की सूचनापट्ट नहीं लगा है।

# जिला सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में नामित हुए जिले के युवा



जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

केंद्रीय मंत्री युवा मामले एवं खेल अनुराग ठाकुर द्वारा जनपद में सामाजिक सेवा व युवा कार्य तथा शिक्षा संस्कृति के क्षेत्र से प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के श्रेणी के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन से संदर्भित युवा कार्यक्रम पर जिला सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में चित्रकूट के 10 युवाओं को नामित किए जाने पर सांसद आर के सिंह पटेल व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने सभी युवाओं को माला पहनाकर शुभकामनाएं दी। इस समिति में शिवाकांत पाण्डेय, अर्चना सिंह, अभिषेक ओझा, धीरेंद्र द्विवेदी, अर्पित जायसवाल, रामकिशोर प्रजापति, स्वयं प्रकाश मिश्रा, रामू विश्वकर्मा, शोभित केसरवानी, शिव प्रकाश को नामित किया गया है। समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी अभिषेक आनंद होंगे।

नेहरू युवा केंद्र संगठन अन्य सरकारी विभागों, गैर सरकारी संगठनों और युवा विकास पहल में शामिल एजेंसियों के बीच अंतर को पाटने और प्रभावी सहयोग के लिए संसाधन जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# डिप्टी एसपी के पद पर नियुक्त होकर बढ़ाया जिले का गौरव

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



मऊ तहसील के मंडौर गांव के निवासी जगदीश प्रसाद मिश्रा के बेटे मयंक मिश्रा ने डिप्टी एसपी के पद पर चयनित होकर परिवार और जिले का नाम रोशन किया है।

मंडौर निवासी मयंक मिश्रा का वर्ष 2009 में नावोदय विद्यालय मानिकपुर में कथा नौ की प्रवेश परीक्षा में चयन हुआ था। इसके बाद उन्होंने कक्षा 11 में प्रवेश लेकर वर्ष 2013 में इंटरमीडिएट उत्तीर्ण किया था। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से वर्ष 2016 में स्नातक और 2021 से 2023 तक जेएनयू से परास्नातक करने के बाद वह तैयारी कर रहे थे। वर्ष 2023 की उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 10वां स्थान प्राप्त करते हुए उनका चयन डिप्टी एसपी के पद पर हुआ है। गांव में आज भी उनका संयुक्त परिवार है। बाबा रामबालक मिश्र, दादा उमेश मिश्र, संतोष मिश्र, चाचा कमलेश मिश्र, बृजेश मिश्र व रमेश मिश्र ने प्रसन्नता जताई है।

# गणतंत्र दिवस की बधाई के लिए खून से लिखा बधाई पत्र

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

विजयीपुर चैराहे पर सडक संघर्ष समिति के साथ किसान, ग्रामीण, युवा एकत्र हुए। सड़क के लिए हुए सत्याग्रह में बैठने वाले सडक संघर्ष समिति संयोजक धर्मेंद्र दीक्षित, सह संयोजक आशू सिंह के नेतृत्व में विजयीपुर चैराहे के किनारे बस अड्डे के पास आज किसान एकत्र हुए। किसानों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी को खून से खत लिखकर गणतंत्र दिवस की बधाई दी। बच्चों के भविष्य और क्षेत्र के विकास के लिए सड़क निर्माण की मांग की। लिखें खत में किसानों ने कहा कि विगत तीन दशक से नेता व अधिकारी धोखा करते हुए आ रहे हैं। अब बस और नहीं। संयोजक और सह संयोजक ने बताया कि अधिकारियों ने केवल झूठे वादे किये। हसवा ब्लाक के नरैनी चैराहे पर बीते 12 अक्टूबर 2023 को सत्याग्रह पर बैठे ग्रामीणों से जिला प्रशासन के अधिकारियों ने वादा किया था कि एक महीने के अंदर 34 किलोमीटर लंबाई वाले विजयीपुर-गाजीपुर मार्ग का निर्माण शुरू हो जाएगा। ऐसा नहीं हो सका। एक बार फिर से अधिकारियों का वादा छलावा निकला। खून से खत लिखने वालों में किसान नेता धर्मेंद्र दीक्षित, आशू सिंह, प्राणेश अग्निहोत्री, वेंकटेस, अमन, नरेश, मौर्या, पवन सिंह, राकेश पाण्डेय, संजय सक्सेना, होरीलाल शुक्ला, प्रदीप दीक्षित, बुदी द्विवेदी, सुमेर बाबू, रामेन्द्र सिंह, सुशील गुप्ता, राम बाबू, रवि, अभिमन्यु सिंह, अजमेर सिंह, दीपक सिंह, अमित मौर्या, पप्पू मौर्या आदि किसान रहे।

# शिक्षा मंदिर में अस्मिता से खेलने का आरोप

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर


जहां विद्यालय को शिक्षा का मंदिर कहा जाता है और शिक्षक समाज का वह रूप होता है जो की आने वाली पीढियां को शिक्षित कर एक शिक्षित समाज की स्थापना करता है परंतु जिस विद्यालय में महिलाओं की अस्मत से आए दिन खिलवाड़ होता हो उस विद्यालय में बच्चों की शिक्षा किस तरह से प्रभावित होती है इसका अंदाजा एक अभिभावक अच्छी तरह से कर सकते है जो कि अपने बच्चों को शिक्षकों के भरोसे अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेजते है परंतु वहां पर बैठे कुछ हैवानो की वजह से किस तरह के समाज का निर्माण होगा।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय आवासीय विद्यालय का जो की महिचा मंदिर पुलिस चौकी से महज कुछ ही दूरी पर स्थित है वहां पर कार्य कर रही चतुर्थ श्रेणी की महिला कर्मचारी ने बताया कि विद्यालय में ही कार्यरत एक बाबू ने देर रात महिला की अस्मत के साथ खिलवाड़ करने की घटना को अंजाम दिया वहीं सहयोगी महिला ने बताया कि महीना पहले से वह बाबू महिला के ऊपर गंदी नियत रखता था जिसकी जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य को भी थी प्रधानाचार्य से बात करने पर उनका एक अलग ही रवैया देखने को मिला बाबू के ऊपर कार्रवाई करने के बजाय उसे बचाने की जुगाड़ में लगे थे वही मौके पर आरोपी बाबू फरार चल रहा है पीड़िता ने पुलिस चैकी में शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है ***'अब बड़ा सवाल यह उठता है कि जिला अधिकारी के नेतृत्व में संचालित होने वाले राजकीय विद्यालय में ऐसे कुकृत्य को अंजाम देने वाले बाबू के ऊपर कार्रवाई होगी या महज होगी खानापूर्ति'।***

# राज्यमंत्री को कार्यकारी अध्यक्ष ने दिया रामायण मेले का आमंत्रण

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

भारत सरकार के सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा कि देश लगातार विकास के मार्ग पर है। सड़कों से लेकर अन्य निर्माण कार्य तेजी से हो रहे हैं। शादी समारोह में आए केन्द्र सरकार के राज्यमंत्री ने राष्ट्रीय रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत उर्फ प्रिंस करवरिया से भेंट की। अध्यक्ष ने उन्हें शिवरात्रि से होने वाले रामायण मेला में आमंत्रित भी किया। इस पर उन्होंने कहा कि उनके बाबा स्व. गोपाल कृष्ण करवरिया के कामों से वह वाकिफ हैं। उन्होंने जिस सादगी व दृढ़ता से काम किया उसके हम सब कायल हैं। वह रामायण मेला में आने का प्रयास करेंगे। इसी दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि देश पीएम की अगुवाई में लगातार विकास के मार्ग पर है।



# कांग्रेसियों ने बताया लोकतंत्र की हत्या

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

गणतंत्र दिवस पर कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय की अध्यक्षता में झंडा अवरोहण कर मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री एवं संसदीय चुनाव हेतु नियुक्त पर्यवेक्षक अखिलेश शुक्ला ने संविधान निमार्ण से लेकर वर्तमान तक के इतिहास पर बताते हुए कहा कि संविधान पीठ में सदस्यता का चुनाव हारने के बावजूद कांग्रेस ने अपना एक सदस्य हटाते हुए डा. भीमराव अंबेडकर को रखा। जिससे सभी के अधिकारों से समाहित एक निष्पक्ष संविधान की रचना हो सके। यह कांग्रेस का चरित्र था और आज भी कांग्रेस निचले एवं असहाय वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए कृत संकल्पित है। जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि देश जातिवाद और संस्कृति भेद की ज्वाला में जल रहा है। सत्ता के लोभ ने मर्यादा पुरुषोत्तम राम को भी नहीं छोड़ा। अब निश्चित ही भगवान राम ही जनता के सामने इनके असली चरित्र का पर्दाफाश करेंगे। उपाध्यक्ष सुधाकर अवस्थी, शिवाकांत तिवारी, चंद्र प्रकाश लोधी, डीपी दुबे आदि ने भी संविधान के साथ खिलवाड़ कर हो रही लोकतंत्र की हत्या पर गहरा दुःख व्यक्त किया।

## 22 जनवरी को जारी किया गया पुस्तक का निशुल्क लिंक

# चित्रकूट में इंजीनियर रहे हेमंत की राममन्दिर पुस्तक का राज्यपाल करेंगे विमोचन

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

चित्रों के झरोखे से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण नामक पुस्तक में चित्रकूट का पाँच स्थानों पर जिक्र आया है। यह पुस्तक 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम लला विग्रह प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रकाशित होने वाली पहली पुस्तक है। इसी जनपद में इंजीनियर रह चुके बिजनौर निवासी इंजी. हेमंत कुमार ने लिखा है। हेमंत वर्ष 2000 से 2016 तक चित्रकूट जनपद के सिंचाई विभाग में अभियंता रहे। भवन तकनीक के प्रसार-प्रचार के लिए इंजी. हेमंत ने भवन तकनीक जन जागरण अभियान शुरू किया था। इस के अंतर्गत अनेक सुंदर और उसे समय की आधुनिक भवनों का डिजाईन किया।

इंजी हेमंत की लिखी पुस्तक विविध प्रकार के भवनों का परिचय एवं नक्शे को उत्तर प्रदेश सरकार के हिंदी संस्थान ने प्रदेश स्तर पर तकनीकी लेखन में प्रथम आने पर प्रतिष्ठित संपूर्णानंद नामित पुरस्कार 2019 तथा पचहत्तर हजार की धनराशि का इनाम दिया था। अमृत महोत्सव में इन्होंने इससे सम्बन्धित पांच पुस्तकें लिख कर रिकार्ड बनाया है। इनकी पुस्तक ग्राम फीना के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और उनकी संघर्ष गाथा को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्डस में भी स्थान मिल चुका है। तकनीकी लेखन के अलावा इंजी हेमंत हरियाली विस्तार और शोध नवाचार आविष्कार में भी बड़ा काम कर चुके हैं। इंजी. हेमंत कुमार के पांच आविष्कारों को भारत सरकार से पेटेंट मिल चुका है। जल अभियांत्रिकी में उत्कृष्ट शोध कार्यों के लिए सिंचाई विभाग एवं जल शक्ति मंत्री द्वारा इनको प्रदेश स्तरीय एएन खोसला पदक प्रदान किया गया था। इंजी. हेमंत ने बताया कि इस पुस्तक पर वे तीन साल से कम कर रहे थे। प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रकाशित होने वाली यह पहली पुस्तक है। लोगों तक निशुल्क पहुँचाने के लिए इसका ई संस्करण तैयार किया गया है। इसे ईमेल हेमंत1777एट द रेट जीमेल डॉट कॉम पर अनुरोध भेज कर आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। 22 जनवरी को इस पुस्तक के निशुल्क लिंक को सेवार्थ वितरित करने के लिए उत्तर प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश के बाहर 12 स्थानों पर पुस्तक परिचय और लिंक वितरण गोष्ठियों का आयोजन किया गया था। चित्रकूट स्पोर्ट्स क्लब के कमलेश कुमार और सिंचाई अभियंता इंजीनियर गुरुप्रसाद द्वारा गोष्ठियों का संयोजन कराया गया था।

इनमें से एक गोष्ठी कर्वी में पूर्व विधायक दिनेश मिश्रा के आवास पर भी आयोजित हुई थी।

### पुस्तक में कहां-कहां चित्रकूट का जिक्र



पुस्तक के पृष्ठ संख्या पी10 पर कामदगिरि प्रमुख द्वार चित्रकूट के महंत मदनदास महाराज का शुभकामना संदेश, पी 11 पर आरके सिंह पटेल सांसद लोकसभा क्षेत्र का शुभकामना संदेश तथा पी 13 पर कर्वी निवासी केशव शिवहरे राष्ट्रीय अध्यक्ष इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब का संदेश छपा है। इन तीनों के संदेश में भगवान श्रीराम के चित्रकूट वनवास का जिक्र किया गया है। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल द्वारा भी इस पुस्तक के लिए सदेश भेजा गया है। पृष्ठ 180 पर प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में रामधुन गाती हुई भक्तों की एक मण्डली का चित्र लगाया गया है जो कामदगिरि परिक्रमा मार्ग का है। पृष्ठ 184 पर चित्रकूटधाम से अयोध्या जाती खड़ाऊं यात्रा का चित्र लगाया गया है जिसमें सांसद आरके सिंह पटेल द्वारा पादुकाओं की अर्चना की जा रही है। हेमंत ने बताया कि निकट भविष्य में यूपी के राज्यपाल इस पुस्तक का विमोचन करेंगे।इंजी हेमंत ने चित्रकूट जिले के लिए कई सराहनीय अच्छे काम किए हैं।वह शादी ब्याह का निर्णय भी खो चुके हैं। ऑल लाइफ शादी नही करने का भी प्रण लिया है।सहायक अभियंता होकर समाज और देश सेवा में समर्पित होना ही उनका उद्देश्य है।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, आसमान साफ रहने के कारण बर्षा की कोई संभावना नहीं है तथा प्रातःकाल एवं रात्रि के समय कड़ाके की ठंड और घना कोहरा छाये रहने तथा दोपहर के समय धूप निकलने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 19.6 (+0.6)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 5.8 (-1.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 97 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 85 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.4 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# भाजपा नेता को राम मंदिर समेत बम से उड़ाने का पत्र सामने आने के बाद मचा हड़कंप

**पुलिस मंदिर परिसर में पत्र चस्पा करने वाले को तेजी से रही है ढूंढ, सीसीटीवी फुटेज की मदद से जल्द हो सकता है बड़ा खुलासा**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर


रोहित साहू अब बेटा पानी सर से गुजर चुका है हमारी बाबरी मस्जिद को तोड़कर जो तुम लोगों ने मंदिर बनाया हम लोगों के दिल को दुखाया रहे हो जशन बना रहे हो आज तक इस मंदिर में कभी कोई इतनी बड़ी पूजा आरती का कार्यक्रम नहीं हुआ और हम लोगों को जलाने के लिए पूजा आरती यह सब जो तुम कर रहे हो ना भाजपा सरकार की वजह से बचे हुए थे लेकिन अब हम लोग और नहीं बर्दाश्त करेंगे हमारे मुसलमान भाइयो दिलों को ठेस पहुंची है इस का बदला हम जरूर लेंगे मुस्लिम एरिया से गुजर कर जाता है तू अब देख तेरे साथ क्या करते हैं तू अभी जानता नहीं है हम लोगो को बहुत पूजा और आरती करने का शौक है तेरा निकलना घर से दुश्वार कर देंगे हम लोगों ने बहुत बड़े-बड़े कांड किए हैं अभी सुना नहीं क्या हाल ही में तूने तू इस दुनिया में ही नहीं रहेगा तो पूजा क्या करेगा ... मन्दिर बम से उड़ा देंगे



शहर के थाना कोतवाली क्षेत्र में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक मंदिर के संचालक को उसके मंदिर समेत बम से उड़ाने की धमकी भरा खत मंदिर में चस्पा होने के साथ ही साथ परिसर में पड़ा पाया गया, धमकी भरा पत्र सबसे पहले ठेले पर मठ्ठा बेचने वाले एक व्यक्ति द्वारा देखा गया, जिसके बाद मंदिर के संचालक को सूचना दी गई, संचालक को सूचना मिलते ही उनके द्वारा पुलिस टीम को सूचना दी गई और मौके पर पहुंचकर पुलिस ने जांच पड़ताल करनी आरंभ भी कर दी।

मिली जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली के मेस्टन रोड स्थित राम जानकी मंदिर की देख-रेख करने वाले भाजपा नेता रोहित साहू जो कि मंदिर के ट्रस्टी भी हैं, उन्हे और उनके राम जानकी मन्दिर को बम से उड़ाने की धमकी दी गयी है, जिसके बाद प्रशासन चौकन्ना हो गया है, सूचना मिलते ही मौके पर कोतवाली का फोर्स एसीपी तथा डीसीपी पूवी तेज स्वरूप सिंह मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की है।

बता दें कि रोहित साहू भाजपा के नेता भी हैं राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर इस राम जानकी मंदिर में भी भव्य आयोजन किया गया था। धमकी का पत्र सामने आने की सूचना के बाद जांच करने पहुंचे डीसीपी पूर्वी तेज स्वरूप सिंह के अनुसार उन्हे रोहित को दी गयी धमकी के विषय में जानकारी हुई और जब मंदिर पहुंचे तो वहां दीवार पर पोस्टर चस्पा पाया, जिसमें बम से उड़ाने की धमकी लिखी हुई थी तो वही कुछ पोस्टर जमीन पर भी पड़े हुए थे। जांच शुरू कर दी गयी है और मंदिर के आस-पास लगे सीसी टीवी कैमरो के द्वारा आरोपियों की तलाश भी शुरू कर दी गयी है। धमकी में अंकित था कि रोहित अब पानी सिर से ऊपर गुजर चुका है हमारी बाबरी मस्जिद को तोड़कर जो तुम लोगों ने मंदिर बनाया, हमारा दिल दुख रहा है और जश्न मना रहे है। आज तक इस मंदिर मे कभी इतनी बड़ी पूजा अर्चना का कार्यक्रम नही हुआ और यह सब तुम हम लोगों को जलाने के लिए कर रहे हों। पोस्टर में आगे लिखा था कि भाजपा सरकार के कारण तुम बचे हो लेकिन अब हम लोग और बर्दाश्त नही करेंगे, इसका बदला हम जरूर लेगे आदि धमकी लिखी हुई थी। वहीं पोस्टर में अंत में रोहित को बम से उडाने की धमकी दी गयी है। फिलहाल पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सर्तक है और तेजी के साथ आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## सफलतापूर्वक संपादित कराए गए रंगीन फूलगोभियों के परीक्षण

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कल्याणपुर स्थित सब्जी अनुभाग अध्यक्ष डॉ.राम बटुक सिंह ने बताया कि सब्जी प्रक्षेत्र पर रंगीन फूलगोभियों के परीक्षण सफलतापूर्वक संपादित कराए गए हैं। डॉक्टर सिंह ने बताया कि रंगीन फूलगोभी स्वाद ही नहीं अधिक आय व सेहत के लिए लाभकारी है। उन्होंने कहा कि रंगीन गोभियों में कैरोटिनाईड, फ्लेवोनॉयड, स्कार्बिक एसिड, एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी एवं जरूरी मिनरल्स पाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि रंगीन फूलगोभी में कैरोटीना प्रजाति की फूलगोभी पीले रंग की होती है तथा यह आंखों के लिए काफी लाभकारी है।उन्होंने बताया कि वेलेंटीना प्रजाति बैंगनी रंग की फूलगोभी होती है। यह प्रजातियां 60 से 65 दिनों में परिपक्व हो जाती है। डॉक्टर सिंह ने बताया कि इनके उगाने की विधि सामान फूलगोभी की ही भांति है। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि यह रंगीन फूलगोभी के बीज की मात्रा 200 से 350 ग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से होती है। तथा 20 से 25 दिन की पौध की रोपाई कर देनी चाहिए।इसकी खेती सामान्य जलवायु में आसानी से की जा रही है। उन्होंने कहा की आमदनी की दृष्टि से रंगीन फूलगोभी कृषकों के लिए अधिक लाभकारी है क्योंकि रंगीन फूलगोभी का बाजार एवं मूल्य सामान्य फूलगोभी से अधिक रहता है।

## बदनाम चाय की दुकान पर पथराव

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीते दिन काकादेव स्थित एक चाय की दुकान में पथराव का मामला सामने आया है, पीड़ीत ने थाने में तहरीर दी है। रावतपुर के केशवपुरम कुशवाहा नगर निवासी अभय कुशवाहा ने बताया कि उनकी काकादेव में बदनाम चाय के नाम से दुकान है।

बीती 27 जनवरी की रात करीब साढ़े नौ बजे उनकी दुकान से कुछ दूरी पर कई लड़के झगड़ा कर रहे थे। झगड़ा करते करते लड़के उसकी दुकान के पास पहुंच गए। इसके बाद करीब एक दर्जन लड़कों ने उसकी दुकान पर पथराव कर दिया। विरोध करने पर उक्त लड़कों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उस पर ईंट से हमला करने की कोशिश की।

उसने किसी तरह भागकर जान बचाई। आरोप है कि उनकी दुकान से नकदी भी उठा ले गए। पीड़ीत ने बताया कि उन्होंने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में उमड़े महादानी




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

प.सत्यनारायण पारसनाथ दिवाकर प्रसाद शिक्षा एवं सेवा समिति के द्वारा 37वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को हरमिलाप मिशन स्कूल रतनलाल नगर में आयोजित किया गया। यह शिविर उर्सला ब्लड बैंक की टीम के द्वारा संपन्न कराया गया एवं एकत्र हुआ ब्लड उर्सला ब्लड बैंक को समर्पित किया गया। कार्यक्रम संयोजक जय मिश्रा ने बताया कि आज का यह शिविर रक्त मित्र रोहित सिंह को समर्पित किया गया जिनका देहांत 23 वर्ष की आयु में ही साइलेंट हार्ट अटैक से कुछ दिन पूर्व हो गया था। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ रक्त मित्र रोहित सिंह के माता-पिता ने रक्तदान कर किया। जय मिश्रा द्वारा 87 वीं बार रक्तदान किया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदाताओं ने अपना रक्तदान कर रक्त मित्र रोहित सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

इस अवसर पर राजीव भाटिया, शिवम यादव, शुभम, तरनजीत सिंह, प्रकाश धवन, ऋषभ बाजपाई, सुमित कनौजिया, ज्योति, गौरी, गौरव आदि मौजूद रहे।

# बीजेपी कार्यकर्ताओं ने एलईडी पर सुनी पीएम मोदी के मन की बात

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी के मन की बात के 109 वें संस्करण का प्रसारण रविवार को हुआ। जिसको भाजपा दक्षिण जिले में सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं द्वारा एलईडी पर सुना गया। प्रधानमंत्री ने मन की बात में कहा ह्यकि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांध दिया है। सब की भावना एक, सब की भक्ति एक, सबके हृदय में राम, सब की बातों में राम हैं। देश में करोड़ों लोगों ने राम भजन गाकर 22 जनवरी की शाम को पूरे देश में राम ज्योति जलाकर दिवाली मनाई। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान के भी 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। हमारे लोकतंत्र का यह पर्व मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में भारत को और सशक्त बनाते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि सिर्फ गणतंत्र दिवस पर ही नहीं बल्कि हर क्षेत्र में महिलाओं का काम सराहनीय है। इस कार्यक्रम को? भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह एवं क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू ने महाराजपुर विधानसभा के जरौली मंडल के अंतर्गत शक्ति केन्द्र केडीए कॉलोनी के बूथ संख्या 56 व सांसद सत्यदेव पचौरी ने निराला नगर के बूथ संख्या 57 एवं किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी ने सफेद कालोनी के बूथ संख्या 80 में सुना। इस अवसर पर राम बहादुर यादव, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, पवन दीक्षित, शिवम मिश्रा, वंदना गुप्ता, राजन चौहान, शिवपूजन सविता आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टकरर से दो बाइक सवार गंभीर, हैलत रिफर



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

साढ़ थाना क्षेत्र के दरगाही लाल पुल के पास आज रात्रि करीब आठ बजे भीषड़ एक्सीडेंट मे साढ़ थाने के कोरथा गाँव निवासी स्टाम्प विक्रेता शिव प्रसाद दिवाकर उर्फ़ छोटे उम्र करीब 36 वर्ष कानपुर से वापस अपने मित्र के साथ आ रहे थे पुल के पास किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टककर मार दी जिससे छोटे का एक पैर टूट गया वहीं दूसरा पैर कटकर कर दूर जा गिरा राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को कानपुर हैलत भेजा दिया है।

## उगाही करने वाले वारंटी को पुलिस ने दबोचा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर





सरकारी विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपए ठगने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप कई सालों से फरार चल रहा था। रविवार को आरोपी को कल्याणपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कल्याणपुर साहब नगर निवासी पीड़ित मोहित बाजपेई ने बताया कि मिर्जापुर निवासी विजयकांत राजपूत से 2016 में जन पहचान हुई थी। आरोपी ने उसे अपना रसूख बताते हुए सचिवालय में समूह ग की नौकरी लगवाने की बात कही। अपने झांसे में लेकर विजयकांत ने उससे 8 लाख रुपए लिए वहीं विजय कांत ने कल्याणपुर निवासी राजेश और सिद्धांत से भी आठ आठ लाख रुपए नौकरी लगवाने के नाम पर ले लिए। राजेश को आरोपी ने फर्जी नियुक्ति पत्र तक सौंप दिया। नौकरी नहीं लगने पर उसने अपना पैसा मांगा तो कई महीनों टहलता रहा। दबाव पड़ने पर उसने बैंक की चेक दी जो बैंक के लगाने के बाद बाउंस हो गईं। उसने।इसके बाद उन्होंने विजयकांत पर ठगी का मुकद्दमा कायम कराया। तब से आरोपी फरार चल रहा था आज कल्याणपुर पुलिस ने विजयकांत को गिरफ्तार कर लिया है।

# कंघी मोहाल विस्फोट कांड के घायल आमिर की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत

जन एक्सप्रेस फॉलो अप

कानपुर नगर



बीती 23 जनवरी को थाना बजरिया क्षेत्र स्थित कंघी मोहाल में घटित हुए विस्फोट कांड के एक घायल युवक की रविवार को लखनऊ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई है, जिस युवक की मौत हुई है उसके खिलाफ सब इंस्पेक्टर कमलेश पटेल द्वारा अवैध रूप से पटाखा भंडारण करने की धाराओं में 25 जनवरी को थाना बजरिया में मुकदमा दर्ज कराया गया था जिसमें शह आरोपी घायल महिला को भी दर्शाया गया है फिलहाल अब इस मामले में विस्फोट कांड का खुलासा होना मुश्किल लग रहा है क्योंकि घायल युवक की मौत हो चुकी है।

ज्ञातव्य हो की बीती 23 जनवरी को थाना बजरिया क्षेत्र स्थित कंघी मोहाल निवासी चप्पल कारोबारी स्वर्गीय टीपू के मकान में लगभग दोपहर डेढ़ से दो बजे के बीच अचानक एक धमाका हुआ और धमाके में मकान की दीवारें और छत क्षतिग्रस्त हो गई थी, इस दौरान स्वर्गीय टीपू का भतीजा आमीर और चप्पल कारीगर इरशाद उसकी पत्नी गजाला और उसकी छोटी मासूम बेटी तूबा गंभीर रूप से घायल हो गए थे, मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों और क्षेत्रीय नागरिकों ने सभी घायलों को उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया था जहां से उनकी हालत गंभीर होने के कारण लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था, बीते शनिवार की देर रात्रि गंभीर रूप से घायल आमिर ने आखरी सांस ली और स्वर्ग सिधार गया, वहीं दूसरी ओर इरशाद की छोटी मासूम बेटी तुबा की भी हालत गंभीर बताई जा रही है।

**25 जनवरी को आमिर और गजाला के विरूद्ध दर्ज किया गया है मुक़दमा**

मिली जानकारी के अनुसार बीती 23 जनवरी को घटनास्थल पर आकर फॉरेंसिक की टीम ने जांच की थी और पाया था कि विस्फोट पटाखे बनाने की सामग्री से हुआ है, इसके बाद घायल चप्पल कारीगर इरशाद की पत्नी गजाला और स्वर्गीय टीपू के भतीजे आमिर के विरुद्ध विषफोटक अधिनियम की गंभीर धाराओं में थाना बजरिया में मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें वादी सब इंस्पेक्टर कमलेश पटेल बने थे।

# दिव्यांगजनों को राजनीतिक भागीदारी के लिए बनाई रणनीति

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी अब दिव्यांगजनो को राजनीतिक भागीदारी लिये भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा व अन्य दलों के राष्ट्रीय अध्यक्षों से बार्ता करेगी। इसके लिए पत्र भेजकर समय मांगा गया है। जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी मांगी जायेगी। यह जानकारी रविवार को पार्टी की जिला इकाई की बैठक में राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने दी है। वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि भाजपा व कांग्रेस ने अपनी पार्टीयों में दिव्यांगजन प्रकोष्ठ व विकलांग प्रकोष्ठ बना रखा है। लेकिन एक भी दिव्यांग को विधानसभा, लोकसभा, नगर निकाय व पंचायतों में भागीदारी के लिए टिकट नहीं देती है। सभी राजनैतिक दलों को केवल दिव्यांगजनों का वोट चाहिए, दिव्यांगजनो को उनका अधिकार नही देना चाहते। सरकार व निर्वाचन आयोग को भी विधानसभा, लोकसभा, नगर निकाय व पंचायतों में भागीदारी के 4 प्रतिशत आरक्षण निर्धारित करना चाहिए।

वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि पहले चरण में सभी राजनैतिक दलों के राष्ट्रीय अध्यक्षों से बात करके दिव्यांगजनों के लिये 4 प्रतिशत राजनीतिक आरक्षण मांगा जायेगा। इसके बाद भी राजनीतिक दल अपनी पार्टीयों में दिव्यांगजनों को आरक्षण नहीं देते हैं तो, दूसरे चरण में पोल खोल आन्दोलन के चलते राजनीतिक दलों के केन्द्रीय कार्यालयों में राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी प्रदर्शन करके देश के सामने सच्चाई रखेगी। उन्होंने कहा कि जब सभी कहते हैं कि दिव्यांग कमजोर है, तो कमजोर कि मदद करके उन्हें मजबूत क्यों नही बनाना चाहते। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि पहले दिव्यांगजनो कि श्रेणी चार हुआ करती थी, सरकार ने अब उनकी श्रेणी 21 कर दी है, एक दिव्यांग के साथ उनके माता-पिता को जोड़ दे तो उनकी संख्या करोड़ों में है इस हिसाब से दिव्यांगजनो का भी राजनीतिक भागीदारी का हक बनता है।

बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी ने करते हुए कहा कि राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर राजनैतिक भागीदारी के मनसूबे को पूरा करने का काम करेगी। वहीं संचालन जिला अध्यक्ष राहुल कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों की समस्याओं के समाधान के लिए पार्टी काम करेगी जिससे आगामी चुनाव में पार्टी की स्थिति मजबूत हो सके। आज की बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता अल्पना कुमारी, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, मण्डल अध्यक्ष अशोक कुमार, अरविन्द सिंह, गुड्डी दीक्षित, वैभव दीक्षित, गौरव कुमार आदि शामिल थे।

## तीन से पांच फरवरी के बीच बारिश के आसार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.पांडेय ने रविवार को जानकारी देते हुए यह बताया कि उत्तर भारत में एक फरवरी को बारिश हो सकती है। यह बारिश उत्तर भारत के अलावा पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिम उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सो में होने की संभावना है। इसकी वजह से उत्तर भारत में सूखे खेत और धूल से भरा आसमान को राहत की सांस मिल सकती है। तीन से पांच फरवरी के बीच कानपुर मण्डल और लखनऊ तक बादलों के साथ हल्की बारिश एवं उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में तेज बारिश भी हो सकती है तथा कुछ स्थानों पर ओले भी गिर सकते हैं। जबकि छिटपुट ओलावृष्टि की संभावना सावधानी का संकेत देती है। समग्र पूर्वानुमान सूखे से राहत और क्षेत्र में कृषि और पानी की उपलब्धता को बहुत जरूरी बढ़ावा देने का वादा करता है।

# पे.टी.एम. पेमेंट सिस्टम में हेराफेरी करने वाले जालसाज दबोचे

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



साइबर क्राइम ब्रांच पुलिस टीम को महत्तवपूर्ण सफलता मिली है। जिसमें नीलम एच.पी. पेट्रोल पम्प मन्धना में पेमेंट सिस्टम में हेराफेरी करके अपने खातों में पैसों को ट्रांस्फर करने वाले 02 सेल्सकर्मियों की गिरफ्तारी साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम द्वारा की गयी है।

ए.डी.सी.पी. मनीष सोनकर ने जानकारी देते हुए बताया कि 27जनवरी को बर्रा के छेदी सिंह पुरवा निवासी पीड़ीत रामनरेश अवस्थी की लिखित सूचना के आधार पर साइबर क्राइम पुलिस ने धारा 409/420 भादवि व 66डी आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया। जिसमें नीलम एच.पी. पेट्रोल पम्प गंगाबैराज रोड मन्धना में पेमेंट हेतु अधिकृत पेटीएम मर्चेंट एकाउण्ट व स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के बैंक खाते में करीब 22 लाख रूपये का हेरफेर पाया गया। विवेचना के क्रम में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये पेटीएम मर्चेंट के विगत वर्ष का विवरण पेटीएम पेमेंट्स बैंक से मंगाया गया तथा प्राप्त विवरण का तकनीकी विश्लेषण किया गया तो ज्ञात हुआ कि उपरोक्त धनराशि का गबन पेट्रोल पम्प के दो कर्मियों ने पेटीएम मर्चेंट का एक्सेस/एडमिन राइट्स लेकर कर लिया तथा समस्त धनराशि को यूपीआई के माध्यम से अपने-अपने बैंक खातों में स्थानान्तरित कर लिया था। जिसमें प्रकाश में आये अभियुक्त हरिओम पाल के बैंक खाते में 12 लाख रूपये व अन्नू पाल के बैंक खाते में 10 लाख क्रेडिट हुए है। प्रकाश में आये दोनो अभियुक्तों के बैंक खातों को डेबिट फ्रीज करा दिया गया है। पूछताछ से गबन की गयी धनराशि में से खातों में करीब 10लाख रूपये की धनराशि को फ्रीज कराये जाने की कार्यवाही की गयी है तथा अन्य धनराशि को ट्रांस्फर किये जाने तथा खर्च किये जाने की जानकारी के आधार पर पुलिस टीम रवाना की गयी है।

# अपना दल एस ने निकाली जागरूकता रैली, हिस्ट्रीशीटर ने गैंग संग किया जानलेवा हमला

जन एक्सप्रेस । हिमांशू मिश्र






**कानपुर नगर।** सरकार द्वारा दलित और पिछड़े वर्गों की महिलाओं के लिए किए गए कार्यों से खुश होकर अपना दल एस पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने मिलकर जनता को जागरूक करने के लिए शहर के विभिन्न चौराहों से वाहन यात्रा निकाली, इस दौरान यात्रा के मुख्य आयोजक अपना दल एस पार्टी के जिलाध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव ने कहा कि मै इस यात्रा के द्वारा देश की सभी पिछड़े वर्ग, दलित और वंचित महिलाओं को भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए कार्यों के लिए सभी देशवासियों को जागरुकता का एक जन संदेश देना चाहता हूं, यात्रा का आरंभ अपना दल एस पार्टी के कार्यालय केशव नगर से जन संदेश देते हुए शहर के विभिन्न चौराहों से होकर सचान चौराहे पर समाप्त हुआ। इस जनसंदेश यात्रा मे पार्टी के दो विधायक जय कुमार जैकी व सरोज कुरील के साथ प्रदेश के कई नेता उपस्थित रहे।

**वाहन यात्रा पर बहुचर्चित हिस्ट्रीशीटर ने गैंग के सदस्यों संग किया हमला**

अपना दल एस पार्टी द्वारा निकाली गई संदेश यात्रा मे शामिल लोगों पर थाना बर्रा क्षेत्र के जरौली मे रहने हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर उर्फ बंदर ने अपने गैंग सदस्यों संग अचनाक लोहे की रॉड, ईंट पत्थर और डंडों से हमला बोल दिया। जिससे सभी कार्यकर्ताओं मे भगदड़ मच गई। हमले मे कई लोग घायल भी हुए और कार्यकर्ताओं के वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उच्चाधिकारियों के साथ मिलकर घटनास्थल का मुआयना किया और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्यवाही के निर्देश भी दिए हैं। साथ ही मौके पर पहुंची एडीसीपी अंकिता शर्मा ने हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर जल्द ही गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया, अपना दल एस के महासचिव आलोक कुमार के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना बर्रा में अजय ठाकुर समेत अर्पित ठाकुर, शिवांश भदौरिया, अभय भदौरिया, आकाश द्विवेदी, टोबो शिकारी, साहिल सोनकर उर्फ शेरा, गौतम मोगा के विरुद्ध 307 बलवा आदि की गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है, मिली जानकारी के अनुसार 2 दिन पहले ही अजय ठाकुर उर्फ बंदर और अभय भदौरिया जेल से छूटे हैं।

**युवाओं को मिलेंगे पद**

मिली जानकारी के अनुसार आगामी 1 फ़रवरी को अपना दल एस पार्टी युवाओं को नगर के पदों पर नियुक्ति देगी।

# इजराइल देश जाने वाले 150 श्रमिकों का हुआ मेडिकल टेस्ट

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर



इजराइल जाने वाले श्रमिकों का मेडिकल टेस्ट कराया गया। 698 आवेदकों में से 188 श्रमिकों को मेडिकल के लिए बुलाया गया। इनमें 150 श्रमिक ही मेडिकल टेस्ट के लिए पहुंचे। अब सोमवार को आईआईटी कैंपस अलीगंज लखनऊ में इनका फाइनल टेस्ट होगा जिसके बाद इनकी रवानगी होगी।

आपको बता दें कि इजरायल में हो रहे युद्ध में बड़े पैमाने पर मकान और बिल्डिंगें क्षतिग्रस्त हुई हैं। इसके पुनर्निर्माण में हाथ बंटाने की इच्छा जताते हुए जिले से 698 आवेदनकर्ताओं ने नगर क्षेत्र के पयागीपुर स्थित सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय में 10 जनवरी तक आवेदन किया था। इनमें से 188 आवेदकों का 24 जनवरी से 27 जनवरी के मध्य अमहट स्थित सीएमओ ऑफिस पर मेडिकल टेस्ट हुआ। सीएमओ ओपी चौधरी ने बताया कि यहां मेडिकल टेस्ट के लिए पांच डॉक्टरों का पैनल बैठाया गया था। इसमें हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, मानसिक रोग विशेषज्ञ और एक ईएनटी चिकित्सक को रखा गया था।

150 आवेदक टेस्ट के लिए आए जिन्हें मेडिकल प्रमाण पत्र दिया गया है।

बताते चलें कि चयनित श्रमिकों को भारत सरकार के अधीन एजेंसी एनएसडीसी व इजराइल सरकार की एजेंसी पीआईबीए की ओर से इजराइल में निवास व रोजगार का प्रबंध किया जाएगा। न्यूनतम एक साल और अधिकतम पांच साल के अनुबंध की बाध्यता होगी। सामाजिक सुरक्षा व प्रवासी भारतीय बीमा योजना 2017 के तहत चिकित्सा एवं जीवन बीमा की सुविधा के साथ श्रमिकों को 1,37,260 रुपये हर महीने पगार मिलेगी।

यहां से जाने वाले श्रमिकों में भवन निर्माण की चार श्रेणियों के कामगारों से आवेदन मांगे गए थे। इनमें सिरेमिक टाइल, प्लास्टरिंग, शटरिंग कारपेंटर (फ्रेमवर्क) व आयरन बेल्डिंग शामिल हैं।

## मन की बात में पीएम ज्वलंत मुद्दों पर करते हैं विचार साझा : जिलाध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. वर्मा ने पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 109 वां संस्करण शाहगंज शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 266 पर सुना। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी ज्वलंत मुद्दों पर अपने विचार लोगों के साथ साझा करते हैं। मन की बात से कार्यकर्ताओं में प्रेरणा व ऊर्जा का संचार होता है भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने शास्त्रीनगर बूथ संख्या 286 पर शक्तिकेंद्र संयोजक राजीव सिंह, हनुमान त्रिपाठी, प्रदीप श्रीवास्तव, विनोद सिंह, रामदेव अग्रहरि आदि के साथ कार्यक्रम को सुना।वही पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल शाहगंज बूथ संख्या 299, जिला उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश जायसवाल बूथ संख्या 306, जिला महामंत्री घनश्याम चौहान कादीपुर विस के बूथ संख्या 259, एवं धर्मेन्द्र कुमार सुल्तानपुर विस के बूथ संख्या 259पर मन की बात सुनी। इसके अलावा एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक विनोद सिंह, राजप्रासाद उपाध्याय, सीताराम वर्मा, राजेश गौतम,पूर्व जिलाध्यक्ष करुणा शंकर द्विवेदी, जगजीत सिंह छंगू, डॉ सीताशरण त्रिपाठी, गिरीश नारायन सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, कार्यक्रम संयोजक सुनील वर्मा, आलोक आर्या, आनन्द द्विवेदी सहित जिला पदाधिकारियों ने विभिन्न बूथों पर मन की बात कार्यक्रम सुना।

# पुलिस ने बदसलूकी की तभी तो मांगी माफी : रामभक्त शबनम

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर



रामभक्त शबनम शेख मुंबई से पद यात्रा करते हुए अयोध्या दर्शन को जा रही। 38वें दिन वे सुल्तानपुर के हलियापुर पहुंची। यहां उन्होंने रात्रि निवास किया। फतेहपुर के हुसैनगंज पुलिस पर उन्होंने हमला बोलते हुए कहा कि बदसलूकी की तभी तो माफी मांगा।

शबनम शेख हलियापुर के रायबरेली-अयोध्या मार्ग पर स्थित प्रताप ढाबे पर उन्होंने रात्रि विश्राम किया। यहां पहुंचने पर भाजपाइयों ने उनका भव्य स्वागत किया। मीडिया से यहां पर बात करते हुए शबनम शेख ने कहा वो जो खंडन कर रहे हैं, बोल रहे जांच हुआ है तो कोई जांच नहीं हुई है। मुझे पुलिस की कोई कॉल नहीं आया। जांच दो तरफ से होती है एक तरफ से नहीं। अगर पुलिस वालों की गलती नहीं होती तो वो मुझे आके माफी नहीं मांगते। उन्होंने मुझसे आकर माफी मांगा मतलब मुझसे बदसलूकी की। उन्होंने हमारे लिए पेड़ा, पानी की बोतल डिनर तक की तैयारी करके रखा था मगर हमने उनका नहीं खाया। क्योंकि उन्होंने हमारा दिल दुःखाया। फतेहपुर की घटना को लेकर उन्होंने कहा हम इंसान हैं हम चल रहे हैं थक जाते हैं। अंधेरा हुआ हम बैठ गए। पुलिस वालों ने कहा अपना रुकने का स्थान बताओ? मैने बोला हमें खुद नहीं पता हम कहा रुकने वाले हैं हम चल रहे हैं बस। कही होटल दिखेगा तो हम रुक जाएंगे। फिर उन्होंने एक-दो किमी पर पूछा हमने कहा हमें नहीं पता बार-बार ना पूछिएगा। शबनम ने कहा वहां से वो थ्री स्टॉर वाले पुलिस होते हैं उन्होंने आकर डायरेक्ट हम पे चिल्लाया एकदम गंदे तरीके से मेरे चरित्र पे लांछन लगाया तुम तीन लड़कों के साथ निकली हो। क्या मौज मस्ती कर रही हो। फिर बोला इधर ठेका है आपको दिखता नहीं है। मैने इस पर कहा मुझे कैसे पता होगा मैं यहां की लोकल थोड़ी हूं कि इसके आगे दो किमी पर कौन सी दुकान है। हमारे साथ पुलिस वाले भी थे, उनका कर्तव्य बनता है हमें बताए इधर दारू का ठेका है आप यहां पर ना खड़े रहिये अंधेरे में आपके साथ बत्तमीजी हो सकती है। पुलिस वालों ने भी नहीं बताया। उन्होंने आगे कहा कि **महाराष्ट्र से ज्यादा भव्य स्वागत मुझे मध्य प्रदेश में देखने को मिला। अब उत्तर प्रदेश में आई हूं, यहां भी लोग बहुत ही ज्यादा स्वागत कर रहे हैं। सभी हिंदू भाइयों और बहनों को दिल से धन्यवाद।**

# तीन दिवसीय पुनर्वास कार्यक्रम का हुआ समापन

जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर




अमहट स्थित अकारीपुर के राम नेवाज शैक्षणिक अनुसंधान एवम पुनर्वास संस्थान के प्रांगण में भारत पुनर्वास परिषद सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा तीन दिवसीय सतत पुनर्वास कार्यक्रम का समापन प्रदेश सचिव सारदा प्रसाद (एडवोकेट) व क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य हंसराज ने किया।

सतत पुनर्वास कार्यक्रम में प्रदेश के 150 प्रतिभागी शिक्षकों को दिव्यांगता के क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा एवं दिव्यांग छात्रों को नई तकनीकी से शिक्षा कैसे दी जाए इसको लेकर प्रतिभागी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के मख्य अतिथि प्रदेश सचिव व जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि तकनीकी शिक्षा से दिव्यांग छात्रों की प्रतिभा में निखार आएगा एवं उच्च शिक्षा ग्रहण कर समाज के लिए एक आईना बनेंगे।

इन्होंने दिव्यांग छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन के उपरांत संस्थान के अध्यक्ष राजीव कुमार ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के समापन मे संस्थान के अध्यापक पाठ्यक्रम समन्यवक राजशेखर सिंह, प्राचार्य रोहिताश्व कुमार, कार्यालय इंचार्ज सत्यम, प्रशासनिक अधिकारी विजय शंकर तिवारी, राजकिशोर यादव व सुधीर, दिग्विजय, आशुतोष, सुनील आदि लोग उपस्थित रहे।

## डिप्टी सीएम का आगमन आज, शिक्षा संघ के प्रांतीय सम्मेलन में होंगे शामिल

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** उतर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक आज दौरे पर सुलतानपुर आ रहे है। दोपहर बाद तीन बजे बृजेश पाठक का हेलीकॉप्टर अमहट में उतरेगा उसके बाद बृजेश पाठक सीधे पंडित राम नरेश त्रिपाठी सभागार पहुचेंगे वहा पर उतर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा संघ द्वारा आयोजित प्रांतीय सम्मेलन एवम शैक्षिक गोष्ठी में बतौर मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे। उपमुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में लगभग 45 मिनट से ज्यादा के समय तक रहेंगे इसके बाद बृजेश पाठक का काफिला जिला अस्पताल पहुंचेगा वहां पर वह चिकित्सा संबंधित डाक्टरों से वार्ता व निरीक्षण करेंगे उसके उपरांत बृजेश पाठक वापस लखनऊ जाएंगे।

# स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर




इंसान सेवा समिति के दूसरे स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन बल्ड बैंक गोमती हास्पिटल जिला- सुल्तानपुर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी छत्तीसगढ़ से आये राकेश वर्मा मौजूद रहें। मुख्य अतिथि के द्वारा फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया गया। इंसान सेवा समिति के अध्यक्ष समाजसेवी अर्जुन इंसान यादव के नेतृत्व में 50 यूनिट रक्तदान किया गया। समिति के अध्यक्ष अर्जुन इंसान ने कहा रक्तदान महादान की इस मुहिम को लगातार जिले के युवा बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहें हैं वहीं डाक्टर आर ए वर्मा एवं युवा समाजसेवी पुलकित सिंह, पलक सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यों के लिए प्रेरित होते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान महादान होता है। आपके रक्त से किसी का जीवन बचाया जा सकता है। रक्तदान शिविर में -इंसान सेवा समिति के अध्यक्ष अर्जुन इंसान, मनोज यादव पंडित, महेश यादव, बाबा राजेश यादव, बृजेश यादव दोनों भाई, संदीप यादव, प्रधान आदर्श पाण्डेय, महीलायें भी रक्तदान करने में आगे आई सुनीता कोरी, रीना राणा, सूरज यादव, भूपेश यादव, काकू रमेश यादव, गोविन्द यादव, मोहम्द समीर खान, मोहसिन खान, अशोक कुमार मिश्रा, आशीष तिवारी, सौरभ पाठक, राजेश कुमार मिश्रा, इन्द्रसेन यादव, अजय यादव, दिनेश कोरी, अशोक कुमार आचार्य, रामकृष्ण कनौजिया, मुकेश, लवकुश, घनश्याम कोरी, समाजसेवी सरदार गगनदीप सिंह, रितेश राणा,पत्रकार प्रदीप यादव, पत्रकार सरफराज ,मीनू यादव रामकेश यादव, ज्ञान सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य हंसराज यादव सदस्य सहित दर्जनों लोग शिविर में मौजूद रहे।

# गौशालाओं में अच्छा कार्य करने वाले केयरटेकरों, पंचायत सचिव और प्रधान हुए सम्मानित

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जनपद की सोलह गौशालाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले केयरटेकरों, पंचायत सचिवों व ग्राम प्रधानों को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इसमें विकासखंड गौरीगंज के गो आश्रय स्थल पंडरी को प्रथम स्थान दस हजार, विकास खंड भादर के गो आश्रय स्थल टीकरमाफी को द्वितीय स्थान सात हजार पांच सौ तथा विकासखंड सिंहपुर के गो आश्रय स्थल रस्तामऊ को तृतीय स्थान पांच हजार रुपए तथा अन्य तेरह गो आश्रय स्थलों क्रमशः सरैया दुबान, कोरारी लच्छनशाह, कसारा, सिंगठी, सेंभुई, अलीपुर, गरथोलिया, पूरे पहलवान, मऊ अतवारा, शिवली, बिराज, खारा तथा मोहइया केसरिया को दो हजार का सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इसके अतिरिक्त इन सोलह गौशालाओं में कार्यरत केयर टेकरों को ऊनी कम्बल पुरस्कार स्वरूप दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गौ सेवा सबसे बड़ी सेवा है। आप लोग गौशालाओं में जाएं गायों की सेवा करें उनकी देखभाल करें उनको चारा खिलाएं तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को गौशाला से जोड़ें।इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जेपी सिंह ने बताया कि यह डीएम द्वारा जनपद में चलाई गई अनोखी पहल है।इस पहल से जहां एक और गौशालाओं में गोवंशों को बेहतर सुविधा मिलेगी वहीं दूसरी ओर उत्कृष्ट कार्य करने वाले गौशाला से जुड़े लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में सिर्फ जनपद अमेठी में ही यह पहल की गई है। इस पहल से निश्चित ही गौशालाओं में गुणात्मक सुधार होंगे। सीवीओ ने बताया कि दिसंबर माह में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित गौशाला की बैठक में उनके द्वारा गौशालाओं में गुणात्मक सुधार लाने के उद्देश्य से जनपद की गौशालाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले केयर टेकरों, पंचायत सचिव, ग्राम प्रधानों को पुरस्कृत करने का प्रस्ताव रखा गया था। जिस पर डीएम द्वारा गौशाला की बैठक में सहमति प्रदान की गई थी एवं सीवीओ की अध्यक्षता में तीन सदस्य समिति का गठन करते हुए समिति के मूल्यांकन के आधार पर पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र कुमार मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी, ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव केयरटेकर व जन सामान्य मौजूद रहे।

## अटल आवासीय विद्यालयों की कक्षा 06 एवं कक्षा 09 में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने कहा है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु अटल आवासीय विद्यालयों की कक्षा-06 एवं कक्षा-09 की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गयी है। उन्होंने कहा कि जनपद में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) /कोविड से आच्छादित बच्चे, जिनकी आयु 10 से 12 वर्ष के मध्य हो को कक्षा- 06 तथा जिनकी आयु 13 से 15 वर्ष के मध्य हो, को कक्षा- 09 में शैक्षणिक सत्र 2024-25 की प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु आवेदन जिला प्रोबेशन कार्यालय, विकास भवन रायबरेली से प्राप्त कर दिनांक 08 फरवरी 2024 तक जमा कर सकते है, अधिक जानकारी हेतु वीरेन्द्र पाल, संरक्षण अधिकारी के मो0नं0-9795638527 पर सम्पर्क कर सकते है।

## 6 फरवरी को जनपद में हो रही है विशाल चित्रकला प्रदर्शनी

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** कैनवास क्लब, जो कि कला का एक प्रस्तावित मंच है, के द्वारा शहर के फीरोज गांधी कॉलेज ऑडोटोरियम प्रांगण में दिनांक 06 फरवरी को प्रातः 11 बजे से शाम 05बजे तक, एक विशाल चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे जनपद के विभिन्न कलाकार अपनी चित्रकला का प्रदर्शन कर रहे है। प्रदर्शनी में कई तरह की पेंटिंग्स (ऑयल बेस्ड,एक्रेलिक, वाटर कलर, स्केचिंग्स, क्राफ्ट) का प्रदर्शन किया जाएगा। कैनवास क्लब के संयोजक आर्टिस्ट अभिषेक वर्मा ने बताया कि **जो भी आर्टिस्ट इस प्रदर्शनी में अपने आर्ट वर्क का प्रदर्शन करना चाहते है वो मोबाइल नंबर 7985466401 पर संपर्क कर नि:शुल्क पंजीकरण करा सकते हैं।** जनपदवासी इस प्रदर्शनी में अपने मित्रों और परिवार जनों के साथ सादर आमंत्रित है।

# जनपद की 24 ग्राम पंचायतों ने टीबी मुक्त का दावा प्रस्तुत किया

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

राष्ट्रीय क्षय (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी)के तहत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के क्रम में 16 ब्लॉक की 24 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त किए जाने का दावा शनिवार को सम्बंधित ब्लाकों से पंचायती राज विभाग के माध्यम से जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा राज्य स्तर पर प्रस्तुत किया।

इस मौके पर जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायतों के टीबी मुक्त होने का आधार है 1000 की जनसंख्या पर एक या एक से कम नये टीबी मरीज का होना। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), आशा कार्यकर्ता और एनटीईपी के सदस्यों के प्रयासों से ही हम इन ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जनपद के 18 ब्लॉक में कुल 988 ग्राम पंचायतें हैं जिनमें से 24 को टीबी मुक्त करने का दावा प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री ने पिछले साल विश्व क्षय रोग दिवस पर टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान की शुरुआत की थी।

ब्लॉक स्तर पर इन 24 ग्राम पंचायतों के टीबी मुक्त किए जाने के दावे का सत्यापन स्वास्थ्य एवं पंचायती राज विभाग की संयुक्त जनपद स्तरीय टीम के द्वारा किया जाएगा। समिति में मुख्य चिकित्सा अधिकारी अध्यक्ष, जिला क्षय रोग अधिकारी सहसंयोजक, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा नामित सदस्य, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं उनके द्वारा नामित सदस्य, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिनिधि, मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन के प्रतिनिधि तथा अन्य विभागों के प्रतिनिधि शामिल किए जा सकते है। समिति द्वारा दावे की पुष्टि होने पर 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस के मौके पर जिलाधिकारी द्वारा इन 24 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित करते हुए सम्बंधित ग्राम प्रधानो को सम्मानित किया जाएगा।

### इन 24 ग्राम पंचायतों ने टीबी मुक्त होने का किया दावा। प्रस्तुत

ऊंचाहार ब्लॉक में चडरई और रामचंद्रपुर। राही ब्लॉक में दरियापुर। लालगंज में रेवाड़ी पसिया खेड़ा। अमावा ब्लॉक में कचौंदा, चक दादर, पहरावां और रुकुनपुर। महराजगंज ब्लॉक में इंदौरा। डलमऊ ब्लॉक में सेमरी। सलोन ब्लाक में केवलपुर माफी, मोहम्मदाबाद, परशुरामपुर ठेकई और गोदवासनपुर। रोहनिया ब्लॉक में अहियारी बुजुर्ग। दीनशाह गौरा ब्लाक में धर्मपुर कजली। हरचंदपुर ब्लॉक में मझगवां और हरदोई। जगतपुर ब्लॉक में मनिहारी सरकी, मखदुमपुर। बछरावां ब्लॉक में विनायकपुर।

# स्मृति ईरानी अपने संसदीय क्षेत्र के दो लाख लोगों को कराएंगी अयोध्या धाम के दर्शन

*** तीन लाख से अधिक परिवारों तक पहुंचेगा प्रसाद**

जन एक्सप्रेस । अमेठी



केंद्रीय महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति इरानी अपने संसदीय क्षेत्र के दो लाख से अधिक लोगों को बसों के माध्यम से अयोध्या धाम भेजकर प्रभु श्रीराम का दर्शन कराएंगी।इसी के साथ तीन लाख से अधिक घरों तक प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का प्रसाद भी पहुंचाएंगी। घर-घर प्रसाद पहुंचाने का काम शुरू कर दिया गया है।

केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि सांसद स्मृति ईरानी के निर्देश पर अमेठी संसदीय क्षेत्र के तीन लाख परिवारों तक प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का प्रसाद पहुंचाने का काम शुरू कर दिया गया है।फरवरी के प्रथम सप्ताह में संसदीय क्षेत्र के दो लाख से अधिक लोगों को अयोध्या धाम की श्रवण यात्रा पर बस से भेजा जाएगा।

और सभी को प्रभु श्रीराम का दर्शन करवाया जाएगा। पहले चालीस हजार से अधिक लोगों को अयोध्या धाम की श्रवण यात्रा करवाने की योजना थी।आम लोगों की मांग पर केंद्रीय मंत्री ने अपने संसदीय क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों को अयोध्या धाम भेजकर प्रभु श्रीराम का दर्शन कराने के लिए उत्थान सेवा संस्थान से आग्राह किया है।जरूरत पड़ने पर इस संख्या को और बढ़ाया भी जा सकता है। स्मृति की इच्छा है कि उनके संसदीय क्षेत्र के हर व्यक्ति को जो प्रभु श्रीराम का दर्शन करना चाहता है,उसे श्री अयोध्या धाम श्रवण यात्रा के माध्यम से दर्शन-पूजन के लिए भेजा जाए। श्रवण यात्रा को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में हैं।

# उद्यान मंत्री ने जरूरतमंद लोगों को किया कंबल वितरण




जन एक्सप्रेस । रायबरेली

प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने विकासखंड राही की ग्रामसभा बेलाखारा, सरायदामू एवं कृष्ण इंटर कॉलेज रुस्तमपुर में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा क्षेत्रवासियों का कुशलक्षेम जाना। साथ ही जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किया।

## सामाजिक एवं आर्थिक बदलाव लायेगा पी.डी.ए. : इं0 वीरेन्द्र यादव

जन एक्सप्रेस । रायबरेली




समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पी0 डी0ए0 पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक पखवाड़ा के आयोजन के क्रम में जनपद-रायबरेली के विधान सभा क्षेत्र बछरावां के सेक्टर महराजगंज एवं बावनबुजुर्ग बल्ला में सम्पन्न हुयी जनपंचायतों को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव नें कहा कि पी0डी0ए0 ही एक जुटता के साथ सामाजिक एवं आर्थिक बदलाव लायेगा। लोकतंत्र एवं संविधान को मज़बूती से लागू कराना ही समाजवादी पार्टी का लक्ष्य है। वर्तमान भाजपा सरकार के द्वारा दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यकों एवं महिलाओं के ऊपर किये जा रहे पक्षपात शोषण, उत्पीड़न तथा सामाजिक अन्याय के विरूद्ध पी0डी0ए0 की जनपंचायतों के द्वारा समाजवादी पार्टी आवाज उठाती रहेगी एवं पी0डी0ए0 के लोगों को न्याय दिलानें हेतु कृत संकल्पित है। कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष हसीन अहमद, विधान सभा अध्यक्ष बृजेन्द्र चौधरी, पूर्व शासकीय अधिवक्ता ओ0पी0 यादव, विजय बहादुर सिंह, जिला सचिव प्रमोद पटेल, वीरेन्द्र बहादुर, शोभनाथ वैश्य, समर बहादुर, रामू अनाड़ी नें भी सम्बोधित कर पी0डी0 ए0 की एक जुटता पर लोगों को जागरूक किया। विधान सभा रायबरेली के सेक्टर लोधवारी एवं थुलवांसा में जिला महासचिव मो0 अरशद खान, जिलासचिव शिवबरन यादव, घनश्याम यादव, विधानसभा अध्यक्ष योगेश्वर पटेल के नेतृत्व में विधान सभा क्षेत्र हरचन्दपुर के सेक्टर बरदर एवं हाजीपुर में क्षेत्रीय विधायक राहुल लोधी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृपाशंकर यादव, विधान सभा अध्यक्ष राकेश कुमार, सत्येश गौतम, शिव सिंह एवं सेक्टर प्रभारी रंजीत कुमार द्वारा जनपंचायतें आयोजित की गयी इसके साथ ही विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर बघौला, अतरथरिया, बराडीह में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिवमूर्ति सिंह राणा, छात्र सभा अध्यक्ष शुभम लोहिया, विधान सभा अध्यक्ष पुत्तन सिंह, अभिकल यादव, विनय कुमार, अशरफ मेवाती एवं विधान सभा क्षेत्र सरेनी के सेक्टर ऐहार एवं खानपुर में विधान सभा अध्यक्ष रामनाथ यादव एवं ग्राम प्रधान राज बहादुर के नेतृत्व में जनपंचायतें आयोजित कर पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों के ऊपर हो रहे अन्याय एवं उनके अधिकारों के विषय में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 14°C | 09°C |
| कानपुर | 16°C | 09°C |
| देहरादून | 14°C | 09°C |
| नई दिल्ली | 17°C | 11°C |

# हर गांव में एक-एक वोट पर चौतरफा पहरा बैठाएगी भाजपा

* अभियान के तहत पार्टी लोकसभा चुनाव की घोषणा तक 95 हजार गांवों में घर-घर संपर्क करेगी



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लोकसभा चुनाव में हर गांव से 51 फीसदी वोट हासिल करने के लिए भाजपा 4 से 11 फरवरी तक गांव चलो अभियान शुरू करेगी। पार्टी ने इसके लिए चौतरफा घेराबंदी की रणनीति तैयार की है। लखनऊ के विश्वेश्वरैया सभागार में आयोजित कार्यशाला में जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों और जिला संयोजकों को अभियान को सफल बनाने का रोडमैप दिया गया। अभियान के तहत पार्टी लोकसभा चुनाव की घोषणा तक 95 हजार गांवों में घर-घर संपर्क करेगी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश की मौजूदगी में अभियान के लिए बैठक आयोजित की गई। शिव प्रकाश ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रत्येक गांव से 51 प्रतिशत वोट हासिल करना है। गांव में जो भी व्यक्ति दस बीस वोट प्रभावित कर सकते हैं उन्हें पार्टी से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों से नाराज उनके जितने भी कार्यकर्ता, पूर्व जनप्रतिनिधि हैं उन्हें भी पार्टी में जोड़ना है। महिलाओं को जोड़ने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों से लगातार संपर्क कर उन्हें पार्टी के कार्य में सक्रिय करने और स्वयं सेवी संस्थाओं का भी समर्थन हासिल करना है। वहीं दुष्यंत गौतम ने कहा कि गांव की प्रत्येक जाति के व्यक्ति को पार्टी से जोड़ना है। 2019 की तुलना में 2024 में प्रत्येक बूथ पर दस प्रतिशत अधिक वोट हासिल करने का लक्ष्य लेकर काम करना है। अभियान में महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष, ग्राम प्रधान, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित सभी जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी सहभागिता करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा जिन संकल्पों को लेकर जनता के बीच पहुंची थी, उन संकल्पों को मोदी-योगी सरकार ने पूरा किया है। वहीं विपक्ष नकारात्मक राजनीति कर भाजपा के खिलाफ तरह-तरह के हथकंडे अपना रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में घर-घर दस्तक देकर मोदी सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को पहुंचाना है। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि अभियान के लिए 30 जनवरी को जिला स्तर और 1-2 फरवरी को मंडल स्तर पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

### इस तरह होगी चौतरफा घेराबंदी

भाजपा गांव चलो अभियान के लिए प्रत्येक गांव में एक प्रवासी और एक संयोजक तैनात करेगी। जिस गांव में मतदाताओं की संख्या एक हजार से अधिक होगी वहां दो प्रवासी और दो संयोजक तैनात किए जाएंगे। प्रवासी दूसरे गांव या शहरी क्षेत्र से होंगे जबकि संयोजक उसी गांव से होंगे। प्रवासी को हर 15 दिन के अंतराल पर उस गांव में 24 घंटे का प्रवास करना है। इस दौरान छोटी-छोटी चौपाल लगाकर ग्रामीणों से उनकी समस्याओं पर बात करेंगे और उनके समाधान का प्रयास करेंगे। प्रवासी और संयोजक गांव में प्रत्येक मतदाता का आकलन करेंगे कि कौन पार्टी का और कौन विपक्षी दलों का समर्थक है। तीसरे मोर्चे पर पन्ना प्रमुख और चौथे मोर्चे पर बूथ अध्यक्ष के नेतृत्व में बूथ समिति के सदस्य भी प्रत्येक मतदाता से लोकसभा चुनाव तक संपर्क और समन्वय बनाएंगे।

# मुख्तार के करीबी बिल्डर का अस्पताल तोड़ा

**कमिश्नर के यहां से मामला खारिज होने के बाद एलडीए ने चौथी मंजिल को तोड़ना शुरू किया**

* रविवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सिराज अहमद के एफआई हॉस्पिटल को तोड़ना शुरू कर दिया है



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ में मुख्तार के करीबी एफआई बिल्डर पर एलडीए का हथौड़ा चलने लगा है। रविवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सिराज अहमद के एफआई हॉस्पिटल को तोड़ना शुरू कर दिया है। बीच में सुप्रीम कोर्ट से लगी रोक के बाद एलडीए ने अभियान रोक दिया था। कोर्ट ने कहा था कि कमिश्नर के यहां सुनवाई के बाद ही अब यहां कोई कार्रवाई होगी। अब शनिवार को कमिश्नर कोर्ट ने मामले को खारिज कर दिया। उसके बाद फिर से अस्पताल तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। चौथे फ्लोर पर मशीन और हथौड़ा दोनों से अस्पताल तोड़ा जा रहा है। इसके पहले हॉस्पिटल के बगल में बने 8 मंजिला एफआई टावर की पार्किंग तोड़ दी है। साथ ही 7वें और 8वें फ्लोर को अवैध घोषित कर दिया गया था। एलडीए वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया, हॉस्पिटल की बिल्डिंग भी तोड़ी जा रही है। 5 दिसंबर को हॉस्पिटल को नोटिस दिया गया था। उन्होंने कहा, रूद्ध टावर के लिए बिल्डर ने 6 मंजिला बिल्डिंग का नक्शा पास कराया था और 8 मंजिला बिल्डिंग बना दी थी। इसके अलावा पार्किंग में भी दुकानें बनाकर कॉमर्शियल करके बेचा गया था। सारी पार्किंग तोड़ी गई। अस्पताल तो बिल्डर ने पार्क की जमीन पर बना लिया था। ऐसे में पूरे अस्पताल को तोड़ा जा रहा है। पहले चौथे मंजिल से कार्रवाई शुरू हुई है। उसके बाद बाकी के भवन तोड़े जाएंगे।

### 29 नवंबर को दर्ज हो चुका मुकदमा

दरअसल, इससे पहले एलडीए ने 29 नवम्बर को मानचित्र के विपरीत निर्माण करने के आरोप में एफआई बिल्डर के निदेशक व करीबी बिल्डर शोएब इकबाल, मोनिस इकबाल, सिराज अहमद और माइकल के खिलाफ कैसरबाग कोतवाली में धोखाधड़ी और जाली दस्तावेज तैयार करने का मुकदमा दर्ज करवाया हैं।

### जनरेटर लगाया गया एलडीए की तरफ से

ड्रील मशील चलाने के लिए एलडीए की तरफ से बिल्डिंग के बाहर जनरेटर लगाया गया है। जिससे कि कार्रवाई जल्द को सके। एलडीए अधिकारियों ने बताया कि तोड़ने में जो खर्च आएगा उसकी वसूली भी बिल्डर से की जाएगी। एफआई बिल्डर माफिया मुख्तार का सबसे करीबी माना जाता है। बताया जा रहा है कि अस्पताल की प्रापर्टी करीब 15 करोड़ रुपए से ज्यादा की है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### नीतीश के महागठबंधन छोड़ने पर भाजपा खुश, डिप्टी सीएम बोले, यूपी की 80, बिहार की 40, तीसरी बार मोदी सरकार



जन एक्सप्रेस/लखनऊ। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर महागठबंधन से रिश्ता तोड़ दिया है। इसे बिहार में इंडिया गठबंधन के लिए तगड़ा झटका माना जा रहा है। इससे भाजपा नेता बेहद खुश हैं। नीतीश के महागठबंधन से अलग होने पर यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि यूपी में 80 और बिहार में 40 सीटों पर भाजपा की जीत पक्की है। अब 2024 में तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी। उन्होंने एक्स पर कहा कि यूपी की 80 बिहार में 40 अर्थात कुल 120 सांसद तीसरी बार मोदी सरकार के लिए जय सीताराम होगा। उन्होंने बिहार में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता और विजय सिन्हा के उप नेता चुने जाने के लिए हार्दिक बधाई दी है। नीतीश के इंडिया गठबंधन से अलग होने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि उन्हें पहले से ही नीतीश के पक्ष बदलने को लेकर जानकारी थी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बिहार में अब एनडीए मजबूत होगा और एक बार फिर 2019 के लोकसभा चुनाव में मिली सफलता को दोहरा सकता है।

### देश-विदेश में 'ब्रांड यूपी' को प्रमोट करेगी योगी सरकार,

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार पर्यटन के लिहाज से राज्य को सर्वाधिक पसंदीदा पर्यटन स्थल के तौर पर देश-दुनिया में पेश करने की तैयारी में है। प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन के साथ ही अन्य प्रमुख पर्यटन आकर्षण केंद्रों के प्रति देश-दुनिया में रुचि पैदा करने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके तहत यह तय किया गया है कि सरकार दुनिया के प्रमुख 12 इंटरनेशनल ट्रेड फेयर्स, ट्रैवल फेयर्स व एक्सपो में कैंपेन-रोड शो आदि माध्यमों से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए ब्रांड यूपी को प्रोत्साहित करेगी। इनमें जापान, इजरायल, चीन, अमेरिका, फ्रांस, सिंगापुर, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, इजरायल, रूस व यूएई प्रमुख रूप से शामिल हैं। वहीं, 28 देशों के 50 शहरों में विभिन्न आयोजनों में उत्तर प्रदेश को टूरिस्ट हब के तौर पर प्रोजेक्ट करने की भी रूपरेखा तैयार की गई है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पर्यटन विभाग ने इन पर कार्यवाही शुरू कर दी है। नेशनल व इंटरनेशनल रोड शो के आयोजन के दृष्टिगत इंटरनेशनल ब्रांड बिल्डिंग, मार्केटिंग, पब्लिसिटी व संचालन के लिए एजेंसी के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सरकार की कार्ययोजना के अनुसार, ब्रिटेन के लंदन, मैनचेस्टर, बर्मिंघम व ग्लासगो, स्पेन के मैड्रिड, बिलबाओ, बार्सिलोना, इटली के रोम, मिलान व जर्मनी के बर्लिन, म्यूनिख, फ्रैंकफर्ट में इंटरनेशनल रोड शो का आयोजन किया जाएगा।

# लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**दोस्त से बाइक मांग कर देते थे वारदात को अंजाम, आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की होगी कार्रवाई**

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



दोस्त से बाइक मांग कर लूट करने वाले दो चोरों को लखनऊ पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी नशा करने के आदि हैं। डीसीपी पूर्वी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि गोमतीनगर थाना पुलिस ने रविवार को दो चोरों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि दोनो बदमाशों ने 16 व 22 जनवरी को महिलाओं से लूट की घटनाओं को अंजाम दिया था। आरोपितों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही घटना का खुलासा करने वाली टीम के लिए 25 हजार रूपये के इनाम की घोषणा की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपितों की पहचान तरुण पांडेय निवासी कल्याणपुर व शिवा सिंह निवासी अतरौली लखनऊ के रूप में की है। आरोपित पहले भी गाजीपुर व गुडंबा थाने से आपराधिक मामलों में जेल जा चुके हैं। जेल से छूटने के बाद आरोपित दोबारा से लूट करने में लग गए थे।

### महिलाओं की रेकी कर निशाना बनाते थे आरोपित

पुलिस को दी शिकायत में लूट पीड़िता प्रिया विश्वकर्मा, सेक्टर 11 इंदिरा नगर ने बताया कि कोचिंग सेंटर से दो सौ मीटर आगे पहुंचने पर पीछे से आए बाइक सवार दो लड़के बैग छीन कर भाग गए। बैग में 22 हजार 500 रूपये, स्मार्ट फोन, स्मार्ट वाच सहित अन्य दस्तावेज थे। वहीं, गोमतीनगर की अंसिका सिंह अपनी मां के साथ बैंक में पैसा जमा करने जा रही थीं। अंसिका की मां स्कूटी पर बैग लेकर बैठी हुई थीं। पीछे से आए बदमाश उनकी मां से बैग छीन कर फरार हो गए। बैग में 62, 500 रूपये की नगदी व एक मोबाइल भी था।

### पुलिस ने घटना में इस्तेमाल होने वाली बाइक बरामद की

आरोपित अपने दोस्तों को जरूरी काम होने की बात कहकर बाइक मांगते थे। इसके बाद उससे लूट की घटना को अंजाम देते थे। फिर दोस्त को बाइक वापस कर देते थे। घटना में शामिल इन बदमाशों के पास से पुलिस ने 25 हजार रूपये बरामद किए हैं। इसमें से 13, 300 रूपये आरोपित तरुण व 11, 700 रूपये शिवा के पास से मिले हैं। दो बैग के साथ घटना में इस्तेमाल की हुई बाइक भी मिली है।

### किसानों और पिछड़ों को दिलायेंगे हक और सम्मान

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। मथुरा में आयोजित किसान सम्मान यात्रा रैली मेंआज लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि लोकदल किसानों की सच्ची हितैषी पार्टी है। लोकदल की स्थापना चौधरी चरण सिंह ने की थी और हम उनके ही आदर्श को अपनाकर आगे बढ़ रहे हैं।भारत रत्न अभी तक न देकर सरकार उनके आदर्शों को भुला रही है। सुनील सिंह ने कहा, चौधरी साहब की पार्टी लोकदल है। किसान हितैषी होने का दावा सभी दल करते हैं वो केवल किसानों का वोट इकट्ठा करने की राजनीति कर रहे हैं। किसानों की बात केवल लोकदल करता है। किसान की आवाज उठाना जरूरी है न कि आंदोलन करना।किसानों के हक के लिए लड़ाई लड़ी जा रही है आज किसानों को एकजुट होना जरूरी है। किसानों के लिए एमएसपी कानून को लाना चाहिए। मल्टीनेशनल कंपनियां किसानों को ठग रही है। देश और प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। धर्म-जाति के नाम पर नफरत के बीच की खाई बढ़ती जा रही है।

# यूपी का मौसम: पश्चिमी विक्षोभ के असर से चढ़ा रात का पारा, मौसम विभाग ने की प्रदेश में बारिश की भविष्यवाणी



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

पारे में हर दिन उतार-चढ़ाव जारी है। हवाओं का बदला रुख, घना कोहरा और कई इलाकों में दिन के वक्त अत्यधिक गलन महसूस की जा रही है। वहीं बदले हुए मौसम, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के बीच मौसम विभाग ने 30 और 31 जनवरी में ही किसी भी दिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बूंदाबांदी शुरू होने के आसार जताए हैं। वहीं प्रदेश के कई इलाकों में फरवरी के पहले सप्ताह में बूंदाबांदी के आसार मौसम विभाग शनिवार को ही जता चुका है। रविवार को कई क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से ज्यादा रहा, वहीं कई इलाकों में 9 और 10 के बीच रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र लखनऊ में मथुरा वृंदावन में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री, गाजीपुर में 10.2, चित्रकूट में 10.1 डिग्री रहा। वहीं आगरा, बरेली, गौतमबुद्धनगर, हरदोई, वाराणसी समेत कई इलाकों में 9 से 10 के बीच रहा। हालांकि मेरठ, अलीगढ़, बिजनौर, फुरसतगंज, कानपुर, व अयोध्या धाम में पारा अभी भी 7 डिग्री से नीचे बना है। वहीं अधिकतम तापमान झांसी में 26 से अधिक, प्रयागराज में 23, वाराणसी में 22 डिग्री रहा। मुजफ्फरनगर,मुरादाद, मेरठ, लखीमपुर खीरी व बिजनौर में 11 से 13 डिग्री के बीच रहा। शेष इलाकों में 14 से 20 डिग्री तक पहुंचा। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, क्रमिक वृद्धि का दौर जारी रहने के आसार है। एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बनी हुई है। अभी कोहरा रहेगा और 30 और 31 को पश्चिम उत्तर प्रदेश में बूंदाबांदी के आसार हैं।

### यहां दिन में गलन बढ़ सकती है

गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, बिजनौर, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, प्रतापगढ़, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, गोंडा, बलरामपुर, सीतापुर, हरदोई फर्रुखाबाद, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, कासगंज, अमरोहा, शाहजहांपुर, बदायूं व आसपास के इलाकों में दिन में ज्यादा गलन बढ़ने को लेकर चेतावनी जारी की गई है।


### घने कोहरे के आसार इन शहरों में ज्यादा, अलर्ट जोन में शामिल

प्रतापगढ़, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर देहात, कानपुर नगर, बारबंकी, रायबरेली, अमेठी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रायपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, चंदौली, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, फर्रुखाबाद, कन्नौज, उन्नाव, लखनऊ, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, कासगंज, एटा, मैनपुरी व आसपास घने कोहरे को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

**रिपोर्ट** कर्बला तालकटोरा के नाम आवंटित जमीन खाली पड़ी, सरकारी जमीन व अन्य किसानों की जमीन पर कब्जा कर बताई जा रही कर्बला की जमीन

# अल्पसंख्यक अधिकारी करा रहे सरकारी जमीन पर कब्जा!

* बर्खास्त मुतव्वली मोहम्मद फैजी है मास्टरमाइंड, 18 बीघा सरकारी जमीन और करीब 6 बीघा डी एन तिवारी की जमीन पर कथित रूप से किया कब्जा
* सूत्रों के अनुसार सरकारी दस्तावेजों में तालकटोरा क्षेत्र में एक कर्बला 23 बीघा दूसरा 14 बीघा आवंटित है
* जिलाधिकारी कार्यालय के पास रेवेन्यू रिकॉर्ड व नक्शे में कहीं भी गाटा संख्या 3से 10 तक कर्बला की जमीन होने के पुख्ता सबूत नहीं हैं
* शीर्ष अधिकारी केवल अल्पसंख्यक अधिकारी के कहने पर कर्बला की जमीन मान रहे







जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा

लखनऊ। सरकारी जमीन पर कब्जा भी सरकारी अफसर-कर्मचारी मिलकर ही करवा रहे हैं। इन दिनों लखनऊ के अल्पसंख्यक अधिकारी की भूमिका सवालों के घेरे में है। सूत्रों के अनुसार अल्पसंख्यक अधिकारी ने हरचंदपुर कनौरा थाना तालकटोरा में कर्बला के नाम आवंटित जमीन कि गलत रिपोर्ट जिलाधिकारी को देकर डीएम और शासन को गुमराह किया है। कर्बला के नाम आवंटित जमीन खाली पड़ी हुई है, जबकि बर्खास्त मुतव्वली मोहम्मद फैजी ने कथित रूप से कर्बला तालकटोरा और उसके अगल-बगल के किसानों की जमीन पर कब्जा किया हुआ है। यहीं नहीं, उस पर 18 बीघा सरकारी जमीन पर कब्जा करने का भी आरोप है। अल्पसंख्यक अधिकारी गलत रिपोर्ट देकर मोहम्मद फैजी को बचा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार सरकारी दस्तावेजों में हरचंदपुर कनौरा थाना तालकटोरा में कर्बला के नाम खसरा खतौनी नकशे में 14 बीघा व 23 बीघा आरक्षित है। इसके बावजूद बर्खास्त मुतव्वली मोहम्मद फैजी ने अपने रसूख का फायदा उठाते हुए 18 बीघा सरकारी जमीन, करीब 6 बीघा महानगर निवासी डी एन तिवारी व कुछ अन्य किसानों की जमीन पर कब्जा किया हुआ है। इसकी शिकायत लंबे अरसे से मुख्यमंत्री व शासन के आला अधिकारियों से की गई है। जन एक्सप्रेस समय-समय पर इस मामले को उठाता रहा है। जानकारी के अनुसार बर्खास्त मुतव्वली मोहम्मद फैजी ने कर्बला के लिए आवंटित वास्तविक ज़मीन पर कर्बला न बना कर सरकारी ज़मीन व तिवारी की जमीन पर कब्जा कर लिया है। यही नहीं, अवैध मार्केट भी बना रखी है। जिलाधिकारी कार्यालय के पास रेवेन्यू रिकॉर्ड व नक्शे में कहीं भी गाटा संख्या 3 से 10 तक कर्बला की जमीन होने के पुख्ता सबूत नहीं हैं। शीर्ष अधिकारी केवल अल्पसंख्यक अधिकारी के कहने पर कर्बला की जमीन मान रहे हैं।

### सरकारी जमीन पर दो मंजिला मार्केट तान रखा है

शिकायतकर्ता तिवारी के अनुसार राजधानी लखनऊ के तहसील सदर क्षेत्र के ग्राम हरचंदपुर कनौरा के गाटा संख्या 4 और 5 में भी वक़्फ़ बोर्ड की जमीन पर कब्जा करने वाले बर्खास्त मुतव्वली मोहम्मद फैजी ने 18 बीघा सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा है। मामला सिर्फ कब्जे तक सीमित नहीं है। उसने बाकायदा इस जमीन पर दो मंजिला मार्केट तान दिया है। सरकारी जमीन पर यह मार्केट बनता रहा इसके बावजूद पूरा सरकारी अमला आंखों पर पट्टी बांधे रहा। मोहम्मद फैजी ने इन दुकानों को किराए पर भी उठा रखा है। और नियमित इन किराएदारों से किराया वसूलता है।

### पैमाइश के लिए हाईकोर्ट की चौखट तक जाना पड़ा था

आरोपी मोहम्मद फैजी ने कथित रूप से शिकायतकर्ता डीएन तिवारी की ग्राम हरचंदपुर कनौरा में जमीन पर भी कब्जा किया हुआ है। डीएन तिवारी ने पहले भी जमीन की पैमाइश करने के लिए शासन से लंबे अरसे तक पहल की। मोहम्मद फैजी के रसूख के चलते हर बार थाना तालकटोरा पुलिस पर्याप्त फोर्स ना होने का बहाना बनाकर पैमाइश को टालती रही। यह सब तब होता रहा जबकि खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए जांच और पैमाइश के निर्देश दिए थे। इसके बाद उनके प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने भी पैमाइश कराने के निर्देश दिए थे। फिर भी थानाध्यक्ष तालकटोरा के अनुसार कभी पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध नहीं रहा। तारीख पर तारीख पड़ती रहीं, कथित रूप से तिवारी की जमीन की पैमाइश नहीं हुई। इसके बाद शासन से उम्मीद छोड़ तिवारी को हाईकोर्ट की चौखट पर दस्तक देनी पड़ी। हाईकोर्ट ने पुलिस और प्रशासन से जवाब तलब किया तब प्रशासनिक अमला और पुलिस बल पैमाइश कराने पहुंचा था।

### डीएम को गलत रिपोर्ट देने पर अल्पसंख्यक अधिकारी के खिलाफ दर्ज हो चुकी रिपोर्ट

अल्पसंख्यक अधिकारी पर जिलाधिकारी को गलत रिपोर्ट देने का यह कोई पहला मामला नहीं है। हाल ही में अल्पसंख्यक अधिकारी ने ठाकुरगंज में वाटर वर्क्स द्वितीय की जमीन पर भू माफिया के कब्जे को बचाने के लिए गलत रिपोर्ट जिलाधिकारी को दे दी थी। हकीकत जब सामने आई तो जिलाधिकारी को अपना पिछला आदेश निरस्त करना पड़ा। मामले में अल्पसंख्यक अधिकारी के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज हुई थी।

## यूपी पुलिस सिपाही भर्ती: दो पालियों में होगी परीक्षा, प्रदेश के 6500 केंद्रों में 48 लाख अभ्यर्थी होंगे शामिल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

सिपाही नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती के लिए आगामी 17 और 18 फरवरी को आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा दो पालियों में होगी। इस परीक्षा में करीब 48.17 लाख अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने परीक्षा के सकुशल आयोजन के लिए परीक्षा केंद्रों के चयन की कवायद दोबारा शुरू कर दी है। भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा ने बताया कि बोर्ड द्वारा सिपाही भर्ती परीक्षा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। परीक्षा केंद्रों के चयन में पूरी सावधानी बरती जा रही है। दो दिन में इसकी प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। परीक्षा के लिए कई सेट पेपर बनाए जाएंगे। बता दें कि भर्ती बोर्ड ने पहले 32 लाख अभ्यर्थियों के आवेदन आने की संभावना के दृष्टिगत करीब 6500 परीक्षा केंद्र बनाने का निर्णय लिया था। अब परीक्षा दो दिन आयोजित होने की वजह से परीक्षा केंद्र चयनित करने में फिर से गहन मंथन किया जा रहा है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# विपक्षी एकता का ढहता किला

**ममता 'इंडिया' की भीतरी राजनीति से क्षुब्ध थीं। उनके प्रत्येक प्रस्ताव को खारिज किया गया। गठबंधन में वाममोर्चे के नेताओं का प्रभाव ज्यादा है और वे हरेक बैठक को 'तारपीडो' करते रहे हैं। ममता का आरोप है कि राज्य में कांग्रेस की रैलियां की जा रही हैं। उनके खिलाफ ज़हर उगला जा रहा है। राहुल गांधी की 'न्याय यात्रा' की न तो उन्हें जानकारी दी गई और न ही कोई आमंत्रण मिला। बंगाल में 'न्याय यात्रा' और राहुल गांधी के जो पोस्टर लगाए गए थे, ममता की घोषणा के बाद उन्हें फाड़ना शुरू कर दिया गया। दोनों दलों के बीच विषैला अलगाव इस सीमा तक पहुंच चुका है।**

*इंडी गठबंधन के बारे में राजनीति की समझ रखने वाले अधिकतर व्यक्तियों के अनुमान सही साबित हुए। गठबंधन की पहली बैठक के बाद से ही उसके भविष्य के बारे में जो कुछ कहा जा रहा था, वो शब्दशः धरती पर उतरता दिख रहा है। वास्तव में, इंडी नामक विपक्षी गठबंधन में चूंकि वैचारिक साम्यता नहीं है इसीलिए इसकी एकजुटता प्रारंभ से ही संदिग्ध रही है। उससे जुड़े दल मोदी विरोध पर तो एकमत हैं किंतु आपसी विश्वास नजर नहीं आने से एक कदम आगे, दो कदम पीछे वाली स्थिति बनी हुई है। एक तरफ तो भाजपा अपनी व्यूह रचना मजबूत करती जा रही है वहीं विपक्षी दलों में सीटों के बंटवारे की गुत्थी उलझती जा रही है। सीट के बंटवारे की वेला समीप आते ही, गठबंधन तिनकों की तरह बिखरता जा रहा है। भारतीय राजनीति का इतिहास खंगालें तो पिछले 75 वर्षों में न जाने कितने गठबंधन बने और बिखरे, और पुनः बने। चूंकि विपक्ष की नियति टूटने की है, लिहाजा बार-बार गठबंधन करना पड़ता है। यह नियति हम जनता पार्टी के दौर से देखते आ रहे हैं। 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के गठन के बाद से हर बीतते वर्ष के साथ विपक्ष की राजनीति की कांति लगातार प्रभावहीन हो रही है। मोदी सरकार के नौ वर्षों के कामकाज के बाद विपक्ष ने बड़ा साहस और शक्ति जुटाकर इंडिया गठबंधन का गठन किया था। गठबंधन के बाद विपक्ष ने मीडिया और प्रचार तंत्र के माध्यमों से ऐसा वातावरण और संदेश देने का काम किया था कि इस गठबंधन के सामने भाजपानीत एनडीए गठबंधन टिक नहीं पाएगा। लेकिन गठबंधन की पहली बैठक के समय से ही जिस तरह की चालाकी और व्यवहार गठबंधन में शामिल घटक दलों के नेता एक दूसरे के साथ कर रहे थे, उससे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि इस गठबंधन की आयु दीर्घ नहीं होगी। लेकिन इतनी छोटी होगी कि वो चुनाव से पहले ही बिखर जाएगा, इसकी उम्मीद तो किसी को भी नहीं थी। विपक्षी गठबंधन अपने अस्तित्व के लगभग सात माह के दौरान चाय-नाश्ते पर बैठकें तो कर सका, लेकिन सीटों के बंटवारे, सचिवालय, संयोजक, साझा न्यूनतम कार्यक्रम, साझा नारा, ध्वज आदि पर आज तक सहमत नहीं हो सका है। अब तो अलगाव की नौबत भी आ गई है। बंगाल के अलावा, पंजाब की घोषणा भी अलगाववादी है। बिहार से भी जो समाचार आ रहे हैं, उनके मुताबिक नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन का साथ छोड़कर एनडीए का हिस्सा बन सकते हैं। विपक्ष के सामने चुनौती है कि कैसे भाजपा को लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने से रोका जाए और तमाम सर्वे कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। ऐसी स्थिति में मोदी का मुकाबला कैसे होगा ये अहम प्रश्न है? पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस और पंजाब में भगवंत मान ने आम आदमी पार्टी की ओर से घोषणाएं की हैं कि वे अकेले ही सभी सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। अलबत्ता उन्होंने 'इंडिया' का हिस्सा बने रहने की भी घोषणाएं की हैं। अपने प्रभाव क्षेत्रों के बाहर गठबंधन के मायने क्या हैं? यदि ये घोषणाएं 'अंतिम' हैं, तो भाजपा की चुनावी संभावनाएं बढ़ सकती हैं। ममता और भगवंत मान दोनों ही अपने-अपने राज्य के मुख्यमंत्री हैं। आश्चर्य यह है कि बंगाल में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, के प्रति अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते रहे हैं। वह छुटभैया नेता नहीं हैं, बल्कि लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता हैं। वह ममता बनर्जी को 'अवसरवादी नेता' करार देते रहे हैं और बार-बार बयान देते हैं कि ममता कांग्रेस की कृपा और मदद से ही पहली बार सत्ता में आई थीं। कांग्रेस अकेले ही चुनाव लड़ने में सक्षम है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**सभी जानते हैं कि पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान ममता के द्वारा इस शब्द के बोले जाने के बाद पश्चिम बंगाल का क्या दृश्य था। पूरा बंगाल जल उठा था। वास्तव में आज ऐसे शीर्ष पद पर बैठे किसी भी व्यक्ति से यह उम्मीद नहीं की जा सकती, बल्कि कहना चाहिए कि अन्य किसी को भी इस प्रकार की भाषा का उपयोग नहीं करना चाहिए जोकि समाज जीवन में वैमनस्यता का कारण बने। लेकिन ममता यहां जो इस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल बार-बार कर रही हैं, उससे साफ है कि ममता को हिन्दुओं से सख्त नफरत है, वह तो वोट की, राजनीति की मजबूरियां हैं जो वह कई बार खुलकर नहीं बोल पाती हैं, भारत का संविधान है, कानून व्यवस्था है, उनके ऊपर केंद्र की सरकार भी है।**

# ममता की घृणित राजनीति



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**आश्चर्य होता है यह देखकर कि जिस समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत देश और दुनिया के तमाम देशों में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की खुशियां मनाई जा रही थीं, उस समय में ममता पश्चिम बंगाल के आम लोगों को अपनी जहरीली जुबान से भड़काने का काम कर रही थीं। वह भी 'सर्व धर्म समभाव' नाम से बुलाई गई रैली में।**

राजनीति करते-करते किस सीमा तक गिरा जा सकता है, इसके अनेकों उदाहरण विपक्षी दल के नेताओं के इस समय देखे जा सकते हैं। आश्चर्य होता है कि मोदी या भाजपा के बैर ने उन्हें इतना अंधा बना दिया है कि वे सही एवं गलत में भी अंतर नहीं करना चाहते । धरने पर बैठे राहुल गांधी भगवान रामलला के भव्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जो बोले वह अपनी जगह है, हद तो वीरप्पा मोइली ने भी की है, किंतु इन सब के बयानों से बढ़कर यदि किसी ने इस वक्त नफरत भरी घृणित शब्दावली का प्रयोग किया है तो वह हैं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी। एक राज्य के महत्वपूर्ण संविधानिक शीर्ष पद पर बैठे किसी व्यक्ति से इस प्रकार के शब्दों के बोलने की उम्मीद कोई नहीं करता, जैसा ममता बोल गई हैं। 'जो काफिर हैं वो डरते हैं, मरते हैं'। दुख यह सोचकर होता है कि काफिर शब्द के बारे में क्या ममता जानती नहीं हैं? सदियों से यह शब्द किन के द्वारा किन्हें संबोधित करने के लिए उपयोग में लाया जाता रहा है और आज भी उसी तरह से उपयोग में लाया जा रहा है; क्या यह भी वे नहीं जानती हैं? भारतीय ज्ञान परंपरा में शब्द को ब्रह्म की संज्ञा दी गई है, प्रत्येक शब्द के पीछे गहरे निहितार्थ छिपे रहते हैं। ऐसे में काफिर शब्द जिस अर्थ में उपयोग किया जाता है, उस अर्थ में यह शब्द इस्लाम में भाषायी दृष्टि से यह अरबी से आया है। इसका उपयोग उनके लिए होता है जिनका विश्वास इस्लाम में नहीं है। यदि इसके अधिक विस्तार में जाएं तो वह व्यक्ति जो इस्लाम की मान्यताओं के अनुसार अल्लाह और उसके रसूल प्रोफेट मोहम्मद को नहीं मानता है। फिर चाहे वह किसी भी धर्म का हो और किसी भी धर्म की मान्यता के अनुसार ईश्वर में आस्था रखता हो उसके लिए इतिहास में काफिर शब्द का प्रयोग है। आसान भाषा में उन लोगों के लिए ये शब्द है जो गैर-मुस्लिम है। जो इस्लाम में नहीं मानते हैं। काफिर को लेकर जो पर्यायवाची प्रायः मिलते हैं वे भी इसी अर्थ में यही बता रहे हैं कि अस्वीकार करने वाला, इनकार करने वाला, अविश्वास करने, ढकने वाला, जो खुदा और कुरआन को न मानता हो और जो गैर-मुसलमान है। जो इस्लाम को नहीं मानें वे काफिर या कुफ्र हैं। काफिर का मतलब 'मारने योग्य' भी होता है। भाषायी दृष्टि से जिस सीएम के नाम में 'ममता' शब्द है ममत्व एवं मातृत्व की जिसमें झलक सभी को समान रूप से दिखनी चाहिए, वह ममता नाम रखने वाली मुख्यमंत्री जब विभेद पैदा करनेवाली बातें अपनी जुबान से निकालती हैं, तो लगता है कि भारत में जब तक इस तरह के नेता रहेंगे यह देश कभी एकत्व को प्राप्त नहीं कर पाएगा। आश्चर्य होता है यह देखकर कि जिस समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत देश और दुनिया के तमाम देशों में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की खुशियां मनाई जा रही थीं, उस समय में ममता पश्चिम बंगाल के आम लोगों को अपनी जहरीली जुबान से भड़काने का काम कर रही थीं। वह भी 'सर्व धर्म समभाव' नाम से बुलाई गई रैली में। यहां वे लोगों को कड़ी चेतावनी देते हुए बोली हैं कि जो बीजेपी का समर्थन करते हैं या उसे वोट देते हैं। उन्हें देखेंगे।...एक बात याद रखना, बीजेपी की मदद मत करो, बीजेपी का अगर तुम लोग मदद करोगे कोई, तो अल्लाह की कसम, आप लोगों को कोई माफ नहीं करेगा, हम तो माफ नहीं करेंगे। फिर आगे बोलीं, जो काफिर हैं, वो डरते हैं, वो मरते हैं, जो लड़ते हैं वो जिंदा रहते हैं, वो बसते हैं, वो काम करते हैं। जब सोशल मीडिया पर उनका यह विवादास्पद वीडियो आया तो लगा कि एक तरफ भारत की एकात्मता के जय घोष के स्वर अयोध्या से गुंजायमान होकर संपूर्ण विश्व को आनन्दित कर रहे हैं और दूसरी तरफ ममता जैसे लोग हैं जोकि अभी भी एक सामान्य जन में नफरत के बीज बोने में लगे हुए हैं । यहां सोचने वाली बात यह भी है कि क्या इस तरह से ममता पहली बार बोल रहीं थीं? अनेक वीडियो सोशल मीडिया में मौजूद हैं जो बता रहे हैं कि ममता बनर्जी को बहुसंख्यक हिन्दू समाज से बहुत हैं, इस संदर्भ में उनके लिए गए रामनवमी निर्णय, हिन्दू साधुओं की पिटाई मामला या फिर हिन्दू विरोधी गतिविधियों पर मूक बने रहने के रूप में देखा भी जा सकता है। हर बार उन्होंने अपने आचरण से यही बताया है कि वे मुसलमानों को खुश रखने की राजनीति करती हैं। 'खेला होबे' भी उनका इसी तरह का बयान है, सभी जानते हैं कि पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान ममता के द्वारा इस शब्द के बोले जाने के बाद पश्चिम बंगाल का क्या दृश्य था। पूरा बंगाल जल उठा था। वास्तव में आज ऐसे शीर्ष पद पर बैठे किसी भी व्यक्ति से यह उम्मीद नहीं की जा सकती, बल्कि कहना चाहिए कि अन्य किसी को भी इस प्रकार की भाषा का उपयोग नहीं करना चाहिए जोकि समाज जीवन में वैमनस्यता का कारण बने। लेकिन ममता यहां जो इस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल बार-बार कर रही हैं, उससे साफ है कि ममता को हिन्दुओं से सख्त नफरत है, वह तो वोट की, राजनीति की मजबूरियां हैं जो वह कई बार खुलकर नहीं बोल पाती हैं, भारत का संविधान है, कानून व्यवस्था है, उनके ऊपर केंद्र की सरकार भी है। अन्यथा तो पता नहीं ममता राज में पश्चिम बंगाल के हिन्दू समाज को कई बार वह अपनी सत्ता में रहते हुए डारेक्ट एक्शन से कब का पूरी तरह से कुचल चुकी होतीं।



**भाषायी दृष्टि से जिस सीएम के नाम में 'ममता' शब्द है ममत्व एवं मातृत्व की जिसमें झलक सभी को समान रूप से दिखनी चाहिए, वह ममता नाम रखने वाली मुख्यमंत्री जब विभेद पैदा करनेवाली बातें अपनी जुबान से निकालती हैं, तो लगता है कि भारत में जब तक इस तरह के नेता रहेंगे यह देश कभी एकत्व को प्राप्त नहीं कर पाएगा।**

## एक्सप्रेस कविता

*आया जब भी वट वृक्षका घना साया,*
*बुजुर्गों का हाथ सिर पर जब घनेरा आया।*
*उनके चेहरे की सलवटे नहीं आशीर्वचन है,*
*उनकी याद आई, बच्चों का चेहरा सदा मुस्कुराया।*
*उनका मैंने जब भी शिद्दत से स्मरण किया,*
*उन्होंने ही सार्थक जीवन मेरा बनाया।*
*उनका चेहरा जब भी मुझे याद आया,*
*जीवन में फिर में कभी नहीं घबराया।*
*चलने से लेकर पढ़ने तक सब कुछ उनसे पाया,*
*धूप और बारिश से उन्होंने मुझे सदा बचाया।*
*यदि साथ हैं वें तो लो आशीर्वचन,*
*फिर मत कहना कि क्या खोया क्या पाया।*
*उनका अंश उनका अभिमान हो तुम,*
*अर्पित करो उन्हें जो तुमने उनसे सारा पाया।*

*-संजीव ठाकुर*

## एक्सप्रेस ज्ञान

*हर दिन अपना योगदान दें। जितना हो सके प्रकृति के लिए योगदान करें*




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्थी 32:54 तक |
| नक्षत्रः | पूर्व फाल्गुनी 18:53 |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | सोमवार |
| योगः | शोभना, 09:41 |
| सूर्योदयः | 07:15 |
| सूर्यास्तः | 17:53 |
| चंद्रमाः | सिंह राशि में |
| राहुकालः | 08:34-09:54 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | माघ |
| शुभ मुहूर्तः | 12:12-12:55 |

# जन एक्सप्रेस

### मनोरंजन भरपूर !

*राजनितिक उथल-पुथल ।*
*बदल रही तस्वीर ।।*
*हर पल नया घट रहा ।*
*लगे हैं सारे वीर ।।*
*बदलेगी सरकार लगता ।*
*है ऐसी सुर ताल ।।*
*हैं बेचैन सारे ।*
*करने को कमाल ।।*
*घटनाक्रम कुछ ऐसा ।*
*मनोरंजन भरपूर ।।*
*दिख जाएगा खेला ।*
*पल नहीं वो दूर ।।*
*बोल बचन सबका ।*
*है चढ़ा परवान ।।*
*हटा न कोई पीछे ।*
*सब डटे मैदान ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सोमैटिक योगा से मिलते हैं 5 फायदे



**नियमित** रूप से योग करके आप शरीर को स्वास्थ और मजबूत बना सकते हैं। योग से शरीर और मन पर काबू पाया जा सकता है। योगा एक्सपर्ट्स की मानें तो सोमैटिक योग से शारीरिक क्रियाओं को बेहतर किया जा सकता है। तनाव और स्ट्रेस को दूर करने के लिए इस अभ्यास को आप नियमित रूप से कर सकते हैं। इससे वजन को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। योग से पाचन क्रिया, मेटाबॉलिज्म, एनर्जी और हार्मोन को नियंत्रित व संतुलित करने में सहायता मिलती है।

**सोमैटिक योग के फायदेः** सोमैटिक योग में शारीरिक और मानसिक क्रियाओं से जुड़े कई योग आसनों को शामिल किया जाता है। एक्सपर्ट के अनुसार इसमें भस्त्रिका, अनुलोम-विलोम, कपाल-भाति, गोमुखासन, सूर्यनमस्कार और भुजंगासन आदि को शामिल किया जाता है। आगे जानते हैं इसके फायदे।

**तनाव को कम करेंः** आज की जीवनशैली में काम की वजह से अधिकतर लोगों को स्ट्रेस और तनाव की समस्या होने लगी है। सोमैटिक योग के अभ्यास से आप तनाव और स्ट्रेस को आसानी से दूर कर सकते हैं। इस दौरान सांसों से जुड़ी योग क्रिया से नर्वस सिस्टम को आराम मिलता है। जिससे स्ट्रेस धीरे-धीरे कम होने लगता है।

**शरीर की फ्लैक्सिब्लिटी को बेहतर करेंः** सोमैटिक योग में शामिल योग से शारीरिक गतिविधियां बेहतर होती है। इसके नियमित इस्तेमाल से शरीर की फ्लैक्सिब्लिटी इम्प्रूव होती है। साथ ही, मांसपेशियों की अकड़न दूर होती है। मांसपेशियों की अकड़न दूर होने से शरीर में लचीलापन आता है और आपकी शारीरिक क्रिया बेहतर होती है।

**शरीर के दर्द को दूर करेंः** शरीर में होने वाले दर्द और चोटों के दर्द को कम करने में सोमैटिक योग फायदेमंद होते हैं। इसमें सांसों से जुड़े योगाभ्यास और शारीरिक क्रियाओं से मांसपेशियों के तनाव को कम कर दर्द को दूर करने का प्रयास किया जाता है। इसके नियमित अभ्यास से मांसपेशियों को रिपेयर होने में मदद मिलती है। जिसकी वजह से दर्द में कमी आती है।

**पोश्चर में सुधार करेंः** इस प्रकार के योग में अक्सर शरीर मुद्रा पर ध्यान देने पर जोर दिया जाता है। जिससे रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्या दूर होती है और पोश्चर ठीक होता है। दरअसल, शारीरिक योग क्रिया से रीढ़ की हड्डी और कंधों में फ्लैक्सिब्लिटी आती है। जिसकी वजह से पोश्चर से जुड़ी समस्याओं में भी आराम मिलता है।

**शरीर-मन के बीच जुड़ावः** एक्सपर्ट के अनुसार इस क्रिया से आप मन और शरीर के बीच संबंध स्थापित कर पाते हैं। ऐसा करने से आपकी थकान और कमजोर दूरी होती है। साथ ही, शरीर के सभी अंग बेहतर ढंग से कार्य कर पाते हैं। नियमित रूप से योगाभ्यास को लाइफस्टाइल में शामिल कर आप कई तरह के रोगों से खुद का बचाव कर सकते हैं। शारीरिक ऊर्जा प्रदान करने का काम करता है। इसके फायदे लेने के लिए आप योगाचार्य की देखरेख में योग अभ्यास करें।

## एक्सप्रेस विशेष

# सुचारू चकबंदी प्रक्रिया ही लायेगी दूसरी हरित क्रांति



इन्द्र दमन तिवारी

**कृषि मंत्रालय की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की रिपोर्ट के अनुसार, देश में कृषि भूमि की जोत का औसत आकार पहले ही घटकर 1.2 हेक्टेयर तक रह गया है, अधिकांश खेती की भूमि छोटे टुकड़ों में बंटी हुई है और वहां खेती करना अव्यावहारिक हो रहा है।**

**कृषि मंत्रालय की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की रिपोर्ट के अनुसार, देश में कृषि भूमि की जोत का औसत आकार पहले ही घटकर 1.2 हेक्टेयर तक रह गया है, अधिकांश खेती की भूमि छोटे टुकड़ों में बंटी हुई है और वहां खेती करना अव्यावहारिक हो रहा है, चकबंदी के माध्यम से भूमि के छोटे टुकड़ों को मिलाने से कृषि उत्पादकता को बढ़ाने वाले उपायों में निवेश बढ़ाया जा सकेगा, जिसकी बदौलत कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी।**

**तीव्र** गति से बढ़ती हुई जनसंख्या एवं पारिवारिक विघटन के कारण खेतों के आकार लगातार छोटे होते जा रहे हैं, खेतों के टुकड़ों में बंट जाने से फ़सल की उत्पादकता में भी कमी आ रही है, ऐसे में चकबंदी के ज़रिए खेतों के बिखरे टुकड़ों को एक करने की आवश्यकता सदैव से रही है, किन्तु इसके विपरीत स्थिति यह है कि देश में छः दशक पूर्व शुरू हुई चकबंदी की प्रक्रिया आज़ तक पूरी नहीं हो पाई। चकबंदी करने का मुख्य उद्देश्य है कि इससे किसानों की बिखरी हुए जोतों को एक स्थान पर दे कर बड़ा चक बना दिया जाता है, जिससे चकों की संख्या कम हो जाती है, किसानों को खेती करने में आसानी होती है। चकबंदी हो जाने से किसान एक ही बड़ी जोत में अपने संसाधन का समुचित उपयोग कर पाते हैं, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होती है, माना जाता है कि चकबंदी होने से गाँवों में भूमि को लेकर जो लंबित विवाद हैं, वे निस्तारित तो होते ही हैं साथ ही गाँव की सार्वजनिक भूमि पर अवैध रूप से काबिज़ लोगों से भी भूमि को मुक्त करा लिया जाता है। चकबंदी से कृषि यंत्रीकरण में वृद्धि होती है, चकबंदी के दौरान खेतों की सिंचाई के लिए प्रत्येक चक को नाली और आवागमन की सुविधा के लिए चकमार्ग यानि चकरोड से जोड़ दिया जाता है। इस से पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है क्योंकि चकबंदी में गाँवों में वृक्षारोपण के लिए भी भूमि आरक्षित कर दी जाती है। देश में पंजाब और हरियाणा ही ऐसे राज्य हैं जहां चकबन्दी का कार्य पूरा किया जा चुका है, देश में अब तक 1,63,347 लाख एकड़ भूमि की चकबन्दी ही हो सकी है। 63 वर्ष पूर्व 1954 में उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले की जिस कैराना तहसील में चकबंदी की शुरुआत हुई थी, उस कैराना तहसील के (जो अब शामली जिले में आती है) किसान चकबंदी की मांग आज़ भी करते हैं, लेकिन उनकी मांगों को माना नहीं जा सका। शामली जिले में चकबंदी को लेकर अभियान चला रहे लोगों के अनुसार, वहां चकबंदी नहीं होने से किसान परेशान हैं, स्थिति यह है कि जिले के दर्जन से अधिक गाँवों के लोग लखनऊ से लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय तक चक्कर लगा चुके हैं, किंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में ÷मैटेरियलाईजेशन एंड डेलीबरेटिव सेटबैक्स ऑफ़ इन्यूटाइल कंसोलिडेशन पॉलिसीः ए कोंडेमिनिटरी स्टडी विद रिस्पेक्ट टू इंप्लीमेंटेशन एंड ए टीनेबल मेकैनिज्म टू इफैक्ट्यूएट इट्स ऑब्जेक्टिव विद स्पेशल रेफरेंस टू देवीपाटन मंडल÷ शीर्षक से अपने शोध के दौरान मैंने पाया कि किसी भी गांव में चकबंदी न होने का ख़ामियाजा सबसे अधिक छोटे किसानों को उठाना पड़ता है, क्योंकि इन गावों की हज़ारों बीघा सरकारी, ग्राम समाज, पट्टों, तालाबों और किसानों की भूमि पर राजनैतिक संरक्षण प्राप्त भूमाफिया काबिज़ होते हैं। चकबंदी न होने से गाँवों के अधिकतर तालाब सिर्फ कागज़ी आंकड़ों में ही बचे हैं, सैकड़ों बीघा चारागाह, तालाब और सरकारी भूमि पर अवैध कब्ज़ा है। यह अकेले एक मण्डल, जनपद, गांव या तहसील की स्थिति नहीं है, बल्कि प्रदेश के भिन्न हिस्सों में चकबंदी को लेकर किसानों की यही पीड़ा है। चकबंदी प्रक्रिया में धांधली को लेकर प्रदेश की लगभग प्रत्येक तहसील में वाद लम्बित हैं, शोध हेतु सर्वेक्षण के दौरान बातचीत में किसानों ने बताया कि जिनके गाँव में नब्बे के दशक में चकबंदी प्रक्रिया शुरू हुई थी, वह तो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई, चकबंदी में इनकी भूमि का सही मूल्यांकन न होने से गाँव के काफ़ी किसान भूमिहीन हो गए हैं, इसलिए चकबंदी प्रक्रिया दोबारा शुरू करने की मांग चल रही है। चकबंदी निदेशालय (उत्तर प्रदेश) की एक पुरानी रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में चकबंदी प्रक्रिया से संबंधित 1 लाख 728 मामले लंबित हैं। देवीपाटन मंडल में अफसरों की मनमानी के चलते चकबंदी को लेकर किसानों की तीन पीढ़ियां गुजर गईं, किंतु चकबंदी कार्य पूरा नहीं हो सका। चकबंदी के चक्कर में जिनके दादा जीवन भर परेशान रहे, अब उनके नाती-पोते भी परेशान हैं, अफ़सरों के मनमाने रवैये से परेशान किसान शासन-प्रशासन एवं न्यायालय की शरण में जा चुके हैं। देश में चकबंदी स्वतंत्रता से पूर्व सन् 1925 में सहकारी समिति के माध्यम से पंजाब राज्य में शुरू हुई थी, सन् 1939 में संयुक्त-प्रांत जोत चकबंदी अधिनियम बनाकर 6004 गाँवों मे चकबंदी हुई, आज़ादी के उपरांत सन् 1954 में उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले की कैराना और सुल्तानपुर जिले की मुसाफिरखाना तहसील में प्रयोग के तौर पर इसकी शुरुआत की गई थी।

# प्रेम प्रसंग में बेटे की हत्या कर किया शव गायब

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** एक साल से गायब थाना खीरी के गांव रुखिया निवासी रामगोपाल के मामले में उसके पिता ने सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि रामगोपाल की पत्नी ने अपने प्रेमी व अपने परिवार के दो लोगों के साथ मिलकर उनके पुत्र की हत्या की और शव कहीं गायब कर दिया।तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। कोर्ट के आदेश पर थाना खीरी पुलिस ने पत्नी समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या के उद्देश्य से अपहरण करने की धारा 364 के तहत केस दर्ज किया है। थाना खीरी के गांव रूखिया निवासी रामसागर के मुताबिक उनके पुत्र रामगोपाल की शादी इसी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी बलराम की पुत्री के साथ वर्ष 2016 में हुई थी। आरोप है कि बहू का आचरण ठीक नही था।उसके प्रेम संबंध लखीमपुर शहर में सेठ घाट रोड अर्जुनपुरवा निवासी अशोक कश्यप से हो गए थे। उनकी पुत्र वधू कुछ दिन बाद अपने मायके में रहने लगी थी, वहां भी अशोक कुमार का आना जाना था। उनके पुत्र राम गोपाल को जब सम्बन्धों की जानकारी हुई तो पुत्र ने अपनी पत्नी के खिलाफ विदाई का बाद परिवार न्यायालय में दायर किया।इस पर उसकी पत्नी अपने प्रेमी अशोक कुमार के साथ मिलकर रामगोपाल को जान से मारकर गायब कर देने की साजिश करने लगी। जिसमे पुत्र की सास लीलादेवी व ससुर बलराम साथ देने लगे। सभी चारों आरोपी मिलकर उसके पुत्र को मारकर गायब करने का षडयंत्र करने लगे। उन्होंने बताया कि पुत्र रामगोपाल ने इस बात का उल्लेख बिदाई के दायर किए गए बाद में किया है।छह फरवरी 2023 की शाम करीब 5 बजे पुत्र राम गोपाल रोज की तरह गांव के बाहर ऐरा रोड की तरफ शौच करने गया था। जाते समय भूरे की परचून की दुकान पर बीड़ी ली। लोगों ने भी बीड़ी लेकर शौच को जाते देखा भी है। तब से उनका पुत्र घर वापस नही आया है। उनका कहना है कि पुत्र की पत्नी ने अशोक कुमार, लीला देवी व बलराम के सहयोग व साजिश से पुत्र रामगोपाल का अपहरण कर लिया और उसकी हत्या कर शव कही गायब कर दिया है।आरोपी पत्नी वर्तमान समय में अशोक कुमार के साथ बतौर पत्नी की तरह रहती है। उनके पुत्र की बाइक भी उसी के पास है। उन्हे पूरा विश्वास है कि प्रेम प्रसंग के चलते रास्ते से हटाने के लिए उनके पुत्र की हत्या कर शव कहीं गायब कर दिया है।एसओ थाना खीरी अजीत कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर चारों आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 364 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामला बेहद गंभीर है, जिसकी जांच एसआई विजय कुमार को सौंपी गई है।

# पटेल प्रतिमा तोड़ने के विरोध में आज निकलेगा शांति मार्च

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

* कुर्मी क्षत्रिय समाज के तत्वावधान में विभिन्न मार्गों पर निकाला जाएगा शांति मार्च

मध्य प्रदेश के उज्जैन में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा को ट्रैक्टर से तोड़े जाने के विरोध में प्रदर्शन / शांति मार्च निकाला जाएगा। मार्च प्रदर्शन कुर्मी क्षत्रिय समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में मिल वाई पास रोड स्थित पटेल संस्थान से नगर के विभिन्न मार्गों पर निकाला जाएगा। जिसकी सूचना अध्यक्ष आनन्द वर्मा,मंत्री सुरेश कनौजिया एड के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन को दे दी गई है।

# ठेकदार को खराब ईंट वापस करने के साथ मनकों के साथ निर्माण करने के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस
खबर का असर
अख्तर अली

**निघासन-खीरी।** जहां एक और सूबे की योगी सरकार भ्रष्टाचारियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाकर उनके ऊपर कठोर कार्रवाई करने का फरमान भले ही दे रखें हो वहीं योगी सरकार के नियमों को ठेकेदार नजरंदाज करते हुए बी.पी.एच.यू. भवन निर्माण में जमकर कमीशन खोरी का खेला खेला जा रहा हैं।जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने सीएम से की हैं। और जन एक्सप्रेस समाचार पत्र ने उक्त खबर को बी.पी.एच.यू. भवन निर्माण में जमकर कमीशन खोरी का खेला खेला जा रहा की हेडिंग से दिनांक 24 जनवरी को प्रमुखता से प्रकाशित किया था खबर का हुआ असर अब


बी.पी.एच.यू.भवन निर्माण में जमकर कमीशन खोरी का खेल खेला जा रहा

जन एक्सप्रेस । अख्तर अली

निघासन-खीरी। जहां एक और सूबे की योगी सरकार भ्रष्टाचारियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाकर उनके ऊपर कठोर कार्रवाई करने का फरमान भले ही दे रखें हो वहीं योगी सरकार के नियमों को ठेकेदार नजरंदाज करते हुए बी.पी.एच.यू. भवन निर्माण में जमकर कमीशन खोरी का खेला खेला जा रहा है।जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने सीएम से की है।कस्बें के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाखों रुपए की लागत से बन रहे ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट (बी.पी.एच.यू.)भवन में शुद्ध पीला ईटा व निम्न गिरी क्वालिटी की सीमेंट का खुला इस्तेमाल किया जा रहा है।यहा काम कर रहे मिस्त्री अपना नाम न छपने की शर्त पर बताया कि कस्बें के कोरियाना के रोहित कुमार की देख रेख में इस भवन का निर्माण करवाया जा रहा है।जो सामग्री उक्त ठेकेदार लाकर दे रहे है,वहीं भवन में लगाकर भवन का निर्माण कर रहे है।ईंटों व सीमेंट के बाबत जब जानकारी मांगी गयी,तो ज़वाब में मिस्त्री ने कहा कि इसमें हमारी कोई गलती नहीं है हम तो अपना काम कर रहे है।इसकी जिम्मेदारी ठेकेदार की है।बताते चले कि इस भवन का शिलान्यास डॉ0मनसुख मांडविया स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण रसायन उर्वरक मंत्री भारत सरकार एवं प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक आदि की गरिमामय उपस्थिति में किया गया था।भवन का निर्माण कार्य देखते ही बनता है।जब शुरुआत से ही मानकों को दरकिनार कर अत्याधिक कमीशन खोरी के चलते निर्माण कार्य करवाया जा रहा है।इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब बुनियाद ही सही नहीं है तो भवन कितने दिन तक चलेगा साथ ही कोई अनहोनी घटना घटित होने की प्रबल संभावना बन रही है।

मानकों के अनुरूप होगा निर्माण कार्य बताते चलें कस्बें के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाखों रुपए की लागत से बन रहे ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट (बी.पी.एच.यू.)भवन में शुद्ध पीला ईटा व निम्न गिरी क्वालिटी की सीमेंट का खुला इस्तेमाल किया जा रहा हैं।यहा काम कर रहे मिस्त्री जो सामग्री उक्त ठेकेदार लाकर दे रहे हैं,वहीं भवन में लगाकर भवन का निर्माण कर रहे हैं।ईंटों व सीमेंट के बाबत जब जानकारी मांगी गयी,तो ज़वाब में मिस्त्री ने कहा कि इसमें हमारी कोई गलती नहीं हैं हम तो अपना काम कर रहे हैं।इसकी जिम्मेदारी ठेकेदार की हैं।बताते चले कि इस भवन का शिलान्यास डॉ0मनसुख मांडविया स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण रसायन उर्वरक मंत्री भारत सरकार एवं प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक आदि की गरिमामय उपस्थिति में किया गया था।भवन का निर्माण कार्य देखते ही बनता हैं।जब शुरुआत से ही मानकों को दरकिनार कर अत्याधिक कमीशन खोरी के चलते निर्माण कार्य करवाया जा रहा हैं।इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता हैं कि जब बुनियाद ही सही नहीं हैं तो भवन कितने दिन तक चलेगा साथ ही कोई अनहोनी घटना घटित होने की प्रबल संभावना बन रही हैं। खबर प्रकाशित होने के बाद सींएचसी पहुँचे जेई वीके वर्मा नें निर्माणधीन बिल्डिंग मे लग रही खराब ईट को वापस करने का निर्देश दिया और मानक के अनुसार ईट और समाग्री लगाने को कहा साथ ही काम कर रहे मजदूरों से कहा अगर मानक के अनुसार कार्य न करें तुरंत सुचना देना ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी वही ठेकेदार से ईट के बारे मे पूछा उसने बताया हम बाहर थे पीछे एक ट्राली आई थी वह ईट खराब थी उसको वापस लें जाने के लिए कहा गया है।

# पत्रकार इलेवन ने तीन रनों से मैच जीतकर व्यापार मंडल को किया ढेर

जन एक्सप्रेस । अख्तर अली



**निघासन खीरी।** नगर पंचायत निघासन के जिला पंचायत इंटर कॉलेज में निघासन पत्रकार बनाम व्यापार मंडल निघासन के बीच एक दिवसीय क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। पत्रकार इलेवन के कप्तान सुरजीत सिंह चानी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी पत्रकार इलेवन की टीम ने 16 ओवर में शानदार 137 रनो का लक्ष्य खड़ा किया। जिसमें पत्रकार इलेवन से ओपनिंग बल्लेबाजी करने उतरे उपकप्तान शरद मिश्रा हेड विकेट होने के चलते आउट हो गए। शुरू के तीन विकेट बहुत जल्दी गिर गए लेकर उसके बाद कप्तान सुरजीत सिंह चानी व रणधीर जोशन ने पारी को संभाला और शानदार 40 रनो की साझेदारी की लेकिन उसके बाद रणधीर जोशन का विकेट गिरने के बाद मोहम्मद यूसुफ ने भी गजब बल्लेबाजी करते हुए तीन छक्के लगाए। विकास दीक्षित अटल ने भी एक छक्का व एक चौका लगाकर 12 रन बनाए, अख्तर अली ने भी 15 रनो योगदान दिया। कप्तान सुरजीत सिंह चानी ने नाबाद 24 रन बनाए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी व्यापार मंडल की टीम में शुरू की स्थित ठीक नही रही मगर चंदन कश्यप ने एक छोर संभालते हुए 65 रन बनाए। मुन्ना यूनिक ने 25 रनो का योगदान दिया, कप्तान आनंद चतुर्वेदी भी अपनी टीम के लिए कुछ खास नहीं कर पाए।

एक वक्त ऐसा लग रहा था की व्यापार मंडल टीम जीत से चंद रन दूर थी मगर मोहम्मद यूसुफ की गेंद बाजी ने लगातार तीन विकेट लेकर मैच में जान डाल दी। चंदन कश्यप जो शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे यूसुफ की गेंद पर रणधीर जोशन ने बाउंड्री पर लाजवाब कैच पकड़ा। व्यापार मंडल को लास्ट ओवर में 3 रन बनाने थे मगर इस दौरान पिच पर लास्ट जोड़ी थी। मैच पूरी तरह से फस चुका था मगर अजीत के लास्ट ओवर की दूसरी गेंद पर बल्लेबाजी कर रहे सन्नी चानी ने विकेट कीपर रणधीर जोशन को कैच थमा बैठे। इस प्रकार पत्रकार इलेवन ने तीन रनो से जीत कर मैच अपने नाम किया।

मैच में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे निघासन कोतवाल सुरेश मिश्रा ने विजेता टीम को ट्राफी देकर जीत की शुभ कामनाएं दी। इस दौरान कोतवाल ने सभी खिलाड़ियों से परिचय भी प्राप्त किया।

# भीषण ठंड को देखते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने गांव के कई स्थानों पर जलवाए अलाव



जन एक्सप्रेस । मनोज कुमार मिश्रा

**बिजुआ-खीरी।** ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र में शीतलहर का प्रकोप बढ़ने के साथ ही ठंड का सितम बढ़ने लगा है। लाख दावों के बावजूद ठण्ड से बचाव की प्रशासन की व्यवस्था मात्र कागजों पर दिखाई पड़ रही है।अलाव जलवाने के नाम पर सम्बंधित कर्मचारियों द्वारा मात्र खानापूर्ति ही की जा रही है। लेकिन ऐसे में कुछ समाजसेवी ठंड से ठिठुरते लोगों के लिए मसीहा बनकर सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में विकासखंड बिजुआ के अंतर्गत ग्राम लखरावा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तनशीर खां ने ठंड से ठिठुरते लोगों के लिए अपने स्तर से अलाव जलवाने की व्यवस्था की है। प्रधान प्रतिनिधि तनशीर खां ने बताया की सर्दी का सितम बढ़ रहा है। लोग ठण्ड से कांप रहे है। ऐसे मे ठण्ड से ठिठुरते लोगों के लिए ग्राम पंचायत मे मेरे द्वारा अलाव की व्यवस्था की गई है। ग्राम लखरावा में कई स्थानों पर अलाव जलवा दिया गया है। शीघ्र ही आवश्यकता अनुसार अन्य स्थानों पर भी अलाव की व्यवस्था भी की जाएगी।वही ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि का यह एक सराहनीय कार्य है। परन्तु प्रशासन को भी शीतलहर को देखते हुए कस्बे गांव के सार्वजनिक स्थलों पर समुचित अलाव की व्यवस्था करनी चाहिए।

# हादसे में घायल की अस्पताल में मौत, परिवार में मचा कोहराम





जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

पीलीभीत बस्ती हाईवे पर शनिवार को सड़क हादसे में घायल हुए पूर्व होमगार्ड की उपचार के दौरान रविवार की सुबह मौत हो गई। इससे उनके परिवार में कोहराम मच गया। अब तक इस हादसे में पत्रकार समेत दो लोगों की मौत हो चुकी है। बताते चलें शनिवार की देर शाम पीलीभीत बस्ती हाईवे नैनिहा मण्डी बहराइच के पास लखीमपुर की तरफ से आ रही बोलेरो में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बोलेरो चला रहे पत्रकार प्रवीण दीक्षित 48 की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी, जबकि बोलेरो में सवार सात लोग घायल हो गए थे। सभी घायलों को से बहराइच जिले की सीएचसी मिहींपुरवा में भर्ती कराया गया था, जहां से हालत गंभीर होने पर 5 लोगों को लखनऊ रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान राधारमण मिश्रा 65 की रविवार सुबह मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# भारत की गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए 51 सूत्री ज्ञापन सौंपा

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार तिवारी

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** रविवार को मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि रविवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय ग्रामीण मनरेगा मजदूर मिस्त्री महामेला/विश्वकर्मा सम्मेलन का सायंकाल 5 बजे मेला/सम्मेलन का समापन मेले का स्थान ग्राम सकेथू प्रथिमिक विद्यालय के पूर्व तरफ मनरेगा मेला स्थल थाना हैदराबाद तहसील व ब्लॉक लखीमपुर जिला खीरी मेले में मुख्य अतिथि के रूप में शरद बाजपेई पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष खीरी, सुरजन लाल वर्मा पूर्व राज्यमंत्री, विशिष्ठ अतिथि विजय शुक्ला रिंकू अध्यक्ष नगर पालिका गोला/जिला उपाध्यक्ष भाजपा, अखिलेश पैलवी पूर्व जिला पंचायत सदस्य,सहित मनरेगा मजदूर मिस्त्री खेतिहर मजदूर विश्वकर्मा समाज के बढ़ई लोहार सुनार ठठेरा शिल्पी, राजगीर पुताई रंगाई मिस्त्री, अति पिछड़े



अति दलित ऐसी पचास जातियों के लोग ग्राम पंचायत सदस्य, किसान खुदरा व्यापारी, पत्रकार बंधु, अधिवक्ता गण ने भाग लिया।भारत के गरीबी बेरोजगारी भ्रष्टाचार जड़ खत्म करने के लिय 51 सूत्री मांगो का ज्ञापन जिला अधिकारी खीरी के प्रतिनिधि श्रीमान शिरिष त्रिपाठी को सौंपा गया। द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र, ओम बिड़ला लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री महोदय उत्तर प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपा गया मेला/सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि भारत को आजाद हुए 75 वर्ष हो चुके है लेकिन भारत 40 करोड़ मनरेगा मजदूर मिस्त्रियों, भारत के 16 करोड़ वैज्ञानिक विश्वकर्मा, भारत के 35 लखग्राम पंचायत सदस्यों, अति पिछड़े अति दलित ऐसी पचास को भारत की किसी दल की सरकार ने अब तक न्याय नहीं दे पाई है। भारत के सभी विभागों में मनरेगा मजदूर मिस्त्रियों को पोस्टिंग की जाए, 230 रुपए से बढ़ाकर मनरेगा मजदूरों को मजदूरी 700 रुपए की जाए व पुताई रंगाई मिस्त्रियों की 800 रुपए प्रतिदिन, 1000 रुपए प्रति दिन मजदूरी विश्वकर्मा समजा के बढ़ई लोहार सुनार ठठेरा शिल्पी को दिए जाए। गन्ना का मूल्य 800रुपए प्रति क्विंटल, गेंहू धान का मूल्य 5000 रुपए किया जाय ,भारत की सभी ग्राम पंचायत में ग्राम न्यायालयों की स्थापना की जाए , पूरे भारत में प्रत्येक 25 - 25 सुरक्षा मित्रों को पोस्टिंग की जाय। पूरे भारत के खलिहानों, बड़े तालाबों की श्रेणी में परिवर्तन किया जाए, पूरे भारत के भूमहिनों को 2 हजार रुपए प्रति बीघा व एक एकड़ से कम जोतकारों को 3 हजार रूपए प्रति बीघा जमीन किराए पर दी जाए। अयोध्या में भगवान राम मंदिर में भगवान विश्वकर्मा की पांच मुखी दस भुजाओं के साथ मूर्ति स्थापित की जाए। व राम मंदिर परिसर में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह व पूर्व कैबिनेट मंत्री पटेल राम कुमार वर्मा की सहित उनके पूरे मंत्री मंडल के चित्र लगाए जाए क्योंकि राम मंदिर आंदोलन के लिए अपनी सरकार की आहुति दी थी। श्री शर्मा ने जिक्र करते हुए भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 4 करोड़ आवास व करोड़ों शौचालय बनवाए है। जिसमे ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, ने 40 40 हजार रुपए लेकर आवास बेचे है।

# गणतन्त्र दिवस पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



जनपद के ऐतिहासिक कस्बा खैराबाद में 26 जनवरी 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सीतापुर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। युवा मोर्चा की रैली खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता की अध्यक्षता में बाइक रैली का आयोजन किया गया जिसमें पन्द्रह सौ से अधिक बाइक सवार कार्यक्रताओं ने भाग लिया।

अभिषेक गुप्ता ने कहा हमने खैराबाद में अल्प समय मे विकास के बहुत सारे कार्य करवाते हुए भाजपा पार्टी के प्रत्येक निर्देशो पर खरा उतरने का प्रयास किया है आज बाइक रैली में हमारे हजारों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया है इससे पहले भगवान राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भी हजार श्रद्धालुओं ने शोभा यात्रा में भाग लेकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया था। ये सब जनता का प्यार व आशीर्वाद है जिससे हम सभी अभिभूत है, व दिल से सभी का आभार प्रकट करता हु। उत्तर प्रदेश नगरविकास व विद्युत विभाग के कैबिनेट मंत्री माननीय ए के शर्मा जी ने नगरपालिका खैराबाद का वीडियो अपनी फेसबुक आईडी से पोस्ट किया था जिससे हम सबको गर्व की अनुभूति हुई। इस दौरान नि. जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि पूरे विश्व मे अपने कार्यों निर्णयों जन कल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र ने मां भारती को विश्वगुरु बनाने में अपना सफल योगदान प्रदान किया है। कार्यक्रम में मिश्रिख विधायक राम कृष्ण भार्गव,इंदु सिंह,भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सचिन मिश्रा, भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, जिला महामंत्री वैभव सिंह, अंशु मिश्र, समस्त नगरपालिका खैराबाद के सभासद व अन्य भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। इसी अवसर पर मदरसा अल्लामा फजले हक् खैराबादी मेमोरियल खैराबाद में 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम, देश प्रेम करना हम सबका परम् कर्तव्य है।काजिम. विशुननगर चौराहा स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के कार्यालय पर बड़े हर्ष और उल्लास के साथ 75 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय महासचिव बिंदू मौर्या ने ध्वजारोहण किया। कोषाध्यक्ष विजयपाल, जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार मौर्या, शिवपाल, सुशील कुमार, हरिलाल, गुड्डू, आदि पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।

# ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री परेशान

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर आने वाली ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों को निजात नहीं मिल पा रही है। ट्रेनों के विलंब से आने से यात्रियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को स्थानीय स्टेशन पर हावड़ा जंक्शन-योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस सात घंटे 31 मिनट देरी से आई। वहीं, आनंद बिहार-सद्भावना एक्सप्रेस दो घंटे 33 मिनट, धनवाद- फिरोजपुर एक्सप्रेस एक घंटे 52 मिनट, मेरठ सिटी एक्सप्रेस एक घंटे छह मिनट देरी से आई।

# बीती रात हुई ई-रिक्शा से बैटरी चोरी, नगर में लगातार हो रही चोरियों से नगर वासी दहशत में

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

नगर की खुटार रोड और मोहम्मदी रोड पर मकान के सामने खड़े ई रिक्शा से आठ बैटरियां चोर पार कर ले गए। चोरी हो गई बैट्रियों की कीमत लगभग एक लाख बताई गई है। घटना की तहरीर गोला पुलिस को दी गई है।नगर की खुटार रोड निवासी पूरन जायसवाल का ई रिक्शा मकान



के सामने रोड पर ही खड़ा था। रात में चोरों ने ई रिक्शा की चारों बैटरियां पर कर दीं। दूसरी घटना मोहम्मदी रोड निवासी पवन कुमार और राजकुमार का ई रिक्शा मकान के सामने ही खड़ा था दोनों ई रिक्शा में से चार-चार बैटरियां अज्ञात चोर चुरा ले गए। तीनों ई रिक्शा से चोरी गई बैटरियों की कीमत एक लाख के ऊपर बताई गई है। घटना की की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ सुनील कुमार राजवंशी सुभासपा में शामिल

जन एक्सप्रेस । रियासत अली सिद्दीकी

**रामकोट(सीतापुर)।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर रविवार दोपहर सीतापुर के भउवापुर गांव में पूर्व सपा नेता व पूर्व बसपा स्टार प्रचारक सुनील कुमार राजवंशी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व सपा नेता व पूर्व बसपा स्टार प्रचारक का समर्थकों के साथ सुभासपा में शामिल होना था। कार्यक्रम में पूर्व सपा नेता सुनील कुमार राजवंशी ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष



ओमप्रकाश राजभर की मौजूदगी में सुभासपा की सदस्यता ली। राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी शोसितो, वंचितों, दलितों तथा अल्पसंख्यकों की लड़ाई लड़ती आई है और हमेशा लड़ती रहेगी। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित हजारों की संख्या में मौजूद लोगों से पार्टी से जुड़ने की अपील की। ओपी राजभर ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा 20 साल तक समाजवादी पार्टी की सरकार नहीं आने देंगें। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रमुख प्रवक्ता अरुण राजभर, राष्ट्रीय सचिव इजहार अली, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील अर्कवंशी, प्रदेश सचिव यूथ पुनीत सिंह, डॉ. रामऔतार राजवंशी, पूर्व सदस्य जिला पंचायत राजकुमार राजवंशी, डॉ. मनोज अर्कवंशी, जिलाध्यक्ष कुलदीप रावत सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

# विधायक ने गणतन्त्र दिवस के अवसर पर पंचायत कर सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

**महमूदाबाद।** केंद्र व प्रदेश सरकार गांवो में शहरी सुविधाओं पहुंचाने के साथ ग्रामीणों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का काम कर रही है।इसका जीता जागता उदाहरण महमूदाबाद ब्लाक के नाथूपुर में देखा जा सकता है। गणतंत्र दिवस के मौके पर क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्या ने नाथूपुर ग्राम पंचायत में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के चलते ग्राम पंचायत द्वारा लाखों रुपए से भव्य अमृत सरोवर व अमृत वाटिका में आकर्षक हट, शेल्फी प्वाइंट,सरोवर में नाव, अमृत वन में दुर्लभ औषधियां जैसे-बालम



खीरा,हर्र, बहेड़ा,शतावर,तेज पत्ता भृंगराज गुम्मा आदि के साथ-साथ अमृत वाटिका में राजकीय पक्षी सारस को संरक्षित किया गया है।इस समय परिक्षेत्र में करीब आधा दर्जन राजकीय पक्षी सारस के साथ अन्य सैकड़ों प्रवासी पक्षी वातावरण को काफी आकर्षक बना रहे हैं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्या ने अमृत वाटिका का लोकार्पण किया और इसकी प्राकृतिक सुंदरता के विषय निर्माण में विशेष भूमिका निभाने वाले ग्राम रोजगार सेवक अविनाश वर्मा को सम्मानित कर ग्राम प्रधान शोभा देवी की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार की सोच है कि गांव के लोग शहर की ओर न जाए और शहर के लोग गांव को देखने के लिए आए इस दिशा में नाथूपुर का अमृत सरोवर काफी सुंदर है उन्होंने सभी ग्राम वासियों से इसके रखरखाव और सुरक्षा साफ-सफाई पर लगातार ध्यान देने की सलाह दी। ग्राम रोजगार सेवक अविनाश कुमार ने विधायक को आस्वस्थ किया कि अगर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों का सहयोग रहा तो इस परियोजना को और भी आकर्षक बनाकर ग्राम सभा की आय में वृद्धि करके गांव के समुचित विकास का पूरा प्रयास किया जाएगा।

# लुटेरों के शिकार हुए व्यापारी की इलाज के दौरान हुई मौत

# व्यापारियों ने थाने का किया घेराव, बाजार को कर दिया बंद, वारदात के तीसरे दिन भी पुलिस के हाथ हैं खाली

जन एक्सप्रेस। पनवाड़ी/महोबा

लुटेरो की गोली का शिकार हुए सर्राफा व्यापारी अजयकांत सोनी की उपचार के दौरान मौत हो गयी है। आक्रोशित व्यापारियों ने अपने- अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद कर लूट तथा हत्याकाण्ड का कड़ा विरोध जताया है।

जिले के कस्बा पनवाड़ी मे व्यापारियों द्वारा हत्याकाण्ड व लूट के विरोधास्वरूप अघोषित बंदी किये जाने से पुलिस प्रशासन सख्ते मे आ गयी और कस्बा पनवाड़ी के पुलिस बल को घेरे मे ले रखा है। कस्बे मे प्रत्येक चैराहे और सड़क पर पुलिस अधीक्षक द्वारा भारी पुलिस बल की तैनाती की गयी है। अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम सिंह तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार ने भारी पुलिस बल के साथ कस्बा पनवाड़ी मे आज सुबह से ही पुलिस बल के साथ पहुँचकर कस्बे की सड़को पर प्रभात फेरी लगाना शुरू कर दिया था ताकि व्यापारीगण लूट तथा हत्याकाण्ड मे विरोधास्वरूप सड़को पर न उतर सके। ज्ञातव्य हो कि 25 जनवरी 2024 को सरार्फा व्यापारी निवासी मु0 अलीपुरा कस्बा पनवाड़ी शाम 6 बजे अपनी ज्वैलर्स की दुकान बंद करके बैग मे सोने चॉदी के बेशकीमती आभूषण रखकर बाइक पर सवार हो अपने घर जा रहा था। अजयकांत सोनी अपने घर पहुँच पाता कि टीवीएस एजेंसी के पास पहले से घात लगाये खड़े बाइक मे खड़े दो अज्ञात लुटेरो ने सर्राफा व्यापारी अजयकांत पर गोलियो की बौछार कर दी। गोलियो से की बौछार से घायल अजयकांत सोनी अपनी बाइक से लड़खड़ाकर जमीन पर गिय गया। लुटेरे अजयकांत सोनी के जमीन मे गिरते ही उसका सोने, चॉदी के आभूषणो से भरा बैग लेकर हवा मे गोलियां चलाते हुए लुटेरे भाग गये। अपराधियो की गोलियो से घायल सर्राफा व्यापारी परिजन उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पनवाड़ी ले गये थे।





अजयकांत सोनी की हालत अत्यन्त नाजुक होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद अजयकांत सोनी को झॉसी मेडिकल कालेल के लिए रिफर कर दिया था।

झॉसी मेडिकल कालेज मे ढाई दिन चले उपचार के बाद अजयकांत सोनी की मौत हो गयी है वही दूसरी ओर घटना की तीन दिन बीत जाने के बाद भी थाना पनवाड़ी पुलिस अजयकांत सोनी लूट तथा हत्याकाण्ड के आरोपियो को बंदी बनाने मे असफल साबित हुई है। थाना पनवाड़ी पुलिस की निक्रियता कार्यप्रणाली के चलते कस्बा पनवाड़ी के व्यापारियो मे आक्रोश देखा गया और उन्होने पुलिस की निष्क्रियता तथा आक्रमण्डता का कड़ा विरोध जताते हुए अपने- अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानो मे तालाबंदी कर दी है। व्यापारियो द्वारा दुकानो मे तालाबंदी करने से पुलिस प्रशासन सख्ते मे आ गया और व्यापारियो के विरोध को दबाने के लिए कस्बे मे भारी पुलिस बल की तैनाती की गयी है। कस्बा की सड़के और गुंज गलियो मे भारी पुलिस बल नजर आ रहा है हालाकि मृतक अजयकांत सोनी का शव झॉसी से लाया जा रहा है और दुकानदार शव आने की प्रतीक्षा मे उसके आवास पर डटे हुए है।

# चोरी के माल सहित दो चोर गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। जालौन

कोतवाली पुलिस ने चोरी के माल के साथ दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर चालान कर दिया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी के मार्गदर्शन व क्षेत्रधिकारी रामसिंह के नेतृत्व में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार, उपनिरीक्षक गोविंद सक्सेना, रमेश सिंह दीवान, बिरजवीर सिंह, खुर्शीद आलम, जितेंद्र कुमार सहित पुलिस वल के साथ क्षेत्र में अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए धरपकड़ अभियान चलाने में लगे हुए थे। इसी दौरान उन्होंने मुखबिर की सूचना के आधार पर अखलेश पांचाल व अनिल पांचाल पुत्रगण वृजमोहन निवासी मोहल्ला भवानीराम को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके पास से दो बैटरी, एक एलसीडी, एक म्यूजिक सिस्टम, एक वूफर, एक इंवेटर, एक क्नवेटर के आलावा एक चाकू बरामद किया। चोरी के माल के साथ पकड़े गए दोनो लोगों के विरुद्ध पुलिस ने सम्बन्धित कारवाई कर चालान कर दिया।

# जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय चुर्खी का औचक निरीक्षण कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वार्डन श्वेता शर्मा, अध्यापिका सरिता कटियार व अकाउंटेंट रश्मि अनुपस्थिति होने पर स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति पंजिका, निपुण लक्ष्य की लिस्ट चेक किया। बच्चों की उपस्थिति पंजिका अनुसार उपस्थिति कम पाई गई। जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि शतप्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित रहे। उन्होंने कहा कि लंबे समय से स्कूल नहीं आ रहे बच्चों के माता-पिता को प्रेरित कर बच्चों को शतप्रतिशत स्कूल में लाया जाए। ताकि वह पढ़ाई में पीछे न रहे।




जिलाधिकारी ने बच्चों की पठन पाठन का जायजा लेते हुए बच्चों से 17 का पहाडा, 19 का पहाडा व 24 का पहाड़ा सुना। जिस पर बच्चों द्वारा बखूबी पहाड़ा सुनाया। उन्होंने पढ़ाई में कमजोर बच्चों को अलग से क्लास देकर पढ़ाने के निर्देश दिए ताकि वह भी बच्चे निपुण बन सकें। उन्होंने रसोई घर में बनाए गए भोजन की गुणवत्ता परखी निर्धारित रोस्टर अनुसार भोजन बनाया गया। उन्होंने बच्चों से भी पूछा कि आपको समय से भोजन फल आदि दिए जाते हैं या नहीं जिस पर बच्चों ने कहा कि रोस्टर अनुसार भोजन व समय से फल दिए जाते हैं, और निरंतर पठन-पाठन का कार्य भी किया जा रहा है।

इस अवसर पर एसडीएम हेमंत पटेल, क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र सिंह आदि स्टाफ मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर जीजा और साले ने किया युवती से दुष्कर्म

जन एक्सप्रेस। बघौचघाट, देवरिया

तीन साल पहले सीतापुर जिले के लहरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती की फेसबुक के जरिए बघौचघाट क्षेत्र के सेमरी निवासी यासीन के साथ जान-पहचान हुई। धीरे-धीरे यह दोस्ती नजदीकी प्यार में बदल गया। आरोप है कि 7 जून 2021 को यासीन सीतापुर पहुंच गया और शादी का झांसा देकर युवती को एक होटल में बुलाया। फिर लड़की के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। युवती फोन के जरिए जब यासीन पर शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने उसे देवरिया में एक हॉस्पिटल में निकाह के बारे में बात करने के लिए बुलाया।आरोप है कि जब युवती बताए पते पर पहुंची तो वहां पर यासीन अपने बहनोई हसन के साथ मौजूद था। दोनों ने मिलकर युवती का रेप किए। वहां से बहला-फुसलाकर युवती को वापस घर भेज दिया। पीड़िता ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद परिजन आरोपी के घर पहुंचे। दोनों पक्षों के बीच पंचायत हुई। उसके बाद पीड़िता 3 जुलाई 2023 को यासीन के साथ उसके घर पर रहने लगी। आरोप है कि जब युवती बताए पते पर पहुंची तो वहां पर यासीन अपने बहनोई हसन के साथ मौजूद था। दोनों ने मिलकर युवती का रेप किए। वहां से बहला-फुसलाकर युवती को वापस घर भेज दिया। पीड़िता ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद परिजन आरोपी के घर पहुंचे। दोनों पक्षों के बीच पंचायत हुई। उसके बाद पीड़िता 3 जुलाई 2023 को यासीन के साथ उसके घर पर रहने लगी। छह महीने बीत जाने के बाद भी यासीन ने पीड़िता से निकाह नहीं किया।उलटे जान से मारने की धमकी भी देनी शुरू कर दी। आरोप है कि 25 जनवरी को आरोपी उसके परिजन और रिश्तेदार मिलकर उसे मारना-पीटना शुरू कर दिए। फिर केरोसीन का तेल छिड़कर पीड़िता को जान से मारने की कोशिश की। किसी तरह से बच-बचाकर शनिवार को युवती बघौचघाट थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर दी।

इस मामले में एसओ बघौचघाट मृत्युजंय राय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# 'दुनिया के सभी संविधानों की अच्छाइंया भारतीय संविधान में विद्यमान हैं'

जन एक्सप्रेस। विजय प्रताप सिंह

**महोबा।** भारतीय संविधान दुनियां का सर्वश्रेष्ठ संविधान है जिसे संविधान सभा ने 26 नवम्बर 1949 ई0 को आंकित किया जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। प्रस्तावना संविधान की कुंजी है। इसमे आम जनता के लिए सामाजिक आर्थिक, राजनीतिक आदि समानता की बात कही गई है जैसा कि अब्राहम लिंकन की लोकतंत्र की परिभाषा मे कहा गया कि जनता की सरकार जनता के लिए जनता द्वारा बनायी जाती है। भारतीय संविधान के भाग तीन के कवर पृष्ठ पर भगवान कृष्ण रथ पर बैठे हुए अर्जुन को उपदेश देते हुए दर्शाये गए है। जिसका अर्थ है कि मौलिक अधिकारों को प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ता है और संविधान के चैथे भाग के कवर पृष्ठ पर राम सिया व लक्ष्मण के चित्र दर्शाये गए है। जिसका अर्थ है कि रामराज्य लाने के लिए चैथे भाग मे दिए गए नीति निदेशक सिद्धांतो का सभी सरकारों को जनकल्याण हेतु पालन करना चाहिए। इस संविधान के एक अन्य भाग पर अकबर कालीन चित्र दर्शाया गया है। अकबर ने तो अपने शासन काल मे चांदी का सिक्का जारी किया जिसमे राम, सिया, व लक्ष्मण के चित्र दर्शाये गए थे ये चित्र हिंदू, मुश्लिम एकता के सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहे। इस संविधान मे दुनिया के सभी संविधानो की अच्छाइयों का समावेश है जैसे अमेरिका के संविधान से भारतीय संविधान मे मौलिक अधिकार लिए गए, रूस के संविधान मे मौलिक कर्तव्य, आयलैण्ड के संविधान से नीति निदेशक तत्व, आस्ट्रेलिया के संविधान से समवर्ती सूची, दक्षिण अफ्रीका के संविधान से संशोधन प्रणाली, कनाडा के संविधान से भारतीय संघ प्रणाली, जर्मनी के वीमर संविधान से भारतीय राष्ट्रपति की आपात कालीन, शक्तियां जापान के संविधान से विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया, फ्रांस के संविधान से गणतंत्र व्यवस्था इंगलैण्ड के संविधान से संसदीय प्रणाली, सर्वाधिक महत्वपूर्ण संविधान की प्रस्तावना, मूल अधिकार, सर्वोच्च न्यायालय द्वारा संविधान की व्याख्या की शक्ति उपराष्ट्रपति का पद तथा कार्य एवं संविधान मे संशोधन विधि संविधान का लिखित स्वरूप संघीय धारणा, सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना तथा निर्वाचित राष्ट्रपति के पद का विचार अमेरिका के संविधान से लिया गया है।




## दहेज उत्पीड़न में रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम परौसा निवासी राखी देवी पुत्री बलवान सिंह ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि राघवेंद्र पुत्र महेंद्र सिंह निवासी ग्राम भिटारा थाना जालौन समेत पांच ससुरारीजनों ने मिलकर उससे अतिरिक्त दहेज के रूप में एक सोने की जंजीर मांगी। जब उसने जंजीर देने से मना कर दिया तो उसके साथ ससुराल जनों ने मारपीट की और तरह-तरह से प्रताड़ित कर उसको घर से निकाल दिया। जिसके चलते पुलिस ने आरोपी ससुरालजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम दमरास निवासी सुरजीत पुत्र शिवराज सिंह ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि अज्ञात व्यक्ति बैंक अधिकारी बनकर आया और उसने फोन नंबर से उसके कार्ड नंबर से 151900 निकल लिए। जब उसको इसकी जानकारी हुई तो उसने संबंधित अधिकारी से इसकी शिकायत की। इस पर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर लिए।

# बाजारों और विभिन्न क्षेत्रों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा




जन एक्सप्रेस। देवरिया

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को देवरिया जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली। यात्रा विभिन्न क्षेत्रों से गुजरी। इसमें शामिल कार्यकर्ताओं ने यात्रा के उद्देश्य के बारे में लोगों को जानकारी दी और उन्हें जागरूक किया। शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शहर कमेटी के अध्यक्ष आनंद श्रीवास्तव सोनू के नेतृतव में भारत जोड़ो न्याय यात्रा शहर के वार्ड नंबर आठ सकरापार से शुरू हुई। यात्रा कई वार्डों से होते हुए सिंचाई विभाग चौराहे पर पहुंची, जहां पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह रहे। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, बिस्मिल्लाह लारी, जयदीप त्रिपाठी, नागेंद्र शुक्ला, ऋषिकेश मिश्रा, विजय शेखर मल्ल, वरुण राय, सुभाष राय, मुकुंद भास्कर मणि, विजय शंकर मिश्र, सोहेल अंसारी आदि मौजूद रहे। उधर, गौरी बाजार क्षेत्र में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में पूर्व विधायक व कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में यात्रा निकाली गई। यात्रा गौरी बाजार रेलवे ओवब्रिज, रामपुर चौराहा, हाटा रोड होते हुए पार्टी के कैंप कार्यालय पहुंची। इस दौरान जिलाध्यक्ष रामजी गिरि, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के वाइस चेयरमैन मोहम्मद शाकिर हुसैन, वरुण राय, राम आशीष साहनी, प्रभारी मनोज मनी, राजेश उर्फ विकास सिंह, धर्मेंद्र पांडेय, सच्चिदानंद मिश्र, सत्य प्रकाश मणि आदि मौजूद रहे।

# दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट आधा दर्जन घायल, दो गम्भीर

**जन एक्सप्रेस/गौरीबाजार, देवरिया।** गौरीबाजार थाना क्षेत्र के गुडरी में शनिवार की देर रात शौचालय की टँकी बनवाने को लेकर हुए विवाद में जमकर मारपीट हो गयी। इसमे दोनों पक्षो के आधा दर्जन घायल हो गए। दो की हालत गम्भीर है। मामला दो सम्प्रदायो से जुड़ा होने के कारण पुलिस गांव में जमी हुई है।गांव में सरकारी शौचालय की टँकी बन रही है।

इसमे गांव के दो वर्गों के लोग काम मजदूरी कर रहे हैं। शाम को किसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हो गया। रात को करीब दस बजे एक पक्ष के लोग दूसरे पक्ष के घर पहुच गए और मारपीट शुरू कर दी। इसमे आधा दर्जन घायल हो गए।

## मारपीट के मामले दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर कालपी के नबीउल्लाह पुत्र चतुर अली ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए बताया कि धीरज राठौर पुत्र हीरालाल निवासी कस्बा व थाना कुठौंद ने उसके पुत्र शिवराम पत्नी और भतीजी के साथ गाली गलौज की और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। और उसके घर पर रखी गाड़ी को तोड़ दिया।

इस पर पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है। वही दूसरा मामला माधोगढ़ थाना के ग्राम कुटरा निवासी सरोवर सिंह पुत्र बुद्धू कुशवाहा ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि हरी सिंह पुत्र जबर सिंह कुशवाहा निवासी ग्राम कुटरा समेत तीन लोगों ने मिलकर उससे गाली गलौज की और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

# महोबा के कुलपहाड़ में वकीलों से पत्रकारों का हुआ मुकाबला

## सांसद ने मैत्री मैच का खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर किया शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस। महोबा

जनपद के कुलपहाड़ में आज अधिवक्ताओं और टीवी पत्रकारों के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ है। इस मैच का शुभारंभ सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल द्वारा खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया गया। मैच में टीवी पत्रकारों ने 49 रनों से जीत हासिल कर अधिवक्ताओं को शिकस्त दी है। संयुक्त मीडिया क्लब के बैनर तले खेलें पत्रकारों को सांसद ने जीत की ट्रॉफी दी, जिससे पत्रकारों का उत्साह देखने को मिला है। इस मौके पर सांसद से कुलपहाड़ में खेल मैदान की मांग अधिवक्ताओं ने की जिस पर सांसद ने हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिया है।

आपको बता दें कि जनपद के कुलपहाड़ कस्बे में आज बार एसोसिएशन और संयुक्त मीडिया क्लब के बीच एक दिवसीय मैच का आयोजन हुआ है। अधिवक्ता और टीवी पत्रकारों के बीच हुए इस मैत्री मैच में पत्रकारों ने अधिवक्ता टीम को 49 रनों से करारी शिकस्त दी है। मैच का शुभारंभ हमीरपुर महोबा लोकसभा के सांसद कुमार पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया है। इसके बाद अधिवक्ता टीम के कप्तान दिलीप यादव और पत्रकार टीम की तरफ से वरिष्ठ पत्रकार विराग पचौरी, भगवानदीन यादव,अमित श्रोतीय ने टॉस किया जिसमें टॉस जीत कर पत्रकारों ने पहले बल्लेबाजी की । पत्रकार टीम के कप्तान इरफान पठान की अगवाई में खेले गए इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पत्रकारों ने 15 ओवर खेल कर 139 रन बनाए हैं। जिसमें भारत त्रिपाठी ने तीन गेंदों में दो चैकों की मदद से 10 रन बनाए, जबकि नानू जुबेर अहमद ने 14 रन बनाकर योगदान दिया। इसके अलावा मु. सलीम, रविंद्र, वहीद अहमद, इमरान खान, अफसर,





शहनवाज, कौशल और सारिक ने भी बेहतरीन पारी खेली है। पहले बल्लेबाजी करते हुए 139 रन का लक्ष्य अधिवक्ताओं को पत्रकारों ने दिया था। जिस पर अधिवक्ता 15 वें ओवर में ही ऑल आउट हो गए। अधिवक्ताओं की तरफ से दिलीप यादव, अनिल पाठक, बृजेंद्र द्विवेदी, विजय, सग्गी यादव ने बैटिंग करते हुए लक्ष्य को पाने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे। इस मैच में फील्डिंग के दौरान भरत त्रिपाठी ने दो ओवर में चार रन देकर तीन विकेट लिए हैं

वहीं नानू जुबेर ने तीन विकेट, वहीद ने दो विकेट लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया है जबकि विकेट कीपर की जिम्मेदारी निभा रहे अफसार अहमद के प्रदर्शन की दर्शकों ने जमकर प्रशंसा की है। इस क्रिकेट मैच में भरत त्रिपाठी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया है। इस मौके पर सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने कहा कि खेल के मैदान से टीम भावना की प्रेरणा मिलती है साथ ही मिलकर काम करने का जज्बा पैदा होता है और पता चलता है की टीम की ताकत क्या होती है। इसी भावना से यदि मिलकर काम किया जाए तो देश हमारा हर क्षेत्र में आगे होगा इससे इंकार नहीं किया जा सकता। बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे कॉपरेटिव बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, पंकज तिवारी व गौरव शंकु बाजपेई ने भी इस मैत्री मैच की प्रशंसा कर पत्रकार टीम को जीत की बधाई देकर हौसला बढ़ाया।

वहीं कुलपहाड़ में खेल का मैदान ना होने पर सांसद ने चिंता जताई है और अधिवक्ताओं की मांग पर जल्द से जल्द कुलपहाड़ कस्बे में खेल मैदान की व्यवस्था किए जाने का आश्वासन दिया। मैच में अंपायर मनोज रावत, सत्या चैधरी रहे और कमेंट्री मलखान सिंह और राकेश अग्रवाल ने की है। आयोजित मैच में प्रेस क्लब ऑफ यूपी के जिलाध्यक्ष रमाकांत मिश्रा, आनंद दिवेदी, कफील अहमद गुलाब सिंह, मुजीब खान, धर्मेंद्र कुमार, राहुल कश्यप, अखिलेश दिवेदी, शहबाज राइन आदि लोग मौजूद रहे।

# नव्य अयोध्या की टेंट सिटी में तैयारियां पूर्ण भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री ने किया हवन-पूजन

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

श्री राम मंदिर दर्शन यात्रा के लिए नव्य अयोध्या में बनी टेंट सिटी में तैयारियां पूर्ण होने के बाद रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने हवन-पूजन किया।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों व भाजपा पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात का लाइव प्रसारण भी सुना। दर्शन यात्रा के 25 व्यवस्था प्रमुखों के साथ कार्यों की समीक्षा की। सभी व्यवस्थाओं को चुस्त दुरूस्त बनानें के निर्देश दिए। कहा कि यहां आने वाले सभी राम भक्त रामलला के दर्शन के साथ यहां के आतिथ्य का सुखद अनुभव लेकर वापस लौटे व्यवस्थाओं को इस प्रकार व्यवस्थित करें। मन की बात कार्यक्रम प्रसारण के बाद राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि सरकार के दोनों कार्यकाल में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखा। देश के सभी नागरिक इस अभूतपूर्व विकास के साक्षी रहे है। युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त हुए हैं।

किसान समृद्ध हुए हैं। गरीबों के जीवन में सुधार हुआ है। महिलाओं का उत्थान हुआ है। श्रमिकों को सम्मान मिला है। प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि राष्ट्र के विकास की यह अभूतपूर्व यात्रा प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और दृढ़ इच्छा शक्ति के कारण संभव हुआ है। 2014 के बाद से भारत के प्रत्येक व्यक्ति ने विकास से हुए बदलावों को



महसूस किया है। प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह मन की बात की मुख्य उद्देश्य राष्ट्रनिमार्ण के साथ ही चरित्र निर्माण करना है।

देश हित के अभियानों को गति प्रदान करना तथा राष्ट्र व समाज के हित में अच्छा कार्य कर रहे लोगों से संवाद कर प्रधानमंत्री ने उनका उत्साह वर्धन किया है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि पर प्राण प्रतिष्ठा उसके साथ हो रहे विकास से अयोध्या विश्व के पर्यटन मानचित्र पर उभरी है। अयोध्या सम्पूर्ण विश्व में धार्मिक राजधानी के रूप में स्थापित हो गई है।कार्यक्रमों में महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, जिपंअ रोली सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद गुप्ता, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, आलोक सिंह रोहित, हर्षवर्धन सिंह, गोरखनाथ बाबा, शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्र, प्रतीक श्रीवास्तव, बालकृष्ण वैश्य, आलोक द्विवेदी, रवि सोनकर, अभय सिंह, अमल गुप्ता, इं. रणवीर सिंह, बब्लू मिश्र सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जीएस पाल बजाज द्वारा किया गया लकी ड्रॉ का आयोजन

**✱ सात भाग्यशाली विजेताओं को दिया गया नगद पुरस्कार**

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के जीएस पाल बजाज की ओर से रविवार को भगवती आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज के धर्मपुर स्थित ग्राउंड में मेगा लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया। लकी ड्रॉ में 7 भाग्यशाली विजेताओं को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार 28 जनवरी को जीएस पाल बजाज ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित मेगा लकी ड्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटूराम व विशिष्ट अतिथि आदर्श नगर पालिका बलरामपुर अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने किया। लकी ड्रा के प्रथम विजेता पिपरी कोल्हुई निवासी बजाज के ग्राहक सगीर को पचास हजार का नगद पुरस्कार दिया गया।

जीएस पाल बजाज के सीईओ सरदार भूपेंद्र सिंह उर्फ सनी ने बताया कि इस मेगा लकी ड्रा में पांच नवंबर से 20 नवंबर 2023 के मध्य दीपावली व धनतेरस के उपलक्ष में बजाज के वाहनों की खरीदारी करने वाले ग्राहकों के नाम शामिल किए गए थे। मेगा लकी ड्रा में सगीर को पचास का नगद पुरस्कार दिया गया।

इसी तरह से कीर्तापुर के जगदंबा को 25 हजार, मनकी निवासी प्रकाश को 15 हजार का नगद पुरस्कार दिया गया है। जबकि पचपेड़वा के गुलाम रब्बानी वह डफलपुर के अब्दुल हलीम को 10- 10 रुपए का नगद पुरस्कार मिला है। इसी तरह से कोड़री के जितेंद्र कुमार व विजयडीह के नवाब को पांच पांच हजार का नगद पुरस्कार दिया गया। लकी ड्रा में नगद पुरस्कार पाकर ग्राहकों के चेहरे खिल उठे। जीएस पाल बजाज के संस्थापक सरदार प्रीतपाल सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम व नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए जीएस पाल बजाज के अधिकारियों और कर्मियों को बधाई दी। सरदार भूपेंद्र सिंह ने लोगों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि ग्राहकों के लिए आगे भी इस तरीके के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शासकीय अधिवक्ता पवन शुक्ला, डीपी सिंह बैस व गौरव पांडेय सहित भारी संख्या में ग्राहक व बजाज के कर्मी मौजूद थे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने एवं स्वास्थ्य योजनाओं के पर्यवेक्षण के लिए जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिलाधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने नियमित टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं में एचआरपी चिन्हीकरण,ई कवच, संस्थागत प्रसव, आयुष्मान भारत, आरसीएच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर की क्रियाशीलता एवं निर्माण की प्रगति, आशा भुगतान, 102 नेशनल एंबुलेंस सेवा की स्थिति, 108 इमरजेंसी मेडिकल ट्रांसपोर्ट सर्विसेज एंबुलेंस सेवाओं की स्थिति, जननी सुरक्षा योजना का भुगतान, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आदि की गहन समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



**सभी चिकित्सालय और स्वास्थ्य केंद्रों पर सफाई के कड़े निर्देश**

जनपद के सभी जिला चिकित्सालय,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं स्वास्थ्य केन्द्र साफ सुथरे हो तथा वहां स्वच्छ शौचालय हो इसके लिए बैठक में डीएम ने कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा की चिकित्सालयों में दिन में कम से कम दो से तीन बार शौचालयों की साफ सफाई सुनिश्चित किया जाए। शौचायल के दरवाजे पर सफाई कर्मचारियों की रोस्टर वाइस ड्यूटी एवं नाम चस्पा हो। सफाई कर्मचारियों के कार्यों के निरीक्षण के लिए सुपरवाइजर तैनात किए जाएं। प्रत्येक चिकित्सालयों में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी भी बनाए जाएं। नोडल अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे की अस्पताल में बेहतर हाइजीन मेंटेन हो एवं शौचालय नियमित रूप से दिन में दो से तीन बार साफ किया जाए।

# मुठभेड़ में दो आरोपी गिरफ्तार तमंचा-कारतूस बरामद

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



बीकापुर कोतवाली अंतर्गत सीमांत इलाके में विसुही नदी के कछार में हुये गोवध प्रकरण में पुलिस की आरोपियों से मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में एक को पैर में गोली लगी, पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। दो दिन पूर्व बीकापुर कोतवाली और हैदरगंज थाना क्षेत्र के सीमा पर स्थित नदी के कछार क्षेत्र में गौ हत्या की वारदात हुई थी।हिंदूवादी संगठनों के विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल की थी और फिर बीकापुर कोतवाली में रिपोर्ट पंजीकृत कराई गई थी।सीओ बीकापुर सुरेंद्र सिंह का कहना है कि मामले की तफ्तीश में जुटी कोतवाली पुलिस की माता प्रसाद इण्टर कॉलेज विट्ठलपुर चन्दौली निधियावा से आधा किमी पहले आरोपियों से मुठभेड़ हुई है। जिसके बाद गोवध निवारण व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम में वांछित मो मुस्तफा उर्फ चाँद बाबू निवासी ग्राम माझाँ सोनौरा थाना हैदरगंज और मो. जमील निवासी बरावं थाना बल्दीराय, सुल्तानपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने एक बाइक और तमंचा कारतूस बरामद किया है। मुठभेड में मो मुस्तफा उर्फ चाद बाबू के दाहिने पैर मे गोली लगी है, जिसको सीएचसी बीकापुर से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ विभिन्न मामलों के आठ तथा मो0 जमील के खिलाफ तीन मामले दर्ज मिले हैं।

# भीषण ठंड के बीच समाजसेवी ने वितरित किए कंबल

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अमानीगंज विकासखंड के विभिन्न गांव के वृद्ध, असहाय, विधवा, निराश्रित, दिव्यांग एवं जरूरतमंदों को अमानीगंज ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह की अध्यक्षता में चितौरा ग्राम प्रधान एवं समाजसेवी अनूप सिंह **रानू** ने कंबल वितरण किया। अनूप सिंह रानू द्वारा विगत कई वर्षों से लगातार जरूरतमंदों को कंबल का वितरित करते चले आ रहे हैं। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमानीगंज पवन सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा करने से बड़ा पुनीत कार्य कोई नहीं है। हर वर्ग के अमीर लोगों को गरीब जनता की सेवा करने के लिए आगे आने की जरूरत है। कड़ाके की ठंड से क्षेत्र में किसी की मौत न हों, इसके लिए गरीबों को कंबल वितरित करना चहिए। समाजसेवी एवं ग्राम प्रधान अनूप सिंह ने कहा कि पीड़ितों की मदद किया हूं, सदैव करता रहूंगा। आज के परिवेश में भावना से समाज के उत्थान और विकास में सहयोग करने की जरूरत है। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि निराश्रित कमजोर वृद्ध, विधवा, दिव्यांग आदि जरूरतमंदों की सेवा करना मेरा प्रथम दायित्व है और यह स्वयं सेवा आजीवन चलती रहेगी। अनूप सिंह ने क्षेत्र के सैकड़ों संभ्रांत लोगों को सम्मानित करते हुए 500 जरूरतमंदों को कंबल का वितरित किया। कंबल पाने वाली राजदेई, राम उरेही, राम मनोहर, राजाराम, राम सजीवन, प्रेमा देवी सहित दर्जनों महिलाओं तथा पुरुषों ने कहा कि हर व्यक्ति का ध्यान रानू भैया रखते हैं।

## नौनिहालों का भविष्य बर्बाद हो रहा है

**जन एक्सप्रेस/रामपुर भगन-अयोध्या।** तारुन थाना अंतर्गत पुलिस चौकी राम भगन क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब का धंधा तेजी से फल फूल रहा है चौकी पुलिस व आबकारी विभाग की मिली भगत से क्षेत्र के बरावं, परसावां महोला, माहन मऊभट्टा, हरीपुर जंगल सहित कई स्थानो पर अवैध कच्ची शराब धड़ल्ले बिक रही है क्षेत्र के संभ्रांत लोगों का कहना है कि कड़ाके की ठंड शुरू होते ही अवैध कच्ची शराब की बिक्री बढ़ गई है और प्रत्येक अड्डे पर शाम होते ही पीने और पिलाने का सिलसिला शुरू हो जाता है और देर रात तक चलता रहता है जिससे गांव के लोगों का जीना दुश्वार हो गया है उक्त गांव के लोग बताते है की इस अवैध काम को इलाकाई पुलिस व आबकारी पुलिस बढ़ावा दे रही है और धनउगाही कर रही है जिससे क्षेत्र के नौनिहालों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। इस अवैध काम की जानकारी शायद थानाध्यक्ष तारुन को नहीं है।

## अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान ने उठाई भगवान चित्रगुप्त चौक की मांग

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान ने महानगर में चित्रगुप्त चौक बनाने की मांग उठाई है। शनिवार को संस्थान की महिला विंग ने महापौर गिरीश पति त्रिपाठी को अपना मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र पर विचार करते हुए महापौर ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त जी की महिमा देश दुनियां में पहुंचे इसके लिए वह पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने संगठन से एक सप्ताह का समय मांगा और कहा कि संगठन की मांग पर शीघ्र फैसला किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम के साथ भगवान चित्रगुप्त जी की भी महिमा देश विदेश के लोग जान सके इसके लिए अयोध्या महानगर में चित्रगुप्त चौक के लिए स्थान आवंटित किया जाएगा। मांग पत्र सौंपने वालों में एकता श्रीवास्तव मोना श्रीवास्तव,अंजू श्रीवास्तव, दीपा श्रीवास्तव, शामिल रहीं।

# एनटीपीसी को शीर्ष नियोक्ता 2024 के रूप में किया गया प्रमाणित

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

2024 शीर्ष नियोक्ताओं की घोषणा की गई है जिसमें एनटीपीसी लिमिटेड को शीर्ष नियोक्ता संस्थान द्वारा भारत में शीर्ष नियोक्ता के रूप में प्रमाणित किया गया है।

एनटीपीसी से दिलीप कुमार पटेल, निदेशक (मानव संसाधन) ने 25 जनवरी, को सिंगापुर में आयोजित शीर्ष नियोक्ता 2024 प्रमाणन समारोह कार्यक्रम में एनटीपीसी की ओर से इस पुरस्कार को प्राप्त किया है।

शीर्ष नियोक्ता संस्थान मानव संसाधन की सर्वोत्तम प्रथाओं में उत्कृष्टता प्रमाणित करने वाला वैश्विक मानव संसाधन प्राधिकरण है। यह 33 वर्षों



से अधिक समय से, फर्म प्रमाणन, बेंचमार्किंग और दुनिया भर के शीर्ष नियोक्ताओं को जोड़ने के माध्यम में मानव संसाधन रणनीतियों के प्रभाव को तेज करने के लिए समर्पित है। प्रमाणीकरण के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए एनटीपीसी ने निम्नलिखित चरण पूरे किए÷ एचआर बेस्ट प्रैक्टिस सर्वेक्षण, सत्यापन और ऑडिट। एनटीपीसी का प्रदर्शन स्कोर अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप आंका गया और एनटीपीसी ने शीर्ष नियोक्ता का दर्जा हासिल किया है।

शीर्ष नियोक्ता के रूप में प्रमाणित होना काम की बेहतर दुनिया के प्रति एनटीपीसी के समर्पण को दर्शाता है जो इसके ÷पीएलएफ (प्लांट लोड फैक्टर) से पहले के लोग÷ दृष्टिकोण और प्रगतिशील मानव संसाधन नीतियों और लोगों की प्रथाओं के माध्यम से प्रदर्शित होता है जो संगठनात्मक दृष्टि को साकार करने और सकारात्मक बनाने में योगदान करते हैं।

इस उपलब्धि पर एनटीपीसी टांडा के मुख्य महाप्रबंधक बी सी पलेई ने प्रसन्नता जाहिर की और सभी को शुभकामनाएं दी।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में समिति की हुई बैठक

**जन एक्सप्रेस । अयोध्याधाम**

मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में प्रशासन एवं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मध्य बेहतर समन्वय बनाने के लिए गठित समन्वय समिति की बैठक श्रीराम जन्मभूमि परिसर स्थित एल0एन0टी0 सभाकक्ष में सम्पन्न हुई, जिसमें श्रीराम जन्मभूमि परिसर में दर्शनार्थियों के सुगम दर्शन हेतु दर्शन मार्गों एवं निकास मार्गों पर पर्याप्त मात्रा में जगह-जगह सायनेजेज(संकेतक) लगाने तथा परिसर के अंदर स्थित शौचालयो में संकेतक लगाने के निर्देश दिए एलएनटी के अधिकारियों को दिए गए। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु ट्रस्ट द्वारा तैनात की गई सुरक्षा एजेंसी स्क्वैस को और अधिक मैनपॉवर की तैनाती किये जाने तथा उन्हें प्रशिक्षित करने



के संबंध में चर्चा की गई। मंदिर परिसर की साफ सफाई व्यवस्था बेहतर रखने के लिए ट्रस्ट द्वारा तैनात की गई बीवीजी एजेंसी के प्रतिनिधि को निर्देश दिया गया कि परिसर में कहीं भी किसी भी प्रकार का कूड़ा करकट ना रहे यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त मात्रा में सफाई कर्मियों की तैनाती करते हुए नियमित कूड़ा उठाने का कार्य किया जाए तथा प्रवेश बिंदु जहां पर चेकिंग होती है उस स्थान पर आकर्षक डिजाइन वाले डस्टबिन रखे जाएं जिससे जांच के दौरान जो भी समान निकले उसे उसमें डाला जा सके। मंडलायुक्त ने कहा कि पिलग्रिम फैसिलिटी सेंटर (पी0एफ0सी0)में आने वाले दर्शनार्थियों के सामान, जूते- चप्पल आदि रखने की व्यवस्था को और सुदृण करने की आवश्यकता है जिससे दर्शनार्थियों को दर्शन करने में सुगमता हो और पी0एफ0सी0 परिसर में पर्याप्त होल्डिंग एरिया विकसित किया जाय।

# एमएलके पीजी कॉलेज के प्रवक्ता श्री प्रकाश मिश्र का प्रोजेक्ट हुआ पेटेंट

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज मे बीएड विभाग के प्रवक्ता प्रोफेसर श्री प्रकाश मिश्र के नाम एक डिजाइन पेटेंट हुआ है।

जानकारी के अनुसार 28 जनवरी को श्री प्रकाश मिश्रा द्वारा तैयार किए गए प्रोजेक्टर आधारित पेटेंट का पंजीकरण कंट्रोलर जनरल ऑफ़ पेटेंट्स डिजाइन एंड ट्रेडमार्क भारत सरकार द्वारा पंजीकरण श्रेणी 16-02 में किया गया है । इस डिजाइन के पेटेंट में केरल से डॉ निशि दास, तमिलनाडु से डॉ कन्नन, उत्तराखंड से ध्रुव कुमार और वर्षा तिवारी, बदायूं से डॉ शिवराज कुमार तथा स्वामी सुखदेवानंद कॉलेज, शाहजहांपुर से प्राचार्य प्रो राजेश कुमार आजाद तथा जंतु विज्ञान की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ निधि त्रिपाठी शामिल है। प्रोफेसर श्री प्रकाश मिश्र ने बताया की स्मार्ट एजुकेशन प्रोजेक्टर एक टेक्नोलॉजी है जो शिक्षा में नई तकनीकी एप्रोच का उपयोग करती है। इसके द्वारा विद्यार्थियों को विषय वस्तु को समझने में सहायता मिलेगी। विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा प्रदान करने तथा कक्षा को अति रुचकर ,सरल, सहज और बोधगम्य बनाने में यह डिजाइन मदद करेगा । यह स्मार्ट प्रोजेक्टर अंतर क्रिया तकनीक के माध्यम से विद्यार्थियों में अधिगम को प्रोत्साहित करेगा। प्रो श्री प्रकाश मिश्रा की इस उपलब्धि पर प्राचार्य, प्रो जे पी पांडे ने इस महाविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में रेखांकित किया। प्रबंध समिति सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहंत (रिटा), संयुक्त सचिव श्री बी के सिंह, मुख्य नियंता प्रो पी के सिंह, समन्वयक प्रो तबस्सुम फरकी, प्रो राघवेंद्र सिंह, प्रो एम अंसारी ,प्रो रेखा विश्वकर्मा, प्रो वीणा सिंह, प्रो पीसी गिरी डॉ विमल प्रकाश वर्मा, डॉ दिनेश मौर्य ,डॉ राम रहीस ,डॉ सद्गुरु प्रकाश, डॉ आलोक शुक्ला, डॉ राजीव रंजन, डॉ अशोक कुमार, डॉ सुदेश भट्ट, डॉ जितेंद्र डॉ ऋषि रंजन सहित विभिन्न प्राध्यापकों ने हर्ष व्यक्त किया तथा प्रोफेसर मिश्रा को बधाई दी। इस पेटेंट के संदर्भ में बात करने पर प्रो श्री प्रकाश मिश्र ने बताया कि स्मार्ट प्रोजेक्टर से छात्रों को तथ्यों का, अधिकतम प्रत्यक्षीकरण कर सकेंगे तथा साथ ही शिक्षक और छात्र ज्ञान साझा करने में पारस्परिक सहयोग कर सकेंगे। तकनीक विकास के क्रम में वर्तमान प्रोजेक्टर से उच्च स्तर का स्मार्ट प्रोजेक्टर विकसित करने हेतु यह पेटेंट लिया गया है।



## पंचतत्व में विलीन हुए अधिवक्ता अशोक पांडेय, पुत्र चंदन द्वारा दी गई मुखाग्नि

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व कार्यकारिणी सदस्य अशोक पांडेय (54) का अंतिम संस्कार अयोध्या स्थित श्मशान घाट में किया गया, मुखाग्नि उनके पुत्र चंदन द्वारा दी गई, ज्ञात होगी की अधिवक्ता अशोक पांडे काफी समय से बीमार थे, हार्ट में ब्लॉकेज के चलते जल्द ही उनका ऑपरेशन हुआ था, अधिवक्ता अशोक पांडेय बेहद स्वाभिमानी स्वभाव के थे, राजनीति में बेहद रूचि थी उनके शुभचिन तक बदलते हैं कि एक बार में साकेत महाविद्यालय अध्यक्ष पद का चुनाव भी लड़े थे तदुपरांत जिला पंचायत, एक बार में बीडीसी के सदस्य भी चुने गए थे, राम जन्मभूमि आंदोलन में भी उन्होंने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया अधिवक्ता मनीष पांडेय ने जानकारी देते हुए बतलाया कि1990 की कारसेवा के वे एक प्रमुख सदस्य थे। आंदोलन में उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था, उनके अंतिम संस्कार में उनके परिजन शुभचिंतक मित्रगण एवं अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने निकाली प्रादेशिक भारत जोड़ो न्याय यात्रा

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

बीते 14 जनवरी से कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गांधी फिर एकबार भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम जनता के बीच पहुंच रहे हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा इस समय पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में है फरवरी के दूसरे सप्ताह तक उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी। यूपी में राहुल गांधी की यात्रा पहुंचने से पहले प्रदेश की कांग्रेस कमेटी प्रादेशिक भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से जनजागरण करने का काम कर रही है, इसी सिलसिले में अयोध्या जनपद के मवई ब्लाक में रविवार को ब्लाक अध्यक्ष परमानंद शुक्ला की अगुवाई और संजय तिवारी के मार्गदर्शन में उमापुर बाजार में पदयात्रा निकालकर लोगों से संवाद स्थापित किया। यात्रा के पश्चात एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के प्रभारी संजय तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी जी के पंच न्याय के विचार के साथ देश का हर नागरिक जुड़ रहा है और उन्हें उम्मीद है कि देश में राहुल गांधी की नेतृत्व में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर उन्हें न्याय मिलेगा। वहीं छात्र संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश शुक्ला ने कहा कि आज देश का युवा बेरोजगारी से पीड़ित है, मोदी जी ने 2014 में हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था जो कि आज विफल नजर आ रहा है। परमानंद शुक्ला ने कहा कि आज किसान परेशान है राहुल गांधी जी की न्याय यात्रा से उन्हें उम्मीद है की फसलों का उचित मूल्य मिलेगा और उनके साथ न्याय होगा।

# मुंबई से अयोध्या के लिए पैदल निकली शबनम शेख पहुंची अयोध्या

**जन एक्सप्रेस । मिल्कीपुर- अयोध्या**

रामलला के दर्शन करने मुंबई से पैदल निकलीं मुस्लिम युवती शबनम शेख अयोध्या धाम से अब 50 किलोमीटर दूर हैं, रविवार को अयोध्या जनपद सीमा के आदर्श नगर पंचायत कुमारगंज पहुंच चुकी हैं, जहां पर कुमारगंज बाजार मालिक विजय कुमार उपाध्याय ने अपने समर्थकों के साथ उनका स्वागत किया। हिंदू धर्म से प्रभावित शबनम शेख का कहना है कि मुझे पैदल चलते हुए पूरे 39 दिन हो चुके हैं।मेरा मकसद केवल भगवान राम का दर्शन करना है। मैं रामलाल के चरण स्पर्श करना चाहती हूं। उन्होंने बताया कि कि मैंने बचपन से रामायण देखी है, रामलीला देखी है। भगवान राम के किस्से सुने हैं। कहीं न कहीं मैं उनसे बहुत प्रभावित हुई हूं। हिंदू इलाके में रहने के कारण मैंने उनके बारे में काफी कुछ जाना है। बचपन से ही मैं उनको मानती हूं। मैं 21 दिसंबर 2023 को मुंबई से पैदल चली थी। अब बस हमारी 50 किलोमीटर की यात्रा बच गई है। मेरे साथ तीन दोस्त हैं दो मुंबई से हैं विनीत पाण्डेय ,रमन राज शर्मा तथा एक दोस्त भोपाल से शुभम गुप्ता है जो साथ में चल रहे हैं। शबनम ने कहा कि राम सभी के हैं, केवल हिन्दुओं के नहीं है। आज हर घर में रामजी की चर्चा है। चाहे मैं मुसलमान की बात करुं या हिन्दुओं की बात करुं पूरे भारत में रामजी की चर्चा है। मैं सभी को यही संदेश देना चाहती हूं जो रामजी को पॉजीटिव लें जन्मों के पाप धुल जाएंगे।



उन्होंने बताया कि हमने 1388 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर ली है। ये मेरा सौभाग्य है कि मुझे रामलला के दर्शन करने का मौका मिल रहा है। हम सभी के अंदर भगवान राम बसे हैं। उन्ही की कृपा से मेरी अभी तक की यात्रा अच्छी गई है। उनसे पूछा गया कि आपको डर नहीं लगता कि मुस्लिम धर्मगुरु फतवा जारी कर दे, तो उन्होंने कहा कि हम उन लड़कियों में से नहीं है कि डर जाए मैं लड़ना जानती हूं और मैं देश के संविधान पर पूरा भरोसा रखती हूं, फतवा को मैं कोई इंपॉर्टेंट नहीं देती और किसी को देना भी नहीं चाहिए हम भले मुसलमान है। लेकिन हम ऐसे राष्ट्र में रहते हैं जहां संविधान तथा कानून का बहुत ज्यादा दबदबा है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार तेज गति से सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर: नंद गोपाल नंदी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



मोदी योगी के नेतृत्व में देश लगातार विकास की ओर अग्रसर है उक्त बातें प्रदेश सरकार में औद्योगिक विकास एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार तेज गति से सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर है। पिछले नौ वर्षों के कार्यकाल में देश ऊंचाई की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लगातार नौ वर्ष का कार्यकाल जन कल्याण और राष्ट्र निर्माण के लिए महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने आगे कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार की योजनाओं और उनके सफल क्रियान्वयन से विपक्ष विचलित है। गरीबों के हक पर डकैती डालने वालों को आज जाति दिखाई पड़ती है ऐसे लोग समाज का विभाजन करने का कार्य कर रहे हैं हमें ऐसे लोगों से सावधान रहकर समाज को एकजुट करते हुए राष्ट्रीय सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करना होगा। केंद्र में एक बार फिर दोबारा सेनरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बने, इसके लिए प्रदेश की जनता से आग्रह करें। बैठक को जिला प्रभारी संतोष पटेल, जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, अध्यक्ष मछलीशहर रामविलास पाल, लोकसभा प्रभारी अमरनाथ यादव ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने की। उक्त अवसर पर सीमा द्विवेदी वी पी सरोज रमेश सिंह सुरेन्द्र सिंह हरेन्द्र सिंह ब्रह्मदेव मिश्रा सुषमा पटेल गुलाब सरोज बाकेलाल सोनकर पीयूष गुप्ता सुनील तिवारी अमित श्रीवास्तव अजय सिंह राजेन्द्र श्रीवास्तव मनोज सिंह आमोद सिंह अनिल गुप्ता अजय सरोज सुरेश धुरिया मेराज हैदर विनीत शुक्ला अवधेश सोनकर मण्डल अध्यक्ष गण सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# थाने में बने नवनिर्मित मन्दिर में एसपी ने मूर्तियों की करायी प्राण प्रतिष्ठा

* नवनिर्मित महिला हेल्प डेस्क का भी किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



पवांरा थाना परिसर में शुक्रवार को गणतन्त्र दिवस के पावन पर्व पर बने नवनिर्मित मन्दिर में भगवान शिव सहित हनुमानजी, राधा-कृष्ण व गणेशजी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान से की गयी। एक दिन पहले कलश यात्रा निकाली गयी थी व वरुण पूजन व वेदी पूजन किया गया था। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक मुख्य यजमान के रुप में पहुंचे एसपी डॉ. अजय पाल शर्मा व सीओ अजीत सिंह चौहान द्वारा प्रकाण्ड विद्वानों की मौजूदगी में मंत्रोच्चार के दौरान विधि-विधान से पूजन कराया गया। इसके पूर्व मन्दिर परिसर में बुधवार से ही मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व पंडित सुधाकर मिश्र व मुख्य आचार्य पं. लल्लू लाल तिवारी द्वारा दो दिनों तक पूजन किया गया । सुबह भव्य सजावट के साथ रथ पर शिवलिंग , गणेशजी , बजरंगबली , राधा-कृष्ण की मूर्तियों को थानाध्यक्ष राजनरायन चौरसिया व पुलिसकर्मियों द्वारा सरायबीका , पवांरा तक भ्रमण कराते हुए पुनः थाना परिसर नवनिर्मित मन्दिर पहुंचा , जहां एसपी व सीओ द्वारा मंत्रोच्चार के दौरान पूजन पश्चात प्राण प्रतिष्ठा करायी गयी। उसके बाद एसपी ने थाना परिसर में बने नवनिर्मित महिला हेल्प डेस्क का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। पवांरा थाना परिसर में मिशन शक्ति योजना के तहत नवनिर्मित महिला हेल्प डेस्क का एसपी डॉ. अजय पाल शर्मा ने लोकार्पण व फीटा काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर एसपी ने कहा कि महिला हेल्प डेस्क की स्थापना से उन पीड़ित महिलाओं को अपनी बात कहने का अधिकार मिलेगा जो पुरुषों के सामने अपनी व्यथा को सही से नहीं रख पाती थी। उन्होंने बताया कि महिला हेल्प डेस्क में महिला कान्सटेबल ही पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण कराएंगी। इसके बाद भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम राजेश कुमार चौरसिया,थानाध्यक्ष सिकरारा राजाराम द्विवेदी थानाध्यक्ष मछलीशहर यजुवेन्द्र कुमार सिंह ,प्रभारी निरीक्षक मीरगंज देवानन्द रजक सहित क्षेत्र के समस्त सभ्रान्तजन मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/खुटहन। चौराहे से जिला मुख्यालय मार्ग पर पोस्ट आफिस के पास रविवार को ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर एक बृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। घटनास्थल पर पहुंचे स्वजनों के रोने बिलखने से माहौल गमगीन हो गया। खलसापट्टी गांव निवासी 80 वर्षीय हनुमान सिंह घरेलू सामान खरीदने खुटहन बाजार आये थे। वह पैदल ही पोस्ट आफिस के सामने से चौराहे की तरफ बढ़ रहे थे। तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गए। मौके पर पहुंची पुलिस उन्हें सीएचसी ले गयी। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़ कर फरार हो गया। जिसे पुलिस थाने ले गई।

### बस की चपेट में आने से साइकिल सवार युवक की हुई मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/मुंगरा बादशाहपुर। सतहरिया में स्थित सीएचसी के पास हाइवे पर शनिवार शाम को मिनी बस की चपेट में आने से एक साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। बताते हैं कि सतहरिया गांव निवासी मनीष गौतम 20 वर्ष पुत्र नन्हे गौतम किसी काम से घर से निकले हुए थे। जैसे ही घर के लिए वापस जा ही रहे थे तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बस ने साइकिल में टक्कर मार दिया। जिससे युवक सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से उपचार हेतु सतहरिया सीएचसी लाया गया। जहां पर हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सतहरिया चौकी इंचार्ज सुरेश सिंह अपने हमराहियों के साथ पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया।

### रामपुर पुलिस ने नाबालिग लड़की को भगाने के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। रामपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा जनपद जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रामपुर थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक 28.01.24 को मु0अ0सं0 04/24 धारा 363/366/376 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट के वांछित



अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु उपनिरीक्षक रामजी सैनी द्वारा मय टीम के यादव नगर के पास चैकिंग की जा रही थी कि मुखबिर खास की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त के वांछित अभियुक्त नितेश कुमार गौतम पुत्र श्री धर्मेन्द्र कुमार निवासी ग्राम गन्धौना (मधुपट्टी) थाना रामपुर जौनपुर को आवश्यक पुलिस बल का प्रयोग करते हुये समय सुबह 10.05 बजे गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये जेल भेज दिया

### ठंड लगने से राष्ट्रीय पक्षी की मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। पवांरा थानाक्षेत्र के अन्तर्गत सजईंकला गांव में एक बगीचे में रविवार की सुबह एक राष्ट्रीय पक्षी मोर मरा पाया गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर थानाध्यक्ष राजनरायन चौरसिया, मुख्य आरक्षी चालक विनोद कुमार द्विवेदी व हेड कान्सटेबल आशीष यादव के साथ मौके पर पहुंचे और राष्ट्रीय पक्षी मोर के शव को बगल ही गड्ढा खोदवाकर राजकीय सम्मान के साथ दफन करवा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि राष्ट्रीय पक्षी की मौत ठंड लगने की वजह से हुई है।



### भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रचार हेतु कांग्रेसियों ने निकाली प्रभातफेरी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन। सत्तारूढ़ दल द्वारा जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र के आधार पर जारी भेद भाव व हिंसा के खिलाफ राहुल गांधी द्वारा जारी भारत जोड़ो न्याय यात्रा एक बहुत बड़ क्रांतिकारी कदम है। इस यात्रा ने देश में व्याप्त भय और भ्रष्टाचार के खिलाफ लोगों को इक जुट कर देश को एकता के सूत्र में बांधने के लिए एक सकारात्मक कदम उठाया है।लोगों को इस यात्रा जरूर से जुड़ना चाहिए। उक्त बातें कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा ने रविवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रचार हेतु निकाली गयी प्रभातफेरी में कहीं। उन्होंने कहा कि देश में साम्प्रदायिक उन्माद चरम पर पहुंच गया है। बलात्कारियों का सरकार द्वारा महिमा मंडन किया जा रहा है। महिलाओं की आबरु इस सरकार में सुरक्षित नहीं है। देश मे भय और भ्रष्टाचार का ही बोल बाला है। सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में बेरोजगारी, महंगाई और भुखमरी फैल गयी है, किसान व बेरोजगार पूरी तरह से बेहाल है। सरकार हर मुद्दे पर विफल हो गयी है। जुलूस का नेतृत्व यूथ कांग्रेस के शाहगंज विधानसभा अध्यक्ष रत्नेश यादव तथा संचालन युवा नेता विपिन शर्मा ने किया। इस मौके पर पंडित पवन शर्मा, संतोष तिवारी, राजेन्द्र प्रसाद यादव, सुक्खू पहलवान, लक्ष्मीशंकर, छोटू यादव, परवेज अहमद, महेंद्र गौतम, राजेन्द्र शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मां के जेवरात और नगदी के साथ युवती फरार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/मछलीशहर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती मां के गहने और घर में रखा 50हजार नगदी लेकर तीन दिन पहले फरार हो गई है। घटना का मुकदमा दर्ज कराने के लिए युवती का पिता तीन दिन से चक्कर लगा रहा है। थाना क्षेत्र की एक 21वर्षीय युवती शुक्रवार को भोर में ही घर से अपनी मां का सोने का लाकेट,छागल, पायल,करधन आदि गहने और घर में रखा 50हजार रुपए नगद लेकर किसी के साथ भाग गई।पिता मामले में मुकदमा दर्ज कराने के लिए लगातार कोतवाली का चक्कर लगा रहा है किंतु अभी तक मुकदमा दर्ज नही हो सका है।घटना के संबंध में थानाध्यक्ष यजुवेंद्र सिंह का कहना है कि प्रकरण मेरे संज्ञान में नहीं है।तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

### मारपीट में बीच बचाव करने पहुंचे युवक की पिटाई

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। मारपीट में बीच बचाव करने पहुंचे युवक की पिटाई कर दी , जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। रविवार को पूरनपुर नगर के मोहल्ला साहूकारा लाइनपार निवासी मनोज गुप्ता ने बताया।कि खाना खाने के दौरान शराब पीने से मना कर दिया इसको लेकर कुछ उसके पड़ोसी के साथ मारपीट करने लगे। यह देख मनोज उसको बचाने पहुंचा तो दबंग लोगों ने उसकी भी पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गया। घायल युवक ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया जहां डाक्टर के द्वारा घायल युवक का उपचार किया गया।

# बारात घर के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

* शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा मानक के अनुसार कार्य

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



हजारा(पूरनपुर)। पूरनपुर तहसील के ट्रांस शारदा क्षेत्र की ग्राम पंचायत में लाखों रुपए के बजट से बारात घर का निर्माण कार्य ठेकेदार के द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग कर बजट को ठिकाने लगाने में जिम्मेदार जुटे हुए हैं।ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए मानक के अनुसार कार्य कराने की मांग की है। पूरनपुर तहसील के ट्रांस शारदा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कबीरगंज में आबादी के निकट हंसराम बाबा मंदिर के बगल में लाखों रुपए के बजट से बारात घर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य ठेकेदार अधिकारियों से गठजोड़ के चलते मनमानी कर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि भवन के निर्माण में खड़ंजा व पीला ईट का प्रयोग किया जा रहा है।चुनाई में बालू का प्रयोग करते हुए मानक की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सरकार के द्वारा जो भी सरकारी पक्के भवनों का निर्माण कार्य कराया जाता है उसमें मानक के तहत चुनाई में केवल मोरंग का प्रयोग होना बताया गया है। मगर ठेकेदार अपनी मनमानी करते हुए मोरंग की मात्रा ना के बराबर करते हुए अधिकांश बालू का प्रयोग करके चुनाई कर रहा है। संबंधित अभियंता अथवा अन्य जिम्मेदारों की उदासीनता और लापरवाही से अधो मानक सामग्री से बांदा भवन शीघ्र ही जर्जर हो जाएगा। निर्माण कार्य को लेकर गांव एवं क्षेत्र के ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं ब्लॉक अधिकारियों से घटिया निर्माण कार्य की शिकायत करते हुए मानक के अनुरूप कार्य कराए जाने की मांग की है। कबीरगंज ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान इकबाल सिंह ने बताया है कि ठेकेदार के द्वारा टेढ़ी-मेढ़ी व घटिया किस्म की ईट का प्रयोग किया जा रहा था। जिसको लेकर मानक के अनुसार सही ईट का प्रयोग करने के लिए कहा गया है। फिर भी ठेकेदार अपनी मनमानी कर रहा है।

# राज्य मंत्री ने पुरानी गल्ला मंडी में 25 लाख की लागत से बनी सीसी रोड का किया उद्घाटन



* सड़क निर्माण के कार्य में लगे मजदूरों के कड़ाके की ठंड में कार्य संपन्न किए जाने पर उनकी सराहना की
* साथ ही राज्य मंत्री श्री गंगवार ने माल्याअर्पण कर उनका स्वागत व उत्सवर्धन भी किया

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

रविवार को गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार में पुरानी गल्ला मंडी स्थित सीसी रोड का उद्घाटन किया ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग द्वारा बनाई गई इस सीसी रोड के निर्माण पर करीब 25 लाख की लागत आई हैं। क्षेत्र विकास निधि से निर्मित इस सीसी रोड के निर्माण की मांग एक अरसे से व्यापारियों द्वारा की जाती रही थी कई बार व्यापारी इस बीच बाजार स्थित इस जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को लेकर राज्य मंत्री से मिले थे इस पर उन्होंने सड़क निर्माण का आश्वासन दिया था और विधायक निधि से इस सड़क का निर्माण करने के बाद आज इसका उद्घाटन किया उद्घाटन करने पहुंचे राज्य मंत्री का व्यापारियों ने जोरदार स्वागत किया एवं इस गल्ला मंडी रोड के निर्माण के परिपेक्ष में इसका नाम राम बाजार रखने की मांग भी उठाई राज्य मंत्री ने इसका आश्वासन दिया दिया हैं। इस मौके पर राज्य मंत्री श्री गंगवार ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाता रहा है और आगे भी किया जाता रहेगा। उन्होंने इस सड़क निर्माण के कार्य में लगे मजदूरों के कड़ाके की ठंड में कार्य संपन्न किए जाने पर उनकी सराहना की और माल्या अर्पण कर उनका स्वागत व उत्सवर्धन भी किया। कार्यक्रम में ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग के अधिशासी अभियंता राजेश कुमार, भाजपा नगर अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, प्रदीप नवरंग, राकेश सिंह, मनोज मिश्रा, शिव नारायण शर्मा,सुनील मिश्रा, राघवेंद्र नाथ मिश्रा, संजीव शर्मा, दीपू पत्तल वाले, राम सिंह लोधी, बाबू राम चावल वाले, राजीव डालडा, अनूप गंगवार,संजय पांडे आदि बाजार के तमाम व्यापारी एवं भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# चलती कार में हुआ ब्लास्ट ड्राइवर सहित चार घायल



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

बीसलपुर। कोतवाली के सामने चलती अर्टिगा कार में हुआ ब्लास्ट। कार चालक व कार के पास खड़े तीन लोग घायल हो गये। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। रोड के दोनों ओर लंबा जाम लग गया।
बीसलपुर नगर में कोतवाली के सामने अचानक चलती अर्टिगा कार में ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट होने से कार के परखच्चे उड़ गए। जिसमें बरेली जिला के थाना भुता के गांव अर्जुनपुर निवासी कार चालक पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं कार के पास परचूनी की दुकान पर सामान लेने आई बच्ची खुशी व मान्या सहित दुकान स्वामी धीरज वर्मा भी कार के ब्लास्ट होने पर कार के कांच से जख्मी हो गए। लोगों ने बामुश्किल कार चालक कार से बाहर निकाला। इसके बाद आवागमन दोनों तरफ से काफी देर तक बंद रहा। फायर ब्रिगेड को सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड के कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। वहीं घायल ड्राइवर व अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर हो रहा है खनन

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

बीसलपुर। प्रशासन की आंखों में धूल झोककर रेत व मिट्टी का खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है। प्रशासन की नजर इन खनन माफियाओं की तरफ नहीं पहुंच रही है। जिससे बेखौफ होकर खनन माफिया खनन करने में जुटे हुए हैं।
बीसलपुर में काफी समय से रेत व मिट्टी का खनन किया जा रहा है। ऐसा नहीं कि प्रशासन की नजर इन खनन माफियाओं की तरफ न जा रही हो। प्रशासन की आंखों में धूल झोककर रात दिन ट्रैक्टर ट्राली, बैलगाड़ी, बुग्गी से लगातार दिन दहाड़े खनन किया जा रहा है लेकिन प्रशासन इनसे अनजान दिखायी दे रहा है। यह खनन मासफिया ट्रैक्टर ट्राली में मिट्टी भरकर तेजी से दौड़ाते हैं जिससे मार्गों पर मिट्टी गिर रही है और थोड़ी से बारिस होने पर इन मार्गों से निकलने वाले बाइक सबार मिट्टी में फिसल कर घायल भी हो रहे हैं। स्थानीय प्रशासन खनन माफियाओं की ओर कोई ध्यान देता नजर नहीं आ रहा है। जिससे खनन माफिया बेखौफ होकर खनन करने में जुटे हुए हैं।

# संकट चतुर्थी पर्व बड़े ही धूम-धाम के साथ मनाया गया



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

पूरनपुर। ग्रामीण क्षेत्र में संकट चतुर्थी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने व्रत रखकर गुड़ व तिल से पूजा अर्चना की। गांव अमरैयाकलां में महिलाओं ने रविवार को संकट चतुर्थी के पर्व का व्रत रखकर एक स्थान पर एकत्रित होकर सभी महिलाओं ने अपने पुत्र की दीर्घ आयु व धन सम्पन्नता के लिए गुड़ व तिल से देवी-देवताओं की पूजा अर्चना की तथा महिलाओं ने एक दूसरे को प्रसाद के रूप में गुड़ व तिल वितरित किए। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य महिला प्रेमा देवी ने सभी को संकट पर्व की कहानी सुनाई। जिसको संकट पर्व की कहानी को सभी महिलाओं ने ध्यान पूर्वक विस्तार से सुना। इस पर्व पर महिलाओं ने तिल व चावल के लड्डू बनाएं और पूड़ी-पकवान भी बनाएं। इस मौके पर मुख्य रूप से कंचन कुशवाहा, सुधा कुशवाहा, संतरा देवी, गीता देवी, दिव्या कुशवाहा, अंशिका कुशवाहा, प्रेमा देवी, राजेश्वरी देवी, सुमन देवी, मीना देवी, सुधा देवी, बबिता, ओमवती, रामवती, गुड्डी देवी, सरोजा देवी, मुल्ले देवी, लालमती, धर्मवती, प्रीती सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रही। इसके अलावा यह पर्व गांव रघुनाथपुर, खाता, अमरैयाकलां, सुखदासपुर, महादिया, तकियादीनारपुर, रम्पुराफकीरे, सबलपुर, नवदियाधनेश, सुंदरपुर, ककरौआ, देवीपुर, प्रसादपुर, नवदिया टोडर आदि कई गांव में मनाया गया।

## अलग-अलग सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

जन एक्सप्रेस/पूरनपुर। अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई युवकों की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा निवासी अमित पुत्र धनपाल उम्र 30 बर्ष शनिवार देर रात सामान लेकर घर वापस बाइक से जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार युवक कनपारा के पास पहुंचा तभी किसी अज्ञात वाहन टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। घायल युवक हाइवे पर पड़ा था जानकारी लगने पर घायल के परिजन मौके पर पहुंच गए। घायल युवक को 108 एंबुलेंस से लेकर पूरनपुर सीएचसी पहुंचे जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।युवक की मौत की जानकारी लगने पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं दूसरी ओर पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रम्पुरा तालुके महाराजपुर निवासी राजीव पुत्र हरीराम को शनिवार देर रात किसी वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। घायल युवक को पूरनपुर के स्वास्थ्य समुदायिक केन्द्र में भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

# गरीब बेटियों की शादी एवं लाचार लोगों की लगातार मदद कर रहे हैं समाजसेवी अनूप अग्रवाल

* रात होते ही सैकड़ों गरीबों को कंबल जैकेट रजाई कर रहे हैं वितरित हर साल की भांति इस साल भी कार्य जारी

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार



पीलीभीत। बांसुरी नगरी में इन दिनों लगातार पढ़ रही भीषण ठंड से जहां सभी लोग पूरी तरह से परेशान हैं।
जगह-जगह देखा भी जा रहा है लोग आग जलाकर ठंड से बचने के लिए सहारा कर रहे हैं तो वही सबसे बुरा हाल गरीबों का है जहां उन्हें इस भीषण ठंड में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में समाजसेवी अनूप अग्रवाल हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्दी के दिनों में जगह-जगह पहुंचकर चुपचाप लोगों के बीच जाकर उन्हें कंबल, जूते, गर्म मोजें एवं टोपी, मफलर तथा रजाई सहित अन्य कपड़ों को वितरित कर लोगों की हमेशा की भांति मदद लगातार रोजाना कर रहे हैं। श्री अग्रवाल द्वारा चुपचाप रात के अंधेरे में गाड़ी रजाई कंबल सहित गर्म कपड़े रखकर निकल रहे हैं।
और जनपद के कोने-कोने जाकर जहां उन्हें ऐसे गरीब असहाय लाचार लोग दिखाई पड़ते हैं जिनके तन पर कपड़े नहीं होते कोई लाचार है किसी को खाने को अनाज नहीं है। एवं ओड़ने को इस सर्द हवा एवं भीषण ठंड के मौसम में रजाई कंबल नहीं है। ऐसे में समाजसेवी श्री अग्रवाल रोजाना सैकड़ो असहाय लोगों की मदद कर रहे हैं। जिसमें कंबल, गर्म कपड़े, जूते मोजे तथा खाने-पीने के सामान सहित राशन देकर लोगों की तमाम परेशानियों को कम कर रहे हैं।
बताते चले की जनपद के उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष एवं शहर के प्रमुख समाजसेवी अनूप अग्रवाल लगातार पिछले कई सालों से लोगों की मदद करते चले आए हैं। ऐसे में उन्होंने वैश्विक महामारी कोरोना काल में हजारों लोगों को घर-घर जाकर राशन पहुंचाया, इतना ही नहीं कई बार तो उन्होंने बारिश में लोगों को पन्नी त्रिपाल देकर बारिश में रह रहे लोगों की मदद की तो वहीं हजारों मानसिक रूप से प्रताड़ित लोगों को इलाज के लिए राजस्थान स्टेट भरतपुर के अपना घर आश्रम भेजा। इतना ही नहीं होली, दिवाली पर जहां लोगों के पास इन पवित्र त्यौहार बनाने के लिए मिठाइयां कपड़े नहीं होते हैं ना ही रूपए पैसे ऐसे में श्री अग्रवाल ने ऐसे लोगों की हमेशा से मदद की हैं। और उनके यहां स्वयं जाकर होली दिवाली गरीब असलाचार लोगों की झोपड़ी में जाकर साथ मनाई है।
शहर के मोहल्ला कुवरगढ़ निवासी श्री अग्रवाल पेशे से व्यवसायी हैं उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य हेतु उन्हें कई बार कई रत्नों से भी सम्मानित भी किया जा चुका हैं।

### गरीब असहाय लाचार बेबस लोगों की यूं ही मदद करते रहेंगे: अनूप

बताते चले कि समाजसेवी अनूप अग्रवाल जो कि पीलीभीत में एक ऐसा नाम है जो हर मुसीबत पड़ने के समय लोगों के काम आता रहा है। चाहे वह किसी गरीब लड़की की शादी कराना हो या कोई भी व्यक्ति किसी गंभीर बीमारी से जूझ रहा हो ऐसे में समाजसेवी श्री अग्रवाल लोगों के हर सुख दुख में हमेशा से सर्वप्रथम आगे आए हैं। लोगों की चाहे कोई भी परेशानी क्यों ना हो समाजसेवी श्री अग्रवाल उपचार लोगों की मदद लगातार करते चले आए हैं। ऐसे में उन्होंने गरीब औरतों को निशुल्क साड़ियां पीड़ित परिवारों को राशन सामग्री साहित गरीबों के हर सुख दुख में हर त्यौहार एवं प्रत्येक वर्ष की तरह जाड़ों में गर्म कपड़े कंबल रजाई आदि वितरित करते आए हैं। इसी के चलते जहां रविवार 28 जनवरी 2024 को जहां एक गरीब पिता हेमराज की पुत्री गुनगुन का विवाह था,जैसे ही गरीब पिता श्री अग्रवाल के दरबार पहुंचा तो उन्होंने अपने कार्यालय से तुरंत ही एक अलमारी, चार साड़ी, फॉर्चून रिफाइंड, एक जोड़ी पायल की व्यवस्था कर लड़की की शादी में उसे दिया। जिससे लड़की का पिता के खुशी के आंसू निकल पड़े इतना ही नहीं गौरी शंकर मंदिर में जहां एक गरीब लाचार व्यक्ति जो कि जनपद साढीया गांव के निवासी व्यक्ति कि प्रत्येक मदद कर उसकी पोती को उन्होंने जाकर गर्म कपड़े, राशन सामग्री सहित एक साइकिल प्रदान की जिससे वह बेटी जनपद के जीजीआईसी स्कूल में इस साइकिल से आती जाती है और अपनी पढ़ाई कर रही हैं। श्री अग्रवाल का कहना है कि ईश्वर ने उन्हें अगर इस लायक बनाया है तो वह गरीब असहाय लाचार बेबस लोगों की यूं ही मदद करते रहेंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# कलयुगी पत्नी ने वकील और प्रेमी संग मिल पति को जिंदा जला डाला

* हत्यारा वकील हुआ गिरफ्तार, अन्य की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम कर रही प्रयास

जन एक्सप्रेस । अंकित चौधरी






"छापेमारी करके पुलिस ने एडवोकेट संजीव को हिरासत में लिया है। प्राथमिक पूछताछ और पुलिस की जांच में सभी आरोप सही पाए गए हैं। मृतक के भाई की तहरीर पर पनकी पुलिस ने एडवोकेट संजू दयाराम की पत्नी संगीता और अन्य व्यक्ति पवन के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

–विजय ढुल, डीसीपी वेस्ट

**कानपुर नगर।** शहर में बीते दिन रविवार को थाना पनकी क्षेत्र में पत्नी ने पति को कमरे में जिंदा फूंक डाला और उसने इस घटना को अंजाम अपने अवैध संबंध के चलते प्रेमी और वकील के साथ मिलकर दिया। पहले मर्डर का प्लान बनाया और पति को समझौते के लिए वकील के घर पर बुलाया, इसके बाद कमरे में शिक्षक पति को बंद किया और पेट्रोल डालकर जला दिया। मरने से पहले शिक्षक ने खुद परिवार को फोन पर जानकारी दी लेकिन जब तक परिवार के लोग और पुलिस पहुंचती शिक्षक की मौत हो चुकी थी, पुलिस टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों और फोरेंसिक की टीम के साथ साक्ष्य जुटाए हैं। एक टीम आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार फतेहपुर के देवरी जाफरगंज में रहने वाले दयाराम सोनकर 48 वर्ष जो कि शिक्षक थे। दयाराम कानपुर देहात राधान के ग्राम विकास इंटर कॉलेज में समाजशास्त्र विषय के शिक्षक थे, उनकी शादी 2009 में फतेहपुर की भैसोली बकेवर जहानाबाद निवासी संगीता देवी से हुई थी लेकिन संगीता का बिधनू के हरबंस पुर निवासी ढाबा संचालक पवन से अवैध संबंध थे। शिक्षक ने 24 सितंबर 2023 को दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया था इसके बाद से दोनों अलग रह रहे थे मामला थाना और फिर कोर्ट तक पहुंच गया। पत्नी से विवाद के बाद दयाराम सचेंडी के रायपुर में छोटे भाई अनुज के साथ उनकी ससुराल में रह रहे थे। अनुज ने बताया कि रविवार को भाभी संगीता और उनके वकील संजीव कुमार ने दोनों के बीच समझौता की बात को लेकर पनकी के पतरसा गांव में बुलाया था। साजिश के तहत वकील के घर में आने के बाद तीनों ने मिलकर कमरा बाहर से बंद कर दिया और पेट्रोल डालकर आग लगा दी, इस दौरान शिक्षक ने घर पर फोन करके पूरे मामले की जानकारी देते हुए बचाने की गुहार लगाई लेकिन जब तक परिवार के लोग और पुलिस मौके पर पहुंचते शिक्षक की जलकर मौत हो चुकी थी। सूचना पर पनकी थाने की पुलिस ए.सी.पी. पनकी ए.डी.सी.पी. आकाश पटेल और डी। सी.पी. विजय ढुल भी मौके पर पहुंचे पुलिस ने छापेमारी करके थोड़ी देर में ही अधिवक्ता संजीव को हिरासत में ले लिया, प्राथमिक पूछताछ और पुलिस की जांच में सभी आरोप सही पाए गए हैं मृतक के भाई की तहरीर पर पनकी पुलिस ने अधिवक्ता संजीव उसकी पत्नी संगीता और एक अन्य व्यक्ति पवन के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



### दबंग अधिवक्ता के घर पर हुई वारदात

पुलिस ने जांच की तो सामने आया है कि वकील संजीव कुमार पनकी थाना क्षेत्र के पत्रसा में ही एक निजी स्कूल चलाते हैं, इसके साथ ही वही एक प्लाट पर अपना अय्याशी के लिए कमरा भी बना रखा है जहां पर शिक्षक को बातचीत के लिए बुलाया गया और साजिश के तहत हत्याकांड को अंजाम दिया गया, वारदात के बाद वकील मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी की हैवानियत देखकर इलाके के लोग भी सहमे हुए हैं।

### शिक्षक चीखता रहा, आरोपी पेट्रोल डालते रहे

पूछताछ के दौरान आसपास के लोगों ने बताया कि कमरे के अंदर से चीखने की आवाज आ रही थी बाहर से वकील समेत अन्य लोग खिड़की से दरवाजे के नीचे वह खिड़की से अंदर पेट्रोल डालते रहे इससे शिक्षक की मौके पर ही जलकर मौत हो गई है पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा खोल कर देखा तो अंदर शिक्षक का शव पड़ा हुआ था। जांच में सामने आया है कि वकील ने जहां पर समझौते के लिए बुलाया था वहां पर परिवार के साथ नहीं रहता है एक प्लांट में कमरा बना रखा था और चारों तरफ बाउंड्री व गार्डन है, प्लानिंग के तहत वकील ने शिक्षक को कानपुर के पनकी गोपालपुर में मिलने के लिए बुलाया और जिंदा फूंक कर हत्या कर दी, पूछताछ के दौरान वकील बार–बार अपना बयान बदलता रहा।

## मारवाड़ी सम्मेलन कानपुर ने किया पारिवारिक पिकनिक का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



मारवाड़ी सम्मेलन कानपुर द्वारा रविवार को पारिवारिक पिकनिक का आयोजन ओरियंट रिजॉर्ट भौंती के फार्म हाउस में रखा गया बहुत ही हर्षो उल्लास के साथ यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। पारिवारिक माहौल व पारिवारिक एकता दिखाई दी। आजकल की भागती दौड़ती जिंदगी में सभी लोग अपने-अपने कार्यों में इतना मशगूल हो गए हैं जिन्हें अपने परिवार के लिए ही समय निकालना बहुत मुश्किल हो जाता है ऐसे में मारवाड़ी सम्मेलन ने सभी को एक साथ एक जगह एकत्र करके पारिवारिक माहौल प्रदान किया। इस मौके पर प्रादेशिक अध्यक्ष गोपाल तुलस्यान, संरक्षक सीताराम मित्तल, धनपत जैन उपस्थित रहे। अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि आज सभी परिवार एक साथ एकत्र हुए जिसे देखकर हर्ष महसूस हो रहा।बहुत ही कम समय निकाल पाते हैं सब एक साथ हंसीं खुशी एकत्र होने के लिए। महामंत्री प्रदीप केडिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बालकृष्ण देवड़ा और कोषाध्यक्ष महेंद्र लड़िया ने बताया ऐसे कार्यक्रम कम होते हैं जिसमें पारिवारिक माहौल बने। ऐसे आयोजन आगे भी कराए जाएंगे। सुबह जलपान की व्यवस्था रही तत्पश्चात तरह-तरह के गेम खिलाएं गए। सभी सम्मानित सदस्यों ने उत्साह के साथ भाग लिया और जीत भी हासिल की। महिला अध्यक्ष आशा केडिया महामंत्री मोनिका तुलस्यान उपाध्यक्ष साधना देवड़ा विनीता अग्रवाल मीडिया प्रभारी ने गेम खिलाए और सभी को पुरस्कार वितरण भी किए गए, कपल गेम में सीताराम मित्तल एवं उनकी पत्नी सरला मित्तल बच्चों के गेम में पलक और समीक्षा अव्वल रहे अर्ली बर्ड का प्राइस नीलम अग्रवाल को गया। सभी ने बढ़-चढ़कर खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया तंबोला भी खिलाया गया जिसका मुख्य आकर्षण केंद्र था उसकी टिकट जो रामलला के मंदिर के आधार पर बनाई गई थी। संयोजक अशोक अग्रवाल द्वारा बहुत ही शानदार व्यवस्था की गई। खेलो के बाद दोपहर के भोजन की व्यवस्था थी, कार्यक्रम की एंकर रीटा वर्मा रही। सभी पदाधिकारियों का मोतियों की माला पहनाकर सम्मान किया गया। खुशी का अवसर था कि 22 जनवरी को हमारे रामलला अयोध्या में विराजमान हुए हैं इस अवसर पर मधुर भजन भी सुनाएं गए। अध्यक्ष ओम प्रकाश एवं प्रदीप केडिया को मंदिर का चित्र देकर सम्मानित किया गया। सभी पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शान बढ़ाई जिसमें प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष आदित्य पोद्दार, रोहित तुलस्यान बताया कि समाज के उत्थान के लिए यह संस्था कार्य करती है। राजेंद्र अग्रवाल, वासुदेव सराफ, मंत्री राजेश महेश्वरी, श्रीराम गोपाल, सचिव मनोज अग्रवाल, राकेश पोद्दार,सुशील कंकारिया, सुनील अग्रवाल, संजय अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, अश्वनी कुमार गोयल, प्रमोद कुमार लोहिया, राजू जिंदल, सुशील अग्रवाल, इंद्र लड़िया, वीरेंद्र अग्रवाल, राकेश गुप्ता, सुरेश कुमार गोयनका, आदि सभी सम्मानित सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे। और कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया सभी ने राम लला मंदिर बनने पर एक दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव।** राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में एलोपैथिक, आयुर्वेदिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ. रवि सचान, डा. रश्मि वर्मा ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। इसके साथ ही अन्य डॉक्टरों ने भी मरीजों का परीक्षण किया। डॉक्टरों ने बताया कि मेले के दौरान 78 मरीजों का परीक्षण किया गया और उन्हें दवाइयां बांटी गई है। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिलाएं शामिल हैं।

## नाथूमल साधवानी सरस्वती शिशु मंदिर में गणतंत्र दिवस मनाया

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




नाथूमल साधवानी सरस्वती शिशु मंदिर यशोदा नगर स्कूल के प्रांगण में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सी.ए ज्ञान प्रकाश गुप्ता एवं मारवाड़ी सम्मेलन कानपुर के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने सभी पदाधिकारियों के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया संरक्षक रामकृष्ण जिंदल, गिरिराज अग्रवाल, उपाध्यक्ष आदित्य पोद्दार, कोषाध्यक्ष महेंद्र लडिया, गेंजेस लायन्स क्लब अध्यक्ष सविता श्रीवास्तव मुख्य रूप से उपस्थित रहे और गणतंत्र दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी। स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, इस अवसर पर मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण ने बच्चों को बिस्किट और चिप्स भी वितरित किए। स्कूल की प्रधानाध्यापिका शिल्पी भसीन के साथ ही सभी शिक्षिकाएं शालिनी मिश्रा, सिमरन, शिवानी, इति, दीक्षा, पिंकी ने बच्चों के कार्यक्रम में सहयोग किया सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था रही।

## टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने बनाया कीर्तिमान

* टीएससीटी दिवंगत परिवारों की मदद के लिये करती है काम

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह



बिल्हौर के टीचर्स सेल्फ केयर टीम की कानपुर नगर इकाई की बैठक बर्रा में आयोजित की गई, इस दौरान बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई, बैठक में जिला संयोजक सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि जनवरी माह के सहयोग में मात्र 12 दिनों में 6 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को 3 करोड़ 30 लाख रुपए की आर्थिक सहायता टीएससीटी के 1,82,545 सदस्यों द्वारा की गई है।टीएससीटी के प्रत्येक सदस्य ने प्रति परिवार 30 रुपये का सहयोग करके 55 लाख रुपये से अधिक का सहयोग किया। जिसमें क्रमशः जनपद मिर्जापुर में स्व0 श्याम किशोर सिंह की नॉमिनी अनीता सिंह के खाते में 55.12 लाख रुपए जनपद बरेली में कार्यरत स्व0 डा. सुरेश पाल की नॉमिनी सुनीता गौतम के खाते में 55.12 लाख रुपए जनपद रामपुर में कार्यरत स्व0 विवेक शर्मा की नॉमिनी आकांक्षा शर्मा के खाते में 55.17 लाख रुपए जनपद सिद्धार्थनगर में कार्यरत स्व0 शिव सागर गुप्ता की नॉमिनी अर्चना गुप्ता के खाते में 55.15 लाख रुपए जनपद संतकबीर नगर में कार्यरत स्व0अनिल कुमार चौधरी की नॉमिनी संध्या के खाते में 55.17 लाख रुपए जनपद गाजीपुर में कार्यरत स्व0 राम नारायण सिंह यादव की नॉमिनी सरोज देवी के खाते में 55.65 लाख रुपए की आर्थिक मदद की गई है। विगत तीन वर्षों में उ0 प्र0 के 149 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को 41 करोड़ 83 लाख रूपए की टीएससीटी परिवार आर्थिक मदद कर चुका है जिला सह संयोजक जितेंद्र कुमार ने बताया कि सभी सदस्यों ने जाति, धर्म, क्षेत्र, विभाग, संघ की भावना से ऊपर उठकर जो एकता की मिशाल पेश की है निसंदेह काबिल ए तारीफ है। टीएससीटी के जिला संयोजक सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि यह सहयोग राशि प्रदेश के बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा में कार्यरत 1,82,545 शिक्षक/लिपिक/खंड शिक्षा अधिकारी/शिक्षा मित्र/अनुदेशक/अनुचर सदस्यों ने मात्र 12 दिनों में दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को ऑनलाइन नामिनी के बैंक खाते में मात्र 30 रु भेज करके की है। जिला प्रवक्ता अनुरुद्ध तिवारी ने बताया कि टीएससीटी का लक्ष्य प्रदेश में 10 लाख सदस्य बनाना है जिससे मात्र 10 रु के सहयोग से दिवंगत शिक्षक के परिवार को एक करोड़ की मदद की जा सके। इस अवसर पर सभी जिला सह संयोजक विशाल यादव रामकृपाल अंजना बाजपेयी अंजू गुप्ता धर्मेंद्र ऋचा आदि उपस्थित रहे।

## कलयुगी बेटे से परेशान विधवा ने एसीपी से लगाई गुहार

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र रौगांव निवासिनी विधवा को उसका बेटा और उसकी प्रेमिका घर में घुसकर आए दिन मारपीट करते हैं और पुलिस से झूठी शिकायत कर परेशान करवा रहे हैं, जिसको लेकर विधवा बिल्हौर एसीपी की चौखट पर पहुंची और प्रार्थना पत्र दे हकीकत बयां की है, विधवा पान कुमारी पत्नी स्व0 कमलेश कुमार निवासिनी ग्राम रौगाव चौकी मकनपुर थाना अरौल जनपद कानपुर नगर ने बताया कि बीती 27 जनवरी को सुबह लगभग 4 बजे उनके पुत्र अजीत व गाँव की एक लड़की जो उनके बेटे की प्रेमिका है दोनों एकराय होकर विवाह करने की नियत से कहीं चले गये है। दोनों पूर्णतः बालिग है तथा इससे पहले दो बार विवाह के प्रयास में साथ जा चुके हैं। 27 को सुबह लगभग 6.30 बजे लड़की के पिता वा चाचा वा एक महिला अचानक उनके घर घुस आये और उनके पुत्र अजय व दीपक व पुत्री अंजली व काजल के साथ बुरी तरह मारपीट की, पीड़िता ने 112 नम्बर डायल किया, तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से चले गये। कुछ देर बाद उक्त लोगों नें पीड़िता व उसके परिवारीजनों के विरूद्ध थाना अरौल में शिकायत कर दी, जिससे पुलिस भी पीड़िता व उसके परिवारीजनों को गलत समझते हुये परेशान कर रही है।

## अपना दल (यस) ने दो युवाओं को दी जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो





बिल्हौर तहसील क्षेत्र में अपना दल यश के जिला अध्यक्ष ने अपनी कमेटी के सदस्यों का गठन किया है जिनका नियुक्ति पत्र भी उनको दिया है उज्जवल कटियार जिला अध्यक्ष युवा मंच अपना दल (यस) ने सागर पंडित पुत्र पंकज शर्मा निवासी वैष्णो नगर, बिल्हौर को कानपुर ग्रामीण अपना दल(यस.) जिला महासचिव नियुक्त किया है। इसके साथ ही ओम कटियार पुत्र राजेश कटियार निवासी बकोठी, बिल्हौर को अपना दल (यस.) कानपुर ग्रामीण जिला सचिव नियुक्त किया है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि काफी समय से सक्रिय सदस्य के रूप में कार्य कर रहे थे उनके कार्य को देखते हुए इनको जिम्मेदारी दी गई है जिससे यह पार्टी की विचारधारा को आम जनमानस तक पहुंचाना और उनकी समस्याओं को पार्टी तक भेजना और संगठन के लिए कार्य करना है।

## दो पक्षों में हुई मारपीट, एक की हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

दही थाना क्षेत्र में दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। जिसमे एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायल का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। घायल की बेटी ने पुलिस को घटना की तहरीर दी है।

दही थाना क्षेत्र के गयादीन खेड़ा निवासी गुडिया ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की शनिवार देर शाम घर पर बैठी आग ताप रही थी। तभी गांव के रहने वाले दो लोगो ने उसके घर पर ईट पत्थर से हमला करते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। घटना की सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और दोनो पक्षो को शान्त कराया। साथ ही थाने जा कर शिकायत करने को कहा। पीड़िता और उसकी मां शिकायत करने थाने जा रही थी तभी गुडिया के भाई का फोन आया कि कुछ लोग घर में घुसकर आए और पिता जी से मारपीट कर रहे है। जब प्रार्थिनी घर पहुंची तो उसके पिता जी घर के बाहर एक खेत पर मरणासन्न हालत में बेहोश पड़े मिले। उनके सिर पर कुल्हाड़ी से वार करने का आरोप पीड़िता ने लगाया है। इसके अलावा दोनों हाथों और कंधे भी चोट थी। जिस पर घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसओ अनुराग सिंह ने बताया की तहरीर मिली है। जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## भागवत समापन पर हवन व विशाल भंडारे का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील के उत्तरीपूरा, उत्तरी ग्राम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी एक सप्ताह चली श्रीमद् भागवत कथा भागवताचार्य शरद शास्त्री जी के द्वारा भागवत कथा के अंतिम दिन समापन के बाद हनुमान मंदिर कमेटी द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां पर भारी संख्या में पहुंचकर भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया मंदिर कमेटी के समाजसेवी धीरज शुक्ला, एडवोकेट महेंद्र कुशवाहा, प्रदीप सैनी, भंवरा सिंह, छुटंकी, विपिन शुक्ला, गोलू शुक्ला आदि कमेटी के सदस्यों द्वारा बताया गया की हर वर्ष हनुमान मंदिर कमेटी द्वारा संचालित चली आ रही व्यवस्था को बखूबी निभाया जाता है सभी हनुमान कमेटी के सदस्यों के द्वारा और सभी क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से भागवत कथा एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है। भीषण सर्दी और कोहरे के बीच भक्ति भागवत सुनने और रात की रास लीला देखने आते रहे दूर-दूर ग्रामीण क्षेत्र से जनता प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा एक हफ्ते तक लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन संपन्न

**जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव।** राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में रविवार को ब्रम्ह सभा की ओर से रविवार को ब्रम्हलीन महामंडलेश्वर स्वामी बजरंगवली ब्रम्हचारी व पंडित शिवनारायण मिश्रा की स्मृति में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। जहां डा. राधा कृष्ण मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके बाद शिविर में आये मरीजों का रीजेंसी के डॉक्टरों ने परीक्षण किया। इस दौरान शिविर में तमाम प्रकार की जांचें भी की गई। जहां मरीजों को बचाव के तरीके भी बताये गये। इस दौरान ब्रम्ह सभा की ओर से सभी डॉक्टरों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। ब्रम्ह सभा के अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने बताया कि शिविर में 446 मरीजों का परीक्षण किया गया। इस दौरान डा.सौरभ मिश्रा, डा.सचिन मिश्रा, डा.अपराजिता मिश्रा, डा.संगीता शुक्ला, डा.एस के गुलाटी, डा.प्रकाश खत्री, डा.नवीन गुप्ता, डा.प्राची सिंह, डा.हर्ष मिश्रा, डा.सर्वेश पांडे, डा.शैलजा मिश्रा शिविर में मौजूद रहे।

## दो पक्षों में हुई मारपीट, एक की हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

दही थाना क्षेत्र में दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। जिसमे एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायल का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। घायल की बेटी ने पुलिस को घटना की तहरीर दी है। दही थाना क्षेत्र के गयादीन खेड़ा निवासी गुडिया ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की शनिवार देर शाम घर पर बैठी आग ताप रही थी। तभी गांव के रहने वाले दो लोगो ने उसके घर पर ईट पत्थर से हमला करते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। घटना की सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और दोनो पक्षो को शान्त कराया। साथ ही थाने जा कर शिकायत करने को कहा। पीड़िता और उसकी मां शिकायत करने थाने जा रही थी तभी गुडिया के भाई का फोन आया कि कुछ लोग घर में घुसकर आए और पिता जी से मारपीट कर रहे है। जब प्रार्थिनी घर पहुंची तो उसके पिता जी घर के बाहर एक खेत पर मरणासन्न हालत में बेहोश पड़े मिले। उनके सिर पर कुल्हाड़ी से वार करने का आरोप पीड़िता ने लगाया है। इसके अलावा दोनों हाथों और कंधे भी चोट थी। जिस पर घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसओ अनुराग सिंह ने बताया की तहरीर मिली है। जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### एक के बाद एक ट्रेनें निकलीं, क्रासिंग बंद रही

**जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव।** रविवार दोपहर करीब एक बजे अप और डाउन लाइन से एक के बाद एक ट्रेनें निकली जिससे क्रासिंग बंद रही। इस दौरान एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के आगे तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जिससे जाम में तमाम वीआईपी और एम्बुलेंस फंसी रही। क्रासिंग खुलने पर वाहन सवार जल्दबाजी में निकलने लगे और आड़े तिरछे वाहन लगा दिये। जिससे जाम और पेंचीदा हो गया। इस दौरान एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही।



## सपा पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव बने अनिल कटियार, जोरदार स्वागत हुआ

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र मे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से सपा प्रदेशध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति से अशोक नगर बिल्हौर निवासी सपा के वरिष्ठ नेता अनिल कटियार को समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित कर बनाया गया है।

रविवार को नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष अनिल कटियार कार्यकर्ताओं के बीच पहुँचे कार्यकर्ताओं ने किया जगह-जगह स्वागत। शिवराजपुर क्षेत्र के मानपुर में भी प्रदेश सचिव का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत हुआ। अनिल कटियार ने कहा कि पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक व हर समाज हर वर्ग के पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने की बात सिर्फ समाजवादी पार्टी व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव करते हैं। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई यूपी के मुख्यमंत्री बाबा के बुलडोजर और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान के बीच है। हम सबकों मिलकर देश के संविधान को बचाना है। समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव संविधान को बचाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 2024 की लोकसभा की सीटों को जिताकर अखिलेश यादव की झोली में डालना है। इसी कार्यक्रम में मंधना, चौबेपुर, शिवराजपुर, बिल्हौर अरौल में कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत मानपुर प्रधान सर्वेश कुमार वर्मा, शाहपुर कामा प्रधान डॉ. बिमल पाल, आशीष कठेरिया, राधा रमण यादव अजय कमल, सुरेश कमल, पंकज पाल आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## चोरी की जेवरात के साथ शातिर गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

अपराधियो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तरह अजगैन पुलिस ने एक शातिर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चोरी के जेवरात बरामद किए है। अगजैन थाना अंतर्गत बीते 24 जनवरी की रात्रि केशाना पत्नी राजू निवासी मद्दूखेडा ने अपने घर की छत दाखिल हुए चोरों पर कीमती जेवरात व 5 हजार की नगदी पार करने का मुकदमा दर्ज कराया था। मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक धर्मेन्द्र नाथ मिश्रा ने हमराह फोर्स के साथ सेरसा पसन्दन तिराहा कस्बा नवाबगंज से रवि सिंह पुत्र बलराम सिंह निवासी मद्दूखेडा को तीन अदद लाकेट माला पीली धातु व दो जोड़ी पीली धातु का झाला व दो जोड़ी सफेद धातु की पायल के साथ गिरफ्तार किया है। माल बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी कर जेल भेज दिया गया।

सभी देश एवं क्षेत्र वासियों को
75वें गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अल्ताफ आलम
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत जलालपुर ब्लॉक
बांकेगंज गोला गोकर्णनाथ (खीरी)

सभी जनपदवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ एल आर वर्मा
प्रधानाचार्य
रवि प्रकाश वर्मा
प्रबंधक / पूर्व सांसद
कृषक समाज इंटर कॉलेज, गोला गोकर्णनाथ खीरी

सभी जनपदवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
Anubhav Gupta
Director
Satish Gupta
M.D.
CHILDREN'S ACADEMY SENIOR SECONDARY SCHOOL
(Affiliated to C.B.S.E., New Delhi) GOLA GOKARAN NATH - KHERI

सभी जनपदवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
इंडियन हॉस्पिटल
सिंगाही रोड, रेड रोज पब्लिक स्कूल के पीछे निघासन खीरी
रब्बानी
एमडी
कुंवर राज राजेश्वर सिंह
प्रदेश सर्वोजक भाजपा झंडी राज निघासन खीरी

सभी जनपदवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विकास खण्ड निघासन खीरी
उपदेश वर्मा
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
सुनील पंकज
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी

सभी जनपदवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विकास खण्ड निघासन खीरी
आशीष वर्मा
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
पवन द्विवेदी
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
द्वारिका प्रसाद गायत्री इंटर कालेज एस एम डी पब्लिक स्कूल पलिया रोड निघासन
शिव मुन्नी देवी गया सिंह रंजना सिंह गायत्री महाविद्यालय रकेहटी नगर पंचायत निघासन खीरी
विनोद सिंह
एमडी
यज्ञ भूषण सिंह
व्यवस्थापक
अंकुर पाण्डेय
प्रधानाचार्य

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वीरपाल
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
स्वाती लोधी
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
विकास खण्ड निघासन खीरी

Ajmani International School
Affiliated To C.B.S.E. New Delhi
समस्त देशवासियों को
26 January Republic Day
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
Jasmeet Singh Ajmani 'Vicky'
Brahmjeet Singh Ajmani

समस्त क्षेत्रवासियों व जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मंसूरी फाइनेंसियल सर्विस
सभी प्रकार के लोन कम ब्याज दर पर लखीमपुर खीरी शाहजहांपुर, हरदोई सीतापुर में भी सुविधा उपलब्ध
तालिब मंसूरी
मो.नं.-7860247454
Manager - Mona Mansoori

CHILDREN'S ACADEMY
(Affiliated to C.B.S.E. New Delhi)
GOLA GOKARAN NATH - KHERI
School ADMISSION OPEN FOR 2024
NURSERY TO IX & XI
MATH, BIO & COMMERCE STREAM
Your Kids Deserve The Best Education
Register Now
6393147367
9198106802
9569709276

सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुश्री सुनहरा
जिला संवाददाता
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक जन एक्सप्रेस समाचार पत्र
लखीमपुर खीरी. मो०नं०.7678821315

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
कमलेश
कोटेदार खमरिया कोइलार तिकुनियां खीरी।

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. डॉक्टर इमरान
अजंता हॉस्पिटल
बारसोला बाजार तिकुनिया खीरी

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
साबिर मंसूरी
ग्राम प्रधान-गरवापुर मोहम्मदी खीरी।

सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश शुक्ला
लेखपाल
लखीमपुर खीरी

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय कश्यप
समाज सेवी
लखीमपुर खीरी

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डा.आमिर
अमीरनगर
मोहम्मदी खीरी।

सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
शमसुल हसन
सभासद
मोहल्ला हिदायत नगर वार्ड 24,
नगरपालिका लखीमपुर खीरी।

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय शुक्ला
पूर्व प्रधान बस्तौली
कुम्भी गोला खीरी।

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डा.मनोज शर्मा
अमीरनगर
मोहम्मदी खीरी।

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
महेन्द्र सिंह
प्रधान प्रतिनिधि
कुम्भी खीरी

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अतहर अली
ग्राम प्रधान इब्राहिमपुर
विकास खण्ड बिजुआ
जनपद लखीमपुर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
तनशीर खाँन
ग्राम लखरावा
विकास खण्ड बिजुआ
जनपद लखीमपुर खीरी

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
हसमत अली प्रबंधक
सानिया पब्लिक स्कूल
ग्राम सभा ओदरहना
महेवागंज लखीमपुर खीरी

सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
जावेद अली
(एडवोकेट)
ग्राम प्रधान - बाल्हीह
ब्लाक फूलबहेड, लखीमपुर खीरी।

सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
मुकेश सिंह
ग्राम प्रधान-इटकुटी
विकास खण्ड बिजुआ-खीरी।

सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
छोटे सिंह
ग्राम प्रधान बगिया खेड़ा
विकास खण्ड बिजुआ खीरी।

सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
शिव शंकर जायसवाल
बेलरायां, निघासन-खीरी।

सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अभिषेक पांडे उर्फ नन्हू
सपा नेता
विधानसभा 144 मोहम्मदी खीरी।

सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
मयंक मिश्रा
अधीक्षक स्वास्थ्य केंद्र
मोहम्मदी खीरी।

GREEN FIELD ACADEMY
LOVE - FAITH - SACRIFICE
AFFILIATED TO CBSE & CICSE BOARD
SITAPUR | LAKHIMPUR | HARGAON | MAHEWAGANJ
HAPPY Republic Day
TO ALL THE CITIZEN OF INDIA
9795140247 | 9839161013

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिवम मोबाइल सेंटर
शिवम जियो डिस्ट्रीब्यूटर
शिवम वोडाफोन डिस्ट्रीब्यूटर
रामा इंटरप्राइजेज
इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प गरदहा
इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप मूड़ा गालिब
राजेश कुमार & संजीव कुमार

सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
शाकिब खान
सभासद वार्ड नंबर 9
मोहल्ला सरैया दक्षिणी
मोहम्मदी खीरी।

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
कमलेश
कोटेदार खमरिया कोइलार तिकुनियां खीरी।

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. डॉक्टर इमरान
अजंता हॉस्पिटल
बारसोला बाजार तिकुनिया खीरी

सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अरविंद तिवारी
चौकी इंचार्ज अमीरनगर
थाना मोहम्मदी खीरी।

DOON PUBLIC SCHOOL
OUR ACHIEVERS

सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अली शाहबाज
सपा नेता
लखीमपुर खीरी।

सभी जनपदवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अवधेश कुमार सिंह
एडवोकेट
जिला अध्यक्ष - जिला अधिवक्ता संघ
लखीमपुर-खीरी। मो.9450604504

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अब्दुल हसीब उर्फ पुत्तन
प्रधान ग्राम पंचायत बड़ागांव
ब्लाक नकहा
जिला लखीमपुर-खीरी।

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्लाईबुड फैक्ट्री
गोला रोड लखीमपुर खीरी
नरसिंहपुर भैया & अभिषेक भैया

सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
शान्तनु गुप्ता उर्फ शानु
सपा नेता
विधानसभा 144 मोहम्मदी खीरी।

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
असफाक अली
प्रधान ग्राम पंचायत परसेहरा खुर्द
विकास खण्ड बेहजम खीरी

सभी कृषक भाइयों को सहकारी गन्ना विकास समिति की ओर से 75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आशुतोष मधुकर ज्येष्ठ
गन्ना विकास निरीक्षक
वेद प्रकाश सिंह
जिला गन्ना अधिकारी
बलवंत कुमार
सचिव
सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड गोला गोकर्णनाथ (खीरी)